kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-115 ❒ सोमवार, 25 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



श्री गांधी अराजकता के ज़रिए सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साज़िश को कभी कामयाब नहीं होने देगी। मोदी सरकार को 140 करोड़ देशवासियों का अटूट विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त है। यह सरकार इसी तरह लोगों की सेवा करती रहेगी और राष्ट्रहित में काम करती रहेगी। संबित पात्रा

द्विशा शर्मा मौत मामला : 12 दिन बाद हुआ अंतिम संस्कार 11

सनातन संस्कृति और सेवा भावना का केंद्र बनेगी आनंद धर्मशाला : धामी 12

## संक्षेप

### अब गैस पंपों पर भी सटीक ईंधन वितरण का होगा सत्यापन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विधिक विधिक माप विज्ञान नियम 2013 में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ा दिया है। इसके बाद सरकार से मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्रों के जरिये पेट्रोल-डीजल पंपों के साथ ही गैस (सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन) पंपों व वितरण प्रणाली में ईंधन डिस्पेंसर (वे मशीनें जिनसे ईंधन निकलता है) का भी सत्यापन किया जाएगा। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। बताया कि इसका मकसद स्वच्छ ईंधन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और उपभोक्ताओं को ईंधन की सटीक मात्रा व गुणवत्ता में पारदर्शिता उपलब्ध कराना है। बयान में कहा गया, 'इस कदम से सत्यापन सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने, क्षमता में सुधार होने और देशभर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### लेखपाल भर्ती परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर होगी एफआईआर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत ने कहा है कि लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती की परीक्षा पारदर्शी तरीके से हुई है। इसके बाद भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है। आयोग ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर कराएगा। आयोग की ओर से रविवार को कहा गया है कि गलत मंशा से प्रेरित होकर परीक्षा की शुचिता को लेकर भ्रामक विश्लेषण व प्रचार किया जा रहा है। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अफवाहों पर अभ्यर्थी ध्यान न दें। यह भी स्पष्ट किया है कि इस तरह की गुमराह करने व अभ्यर्थियों को भड़काने वाली खबर फैलाने वालों के खिलाफ आयोग और पुलिस प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

### अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा चाक-चौबंद

**उधमपुर।** आगामी अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाया जा रहा है। वहीं रियासी और उधमपुर जिलों के संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। रियासी-उधमपुर रेंज के डीआईजी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा, माता वैष्णो देवी और शिवखोड़ी यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा तीन जुलाई से अनंतनाग के पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल के बालटाल मार्ग से शुरू होगी तथा 28 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन संपन्न होगी। सुरक्षा एजेंसियां संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रख रही हैं। खुफिया सूचनाओं के आधार पर तलाशी अभियान और चौकसी बढ़ाई गई है। लोगों से सहयोग की अपीलडीआईजी ने कहा कि स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों या व्यक्तियों की सूचना तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की गई है।

## महापौर ने सपा पार्षद ललित किशोर तिवारी को दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को नगर निगम मुख्यालय में फैजुल्लागंज वार्ड से ललित किशोर तिवारी को पार्षद पद की शपथ दिलाई। हाईकोर्ट से केस जीतने के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने सपा पार्षद ललित किशोर तिवारी को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ललित किशोर तिवारी को शपथ ना दिलाने के कारण लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के सभी वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। इसके बाद रविवार को मेयर ने सपा पार्षद को शपथ दिलाई। निकाय चुनाव 2023 में



सपा प्रत्याशी ललित किशोर तिवारी भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप शुक्ला से चुनाव हार गए थे। प्रदीप शुक्ला ने हलफनामे में अपनी दूसरी शादी की बात छुपाई थी। कोर्ट में हलफनामे को चुनौती दी गई। अंततः कोर्ट ने प्रदीप शुक्ला का निर्वाचन रद्द कर दिया और ललित को पार्षद घोषित करने का आदेश दे दिया। पार्षद ललित किशोर तिवारी ने हाईकोर्ट का आभार जताते हुए कहा कि हमें न्याय मिला है। जनता की समस्याओं को उठाने का प्रयास करूंगा

## अमेरिका-ईरान 60 दिन के युद्धविराम समझौता मंजूरी के करीब

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी। दोनों देशों के बीच हो सकता है युद्धविराम का ऐलान वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका और ईरान के बीच 60 दिन के युद्धविराम समझौता अपने अंतिम चरण में है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी बची हुई कमियों को दूर करने और इस क्षेत्र में तनाव को और बढ़ने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के तेल की बिक्री फिर से शुरू करना शामिल है।

एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का मसौदा काम के बदले राहत की सख्त कूटनीतिक व्यवस्था पर आधारित है। अगर इसे लागू किया जाता है, तो यह समझौता तुरंत ही होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण रास्ते को

### यूरेनियम पर बातचीत करेगा ईरान



फिर से खोल देगा, वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ रहे दबाव को कुछ समय के लिए कम करेगा, और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से खत्म करने पर बातचीत करने के लिए 60 दिन की समय-सीमा तय करेगा। अमेरिकी अधिकारी ने इस व्यवस्था को शर्तों पर आधारित बताया और कहा, ईरान जितनी तेजी से बारूदी सुरंगों को हटाएगा और पोतों की आवाजाही फिर से शुरू होने देगा, उतनी ही तेजी से नाकाबंदी हटा ली जाएगी। खबरों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मध्यस्थ, दोनों का ही मानना है कि इस बारे में घोषणा रविवार को हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार यह समझौता 60 दिन के 'समझौता ज्ञापन' ● शेष पेज 11 पर

### व्हाइट हाउस पर गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया। बाद में अस्पताल में ● शेष पेज 11 पर


### भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री का बड़ा बयान

## भारत की कीमत पर किसी देश को तरजीह नहीं : रूबियो

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत-अमेरिकी संबंधों की मजबूती को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समेत अन्य देशों के साथ वॉशिंगटन की बातचीत नई दिल्ली के साथ उसकी दीर्घकालिक रणनीति साझेदारी की कीमत पर नहीं होगी। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों और भारत में आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी सेना प्रमुख की अमेरिका में आवभगत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान से रिश्तों और भारत से रणनीतिक साझेदारी के अंतर को समझाने की कोशिश की। भारत यात्रा पर आए रूबियो ने रविवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक की।

बाद में संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि भारत एवं अमेरिका के संबंध कमजोर नहीं हुए हैं, बल्कि आने वाले वर्षों में और मजबूत होकर उभरेंगे। अमेरिका को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच काफी समय से लंबित व्यापार समझौता जल्द ही मूर्त रूप ले लेगा। रुबियो ने यह भी कहा कि लगभग सभी प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर दोनों पक्ष रणनीतिक रूप से एकमत हैं। दोनों देश साझा हितों के मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने और गहन जुड़ाव स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नस्लीय टिप्पणियों पर जताई चिंताअमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकियों पर नस्लीय टिप्पणियों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में रुबियो ने कहा कि हर देश में कुछ ऐसे मूर्ख लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऐसी टिप्पणियां किसने की, लेकिन वे इसे गंभीरता से लेते हैं। रुबियो ने कहा कि



आमतौर पर अमेरिका प्रवासियों का स्वागत करने वाला देश है तथा यह घटना अमेरिका के चरित्र को नहीं दर्शाती है। एच1बी वीजा नीति भारत केंद्रित नहीं अमेरिका में एच1बी वीजा और अन्य आव्रजन बदलावों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आव्रजन प्रणाली में बलादव एक वैश्विक प्रयास है। ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिका अपने हितों से प्रेरित तो भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों से बंधा है : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत तथा राष्ट्रीय हितों से प्रेरित बताते हुए कहा है कि दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध हैं तथा इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में वह संतुलन बनाते हुए सभी के साथ संबंधों को महत्व देता है। श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के मामले में भारत सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देता है। भारत यात्रा पर आये अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ के संदर्भ में एक रणनीतिक साझेदारी है जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों की समानता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि लेकिन ट्रंप प्रशासन ने अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को 'अमेरिका फर्स्ट' के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखा है। वहीं जहाँ तक भारत का संबंध है, हमारा दृष्टिकोण 'इंडिया फर्स्ट' का है। ● शेष पेज 11 पर

## आगामी यूपी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी जी जान से जुटें कार्यकर्ता: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को यूपी विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कोई कसरन छोड़े और पूरे जी जान से वोट की सुरक्षा करें।

बसपा प्रमख मायावती ने रविवार को यहां 12 माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कोआर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में चुनाव जिस प्रकार की नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसको देखते हुए पार्टी की तैयारियों के हर स्तर पर और भी चुस्त-



दुरुस्त और मुस्तैद बनाने की जरूरत है। ताकि पार्टी के पक्ष में बढ़ते हुए जन रुझान के फलस्वरूप यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाने का मिशनरी लक्ष्य सुनिश्चित हो सकें। बसपा प्रमुख ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सन 2007 की तरह पूरी तरह डटकर विरोधियों का सामना करना है और प्रत्याशियों के चयन में सावधानी बरतनी होगी। प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए मायावती ने कहा कि पूरी जी जान से वोट की सुरक्षा करना है। मायावती ने कहा कि अभी हाल में ही सम्पन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जो कुछ हुआ व जिस प्रकार से हुआ उसका संज्ञान लेने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब राज्य में अगले वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है। पिछले चुनाव से सबक सीखकर आगे बढ़ना होगा, जब ● शेष पेज 11 पर

### सैन्य क्षमता के विकास में आत्मनिर्भरता जरूरी : वायुसेना प्रमुख

बेंगलुरु । वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मजबूत और स्वदेशी सैन्य क्षमताओं के विकास के लिए आत्मनिर्भरता को एक रणनीतिक आवश्यकता बताया। वे शनिवार को आयोजित 48वें उड़ान परीक्षण पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वायुसेना परीक्षण पायलट स्कूल से 11 परीक्षण पायलटों और छह उड़ान परीक्षण अभियंताओं ने 48 सप्ताह के पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद स्नातक की उपाधि प्राप्त की। मजबूत स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को विकसित करने के लिए आत्मनिर्भरता को एक रणनीतिक जरूरत बताते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि परीक्षण दल पर देश के स्वदेशीकरण अभियान को आगे बढ़ाने और एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने ● शेष पेज 11 पर

## फलता सीट एक लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा जीती

एजेंसी

❒ विधानसभा में पार्टी की सीटों की संख्या 208 हुई

फलता (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल के फलता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही सदन में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर 208 हो गई। भाजपा प्रत्याशी देबांग्शु पांडा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उम्मीदवार शंभू नाथ कुर्मी के खिलाफ 1,09,021 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। फलता में 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के दौरान अनियमितताओं की शिकायतों के बाद दोबारा मतदान कराया गया था।

इस मुकाबले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार जहांगीर खान चौथे स्थान पर रहे। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के कुछ दिनों बाद ही जहांगीर खान ने घोषणा कर दी थी कि वह उपचुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं। उन्होंने इस विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के काम की तारीफ की थी। पांडा ने कहा कि फलता के लोगों ने भाजपा पर अपना आशीर्वाद बरसाया है। मैं फलता के लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं। इस विधानसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव के लिए मतदान 21 मई को कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ और इसमें लगभग 88.13 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। पांडा ● शेष पेज 11 पर


## 54 जिलों में लू का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 10 जिलों में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मौसम में तपिश बढ़ती जा रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आमजन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 54 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है और इनमें से 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी भी दी गई है। स्थिति यह है कि सामान्य दिनों के मुकाबले सड़कों पर चहल पहल कम है और अधिकांश समय सन्नाटे जैसी स्थिति बनी रहती है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में मामूली उतार चढ़ाव की संभावना जतायी है।

उत्तर प्रदेश के लोगों को आज भी लू और गर्मी से राहत मिलने के आसार दिखते नजर नहीं आ रहे हैं। रविवार को सुबह से ही गर्म हवाएं चल रही हैं और तेज धूप से लोग बेहाल हो रहे हैं। तापमान बढ़ता जा रहा है। शनिवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला एक बार फिर बांदा दर्ज हुआ था , जहां का अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरे नंबर पर रहे



प्रयागराज में 46 और झांसी में 44.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। आज 24 मई को भी तापमान की स्थिति में खास बदलाव नजर नहीं आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य असम में एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है, जिसके प्रभाव से दिल्ली से सटे जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 54 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें 10 जिलों में रेड अलर्ट है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौसम में ● शेष पेज 11 पर

### बढ़ती बिजली मांग के बीच उत्पादन क्षमता बढ़ाने और सभी इकाइयों को पूरी दक्षता से संचालित करने के निर्देश

## गांव हो या नगर, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे।

मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत



उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13 हजार 388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से तीन हजार 742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की दक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखा जाए तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास वर्तमान में 60,858 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें संचालित हैं। प्रदेश में 715 उपकेंद्रों के माध्यम से 2,05,632 एमवीए क्षमता उपलब्ध है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता 99.30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पारेषण हानियां घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह तथा उपभोक्ता केंद्रित बनाया जाए। उन्होंने फीडर वाइज जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने, फीडर बाधित होने अथवा शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आंधी-तूफान और अत्यधिक तापमान जैसी परिस्थितियों के बावजूद फील्ड स्तर पर त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने भूमिगत केबल वाले स्थलों पर खुदाई से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से विधिवत स्वीकृति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफॉर्मर क्षति की घटनाओं में कमी को सकारात्मक बताते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-23 की तुलना में पावर ट्रांसफॉर्मर क्षति में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2022-23 में 429 पावर ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, जबकि वर्ष 2025-26 में ● शेष पेज 11 पर

## यूपी पंचायत चुनाव : 26 मई को खत्म हो रहा ग्राम पंचायतों का कार्यकाल

# ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अटकलबाजी खत्म हो गई है। प्रदेश में पंचायत चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। प्रदेश की 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो रहा है। अंतिम दिन से पहले ही पंचायतीराज विभाग ने प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए शासन को भेज दिया है। माना जा रहा है कि सैद्धांतिक रूप से हरी झंडी मिल गई है और कार्यकाल खत्म होते ही जिलाधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। यह पहली बार होगा जब ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया जाएगा। इसके पहले तक एडीओ पंचायत ही प्रशासक नियुक्त होते रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2026 अब विधानसभा चुनाव 2027 के बाद ही होंगे। इसकी वजह यह है कि पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया तय करने के

- पंचायत राज विभाग ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा
- विधानसभा चुनाव के बाद होंगे पंचायत चुनाव

लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करने में देरी से पंचायत चुनाव का समय निकल गया और अब 26 मई को प्रदेश की 57, 694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। इसके बाद कामकाज देखने के लिए प्रशासकों की नियुक्ति होगी। पंचायत राज विभाग ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है और जानकारी मिली है कि इस प्रस्ताव को राज्य सरकार ने मान भी लिया है। ऐसे में ग्राम प्रधान अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के प्रशासक बनेंगे।

पंचायत राज विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक



नामित किए जाने के प्रस्ताव पर कहा कि ऐसा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा चुका है। अंतिम फैसला शासन स्तर से होगा और वहां से निर्देश मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। वहीं इस मुद्दे पर पंचायती राजमंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव न होने की दशा में विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग का विचार है कि ग्राम प्रधान के नेतृत्व में प्रशासक नियुक्त किया जाए। वैसे इस पर मुख्यमंत्री जो भी उचित होगा इस पर निर्णय लेंगे।

पंचायतों में आरक्षण तय करने के लिए सरकार ने समर्पित पिछडा वर्ग आयोग का गठन कर दिया है। यह आयोग अपनी रिपोर्ट देगा और माना जा रहा है कि इसमें कुछ माह का समय लगेगा। इसके बाद सीटों का आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। यह प्रक्रिया होते होते विधानसभा चुनाव आ जाएंगे ओर विधानसभा चुनाव कराना पहली प्राथमिकता होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव विधासनसभा चुनाव 2027 के बाद होंगे, विधानसभा चुनाव अगले साल जनवरी-फरवरी में प्रस्तावित है।

### ग्राम प्रधानों को राहत

ग्राम प्रधानों को डर सता रहा था कि अगर अधिकारियों को प्रशासक पद पर नियुक्त किया गया तो ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित होंगे, लेकिन अब ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नामित किए जाने की तैयारी से लग रहा है कि ग्रामों के कार्य जारी रहेंगे। ग्राम प्रधान संघ ने भी जगह-जगह सभाएं करके प्रधानों को ही प्रशासक नामित करने की मांग की थी।

# बीबीडी क्षेत्र में खुलेआम चल रहा अवैध मिनी बार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीबीडी, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की कथित मिलीभगत से अवैध मिनी बार संचालित होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अनोरा कला स्थित अयोध्या रोड पर संचालित कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान पर बिना मॉडल शॉप लाइसेंस के खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान के बाहर देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर दुकान के बाहर ही शराब पिलाई जा रही है, जबकि ऑन-साइट शराब सेवन कराने के लिए अलग से मॉडल शॉप लाइसेंस अनिवार्य होता है। मामले को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है। लोगों का सवाल है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध खेल चल रहा है। सूत्रों का दावा है कि कथित तौर पर बीबीडी पुलिस इंस्पेक्टर का करीबी होने के चलते वह वर्षों से एक ही क्षेत्र में जमे हुए हैं। आरोप यह भी हैं कि कथित सेटिंग और आर्थिक लाभ के कारण जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने से बच रहे हैं। वहीं आबकारी विभाग और पुलिस की चुप्पी से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध रूप से संचालित मिनी बार पर कार्रवाई की मांग की है।

# वैज्ञानिक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है विद्यार्थी विज्ञान मंथन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2026-27 की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को एल्डिको स्थित पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज में किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन' की विवरणिका एवं पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान भारती के संगठन मंत्री अंकित राय, महासचिव एवं आईआईटीआरके के प्रधान वैज्ञानिक रजनीश चतुर्वेदी, वीवीएम जोनल कोआर्डिनेटर शर्मिला सिंह, राज्य समन्वयक प्रदीप नारायण मिश्र, नीरज यादव एवं डॉ. आशुतोष तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विज्ञान भारती, एनसीईआरटी एवं एनसीएसएम के तत्वावधान में आयोजित होने वाली परीक्षा की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यशाला में प्रदेश के 27 जनपदों से आए जिला समन्वयक एवं विज्ञान शिक्षक शामिल हुए। बैठक में विद्यार्थियों के बीच विज्ञान के प्रति




रुचि बढ़ाने तथा अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मनीष वर्मा, डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी, राधेश्याम, अभिषेक कुमार, अयोध्या विमलेश कुमार शुक्ला, इं. राजेश कुमार सिंह, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. शिल्पी वर्मा, सुधीर कुमार त्रिपाठी, विनीत श्रीवास्तव, रंजना मिश्रा, पूनम श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, हेमंत कुमार यादव, सुमन भटनागर, विभा सिंह, अमित सक्सेना, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनीता पाठक एवं डॉ. नीलम निगम मौजूद रहीं।

# 414 शक्ति केंद्रों पर भाजपा की मासिक बैठकें सम्पन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा रविवार को महानगर के सभी 414 शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मध्य विधानसभा के मध्य-1 मंडल स्थित रफी अहमद किदवई शक्ति केंद्र पर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित बैठकों से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा, समन्वय और संगठन के प्रति सक्रियता बढ़ती है। उन्होंने आगामी अभियानों और कार्यक्रमों में पूरी सहभागिता निभाने का आह्वान किया। वहीं कैंट-1 के गुरु नानक नगर-बी शक्ति केंद्र पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि शक्ति केंद्र संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निष्ठा के साथ करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और इसकी सबसे बड़ी ताकत



बूथ व शक्ति केंद्र स्तर के समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को शक्ति केंद्र और अंतिम रविवार को बूथ की बैठक आयोजित की जाएगी। अंतिम रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के बाद बूथ बैठक संपन्न होगी।

बैठकों में विभिन्न विधानसभा और मंडलों के शक्ति केंद्रों पर अतिथि वक्ताओं की भी जिम्मेदारी तय की गई। मध्य-3 के यहियागंज सेक्टर-ए पर डॉ. श्वेता सिंह, मध्य-4 के मालवीय नगर-ए पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा और मालवीय नगर-बी पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता उपस्थित रहे। पश्चिम-1 के सआदतगंज शक्ति केंद्र पर अंजनी श्रीवास्तव तथा पश्चिम-2 के लालजी टंडन-ए शक्ति केंद्र पर राहुल राज रस्तोगी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा कैंट-2 के राम जानकी नगर में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व-1 के गोमतीनगर-बी में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, राजीव गांधी-2 ए पर प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, चिनहट-2 ई पर प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता तथा उत्तर-5 के जानकीपुरम-2 में विधायक डॉ नीरज बोरा अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# बकरीद को लेकर कोरांव इंस्पेक्टर ने की पीस कमेटी बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। बकरीद त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर नवांगतुक थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक ली।

बैठक में इंस्पेक्टर ने अपने स्टाफ के साथ क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की समस्या या दिक्कत के बारे में पूछताछ की और तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान डीसीपीसी के पदाधिकारियों के साथ भी अलग से बैठक की गई। बैठक में अतिरिक्त इंस्पेक्टर कुमुद कांत तिवारी, उपनिरीक्षक सेवा लाल, उपनिरीक्षक शशि प्रकाश यादव समेत थाना का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्रों और संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) प्रारंभिक परीक्षा-2026 के मद्देनज़र पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा ने संबंधित थाना प्रभारियों, यातायात पुलिस एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जनपद वाराणसी स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों, प्रमुख चौराहों, तिराहों और संवेदनशील स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न हुई। कमिश्नरेट वाराणसी क्षेत्र में कुल 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 16,121 अभ्यर्थियों ने परीक्षा



में भाग लिया। अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की बड़ी संख्या में आवाजाही को देखते हुए शहर में यातायात दबाव और भीड़भाड़ की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए व्यापक पुलिस एवं यातायात व्यवस्था लागू की गई। निरीक्षण के दौरान प्रथम पाली में राजकीय विद्यालय मलदहिया-सिगरा और एओ मुस्लिम कॉलेज लल्लापुरा तथा द्वितीय पाली में जेपी मेहता इंटर कॉलेज कैंट और कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज नदेसर सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया।

इस दौरान प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों की कतार प्रबंधन प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, ड्यूटी प्वाइंट, सुरक्षा प्रबंध एवं यातायात संचालन का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष सतर्क निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

# 15 जुलाई तक गृहकर जमा करने पर मिलेगी 12 प्रतिशत तक की छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम वाराणसी द्वारा गृहकर, जलकर और सीवर कर समय से जमा करने वाले भवन स्वामियों को विशेष छूट दी जा रही है। निगम प्रशासन ने 15 जुलाई तक कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है।

डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 का कर ऑनलाइन जमा करने वाले भवन स्वामियों को अतिरिक्त दो प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। इस प्रकार ऑनलाइन भुगतान करने पर कुल 12 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। 25 और 26 मई को 'डॉ. बीसी रॉय हॉल, आईएमए भवन, लहुराबीर' में दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में चिकित्सा संस्थान अपनी अनुज्ञप्ति शुल्क

- नगर निगम ने करदाताओं के लिए शुरू की विशेष सुविधा

(लाइसेंस) के साथ गृहकर, जलकर और सीवर कर भी जमा कर सकते हैं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि 7 मई से अब तक लाखों भवन स्वामियों को इस छूट योजना का लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं ने 1 अप्रैल से 6 मई के बीच कर जमा किया था, उनकी छूट की राशि अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित कर दी जाएगी। ऐसे करदाताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस बार सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए विशेष श्रेणी के करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। नगर निगम द्वारा शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पद्म पुरस्कार से सम्मानित नागरिकों को गृहकर, जलकर और सीवर कर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

# एनसीसी छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में 16 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 600 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज जोगेंद्र कुमार सिंह और पुलिस उपायुक्त नीरज पाण्डेय के निर्देशन में ब्रज बिहारी सहाय विद्या मंदिर, कादिलपुर में आयोजित किया गया। प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कर्नल निशांत बरियार, कैंप कमांडेंट, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान, निरीक्षक पवन पाण्डेय ने जीवन के मूल्यों और सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले जानमाल के नुकसान पर प्रकाश



डाला। उन्होंने बताया कि नियमों की अनदेखी के कारण साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित यात्रा एक बड़ी चुनौती बन गई है।पवन पाण्डेय ने छात्रों को सलाह दी कि कार चालक सीट बेल्ट और दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। उन्होंने सड़क पर अन्य वाहनों से निश्चित दूरी बनाए रखने, दिशासूचक बोर्डों और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वाहन चलाते समय नशे से बचने और इयरफोन का उपयोग न करने की चेतावनी दी, क्योंकि यह बेहद खतरनाक हो सकता है।

निरीक्षक पाण्डेय ने छात्रों के यातायात संबंधी प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने बच्चों को 'गुड सेमिरिटन' (नेक मददगार) और यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धांतों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस कार्यशाला में समाजसेवी नितीश शुक्ल और मधुकर पाण्डेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# 90% से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को सआदतगंज के मंसूर नगर मे डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अचीवमेंट अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। ये कार्यक्रम हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरमान खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी हाजी मिर्ज़ा जफर हुसैन की ओर से बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करना नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करता है। विधायक अरमान खान ने कहा आज का ये कार्यक्रम




शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालो छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था जो की एक बहुत अच्छा कार्यक्रम था इससे सभी छात्र छात्राओं की हौसला अफ़ज़ाई होगी और आगे वह और भी मन लगा कर पढ़ाई करेंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया की ग़रीब छात्र छात्राओं की फ़ीस के लिए, उनके कोर्स के लिए उनकी पढ़ाई के लिए जो भी उनकी ज़रूरत होती है वो तमाम काम हमारे द्वारा किये जाते हैं और ये काम खिदमदे खल्क के नज़रिए से किये जाते हैं सियासत के नज़रिए से नहीं। उन्होंने कहा लड़कियों को भी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है क्योंकि एक लड़की अगर पढ़ेगी तो उससे एक पूरी नस्ल को शिक्षा के क्षेत्र में फ़ायदा होगा वो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकेगी इसको लेकर आज लोगों में काफ़ी जागरूकता आ चुकी है। बच्चों को सम्मानित किये जाने से कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर की। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नजमुल हसन नजमी, कल्बे सिब्तैन नूरी, हैदर अब्बास रिज़वी सूचना आयुक्त, कांग्रेस नेता मेहदी हसन बबलू, व बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी उपस्थित रहे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूरनपुर देहात थाना क्षेत्र के रजागंज वार्ड निवासी मुनीम शाह पुत्र बाबू शाह द्वारा एक शपथ पत्र के माध्यम से अपनी पुत्री नगमा बी से पारिवारिक संबंध विच्छेद कर रहा हूं। संबंधित पुत्री के व्यवहार एवं गतिविधियों से असंतुष्ट होकर उसे परिवार की समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल किया गया है। साथ ही यह भी घोषित किया गया है कि भविष्य में उसके किसी भी कार्य, लेन-देन, विवाह अथवा अन्य गतिविधियों के लिए परिवार अथवा परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे। मुनीम शाह रजागंज वार्ड, पूरनपुर देहात, जनपद पीलीभीत।

# जमीन की रजिस्ट्री के लिए दिव्यांग बुजुर्ग का अपहरण करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ रास्ते भर बनाते रहे जमीन लिखने का दबाव

❒ कार के अंदर से शोर मचाने पर सक्रिय हुए ग्रामीण, पीछा कर बुजुर्ग को छुड़ाया

❒ मदद करने वालों से भी मारपीट का आरोप, तहरीर के बाद भी एफआईआर नहीं

बख्शी का तालाब, लखनऊ। सैरपुर थाना क्षेत्र में जमीन कब्जाने की नीयत से दिव्यांग बुजुर्ग के कथित अपहरण का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया। गांव के ही दबंग युवक और उसके साथियों पर फॉर्चूनर कार में जबरन उठाकर ले जाने, जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराने का दबाव बनाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। ग्रामीणों की सतर्कता से बुजुर्ग को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया जा सका।

पीड़ित 60 वर्षीय राम सेवक ने सैरपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे वह घर में आराम कर रहे थे। तभी गांव के ही अमरेंद्र यादव उर्फ पप्पू बाबा अपने दो साथियों के साथ फॉर्चूनर कार से पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने जबरन उन्हें उठाकर कार में डाल लिया और तेजी से वहां से निकल गए।राम सेवक के मुताबिक कार में बैठाने के बाद आरोपी लगातार उनकी जमीन अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाते रहे। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने किसी तरह मोबाइल से परिजनों को सूचना देने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने मोबाइल छीन लिया।पीड़ित ने बताया कि रैथा रोड स्थित धनीराम मार्केट के पास पहुंचने पर उन्होंने कार के अंदर से जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कार का पीछा कर उसे रुकवाया और बुजुर्ग को बाहर निकाला।

आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने बुजुर्ग की मदद कर रहे मुलायम यादव समेत अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। मौके पर भीड़ बढ़ती देख आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत सैरपुर थाने में दी है। उनका आरोप है कि गंभीर धाराओं का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की। इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं एडीसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है,सम्बंधित थाने को जांच कर कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया गया है।

# उचित मुआवजे की मांगकर सौंपा ज्ञापन

❒ भूमि अधिग्रहण, मुआवज़ा व सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित नागरिकों की समस्याएं उठाईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र बेहटवा के वरिष्ठ बीजेपी नेता अखिलेश यादव उर्फ सोनू शनिवार को बेहटवा स्थित बाला जी ढाबे पर पहुंचे सरोजनी नगर तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया गया जिसमें अखिलेश यादव उर्फ (सोनू) ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र अमौसी स्टेशन रोड मार्ग के प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यवसाई भूमिधरों एवं स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और मांग की कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य सेंटर लाइन से दोनों ओर समान रूप से कराया जाए तथा प्रभावित लोगों को नियमानुसार उचित मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अखिलेश यादव उर्फ (सोनू)ने पुराने राजस्व अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष पैमाइश एवं स्थानीय नागरिकों के हितों की सुरक्षा की भी मांग रखी।सरोजनी नगर के नादरगंज और अमौसी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, भूमि अधिग्रहण और उचित मुआवजे से जुड़ी स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए बीजेपी नेता अखिलेश यादव उर्फ सोनू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सरोजनी नगर तहसीलदार से मुलाकात की।प्रमुख माँगें समान चौड़ीकरण सड़क चौड़ीकरण का कार्य सड़क की सेंटर लाइन से दोनों ओर समान रूप से करने की माँग की गई है।उन्होंने कहा उचित मुआवजा निर्माण से प्रभावित व्यवसाई भूमिधरों और स्थानीय नागरिकों को नियमानुसार उचित मुआवजा और क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है और निष्पक्ष पैमाइश पुराने राजस्व अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष पैमाइश माप करने की माँग उठाई गई है ताकि स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा हो सके। सरोजनी नगर तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव द्वारा उचित मुआवजा दिलाए जाने का दिया आश्वासन इस अवसर पर अखिलेश यादव उर्फ सोनू इंद्रजीत यादव,प्रदीप यादव, दीपक यादव, महताब यादव,अनुज यादव,अरविंद यादव बड़ी संख्या में पीड़ित उपस्थित रहे।

# बाइक टकराने पर विवाद, युवक को दौड़ाकर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सही से गाड़ी चलाने की नसीहत पर भड़के युवक, जातिसूचक टिप्पणी का भी आरोप

❒ मोबाइल टूटा, सोने की चेन गिरने की शिकायत, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर हाईवे रोड पर बाइक टकराने के बाद मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने एक युवक को जातिसूचक गालियां देते हुए बुरी तरह पीट दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अर्जुनपुर क्षेत्र निवासी राज रावत के मुताबिक वह सड़क पार कर दही लेने जा रहा था। इसी दौरान बख्शी का तालाब की ओर से तेज रफ्तार में आए तीन बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गिर पड़ा। आरोप है कि जब उसने युवकों से सही तरीके से वाहन चलाने की बात कही तो वे आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि युवकों ने जातिसूचक टिप्पणियां करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। बताया गया कि समझौते की बातचीत चल रही थी, तभी आरोपित युवकों ने अपने कुछ और साथियों को बुला लिया। इसके बाद अर्जुनपुर चौराहे पर फिर विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई।मारपीट के दौरान पीड़ित का मोबाइल फोन टूट गया, जबकि उसकी सोने की चेन भी गिर गई। वहीं, मौके पर मौजूद दुकानदारों और ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित ने इटौंजा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधायक ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाने के संकल्प के साथ आज स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा द्वारा क्षेत्र के जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में विभिन्न सड़क व नाली निर्माण कार्यों का भव्य शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कुल ?1,02,44,000 (1 करोड़ 2 लाख 44 हजार) की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को जलभराव व खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिलेगी। रविवार सुबह आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम के तहत विधायक डा. नीरज बोरा ने कुल तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी प्रातः 07:00 बजे जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के अंतर्गत जानकीपुरम गार्डन में श्रीमती सुमन मिश्रा के घर से श्री अज्जू के घर तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत ?22.77 लाख है।

प्रातः 07:30 बजे इसी वार्ड के जानकीपुरम गार्डन में श्री राम जानकी मंदिर तिराहे से श्री एस.एस. ओझा के घर होते हुए सहारा स्टेट गेट नंबर-02 तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। यह इस क्षेत्र की एक प्रमुख मांग थी, जिसे ?69.70 लाख की लागत से पूरा किया जा रहा है।

प्रातः 08:00 बजे जानकीपुरम गार्डन में ही प्रभाकर गुप्ता के घर के सामने वाली सड़क व नाली निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जिसकी लागत ?9.97 लाख है। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने सर्वप्रथम देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के तपस्वी मुख्यमंत्री योगी जी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 'लखनऊ उत्तर' के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत स्वीकृत ये तीनों कार्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाएंगे। गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण हमारी प्राथमिकता है ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।'' कार्यक्रम में सतीश वर्मा, सुशील सिंह, राकेश सिंह, पार्षद राजकुमारी मौर्या, एस एस ओझा, सुरेश मिश्रा, दाताराम शुक्ल, सी के वर्मा, राकेश पांडे, पूर्व पार्षद कैलाश यादव, निवास त्रिपाठी, सर्वेश सिंह, दिव्यांशी शुक्ला, रंजना दुबे, मीरा पांडे एवं भारी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, लोक निर्माण से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा की शक्ति केंद्र बैठक महर्षि नगर में हुई सम्पन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केंद्र बैठक राहुल टिम्बर स्टोर महर्षि नगर मे हुई संपन्न। संगठन के दायित्व का निर्वहन करते हुए मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य जी के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र फैजुल्लागंज 1ए, एवं फैजुल्लागंज 1डी, पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में फैजुल्लागंज प्रथम की लोकप्रिय पार्षद रश्मि सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी गीतेश मिश्रा राहुल, शक्ति केंद्र संयोजक मुन्ना सिंह चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक एन पांडेय, राम दुलारी गुप्ता, राकेश मिश्रा, मूल चंद्र मिश्रा, स्वामी दयाल, अमित सिंह, लक्ष्य प्रताप सिंह, दिनेश दीक्षित, सोनू रावत, रवि सिंह, अशोक गुप्ता सभी बूथ अध्यक्ष एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बूथ सशक्तिकरण पर सार्थक चर्चा हुई।

## छत निर्माण के दौरान फायरिंग और मारपीट से इलाके में दहशत, रिटायर्ड फौजी समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**चिनहट, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में मकान निर्माण के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी और लोहे की रॉड व हथियारों से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने रिटायर्ड फौजी समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचनपुर मटियारी निवासी अभिनेश कुमार यादव ने चिनहट थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 23 मई 2026 की शाम करीब 8:30 बजे उनके मकान पर दूसरी मंजिल की छत डालने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी संतोष कुमार सिंह अपनी पत्नी सीमा सिंह और अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते अवैध असलहा निकाल लिया और उनके भाई अरुण कुमार यादव पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हालांकि गोली उन्हें नहीं लगी। इसके बाद आरोपियों ने लोहे की रॉड और हथियारों से हमला कर दिया, जिससे अरुण यादव घायल हो गए। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी संतोष कुमार सिंह खुद को रिटायर्ड फौजी बताते हुए लगातार धमकी देता है। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामला शांत हो सका। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम भदोई, पोस्ट मवई पडियाना में रविवार सुबह एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश (49 वर्ष) पुत्र सुरेन्द्र नाथ ने अपने घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना आज सुबह लगभग 05:45 बजे थाना बंथरा पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां परिजनों द्वारा शव को पहले ही नीचे उतार लिया गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक पेशे से हलवाई था। उसके परिवार में पत्नी, लगभग 18 वर्षीय पुत्री और करीब ढाई वर्ष का एक पुत्र है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। थाना बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## इकना स्टेडियम के पास पाया गया अज्ञात पुरुष का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अहमामऊ गांव स्थित इकाना स्टेडियम के पास रविवार की शाम एक पुलिस का शव देखा गया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मौके पर जांच करने से पाया गया कि एक अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 30 35 वर्ष व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है जो देखने से 3 -4 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। देखने से नशेड़ी या विक्षिप्त लग रहा है, चींटियाँ और कीड़ों ने शव को क्षत विक्षत कर दिया है । मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कार्यवाही व शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन देर शाम तक शिनाख्त नही हो सकी। स्थानीय लोगो की माने तो मृतक के शरीर पर चोट के निशान है उनका मानना है कि हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया। आसपास झाड़ियों के कारण शव पर किसी की नजर नही पड़ रही थी। पुलिस इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाईं करने की बात कह रही है।

# भाई-भतीजों की निर्मम पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

## पवार ग्रिड कर्मी को भाइयों ने पारिवारिक रंजिश में बेरहमी से था पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराओं को बढ़ाते हुए कुछ आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया**

मोहनलालगंज के खुजेहटा स्थित पावर ग्रिड से ड्यूटी कर घर लौट रहे एक युवक को बीते शुक्रवार की शाम भाई भतीजों सहित आधा दर्जन दबंगों की रास्ते बुरी तरह मारपीट से घायल युवक ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया कर दिया। घायल पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने भाई भतीजों सहित नामजद आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराओं को बढ़ाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।

मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गोपाल खेड़ा निवासी मृतक जमुना प्रसाद की पत्नी पप्पी ने मोहनलालगंज पुलिस को शनिवार दी गई लिखित तहरीर में बताया था कि मेरे पति जमुना प्रसाद उम्र लगभग 41वर्ष खुजेहटा स्थित पावर ग्रिड में कार्य करते हैं। बीते शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे। तभी बेलहियाखेड़ा गांव के प्राइमरी स्कूल के नाले के पास पहुंचते ही पारिवारिक रंजिश को लेकर मृतक के भाई नीरज, हरदेश ,भतीजे अरुण , अनुज , एवं लवकुश, शानू,रोहित उनका साला तथा तीन अज्ञात लोगों ने सरे राह बाइक रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसे जमकर पीटाई कर बुरी तरह घायल कर अधमरा कर दिया । दबंगों द्वारा किए गए हमले व मारपीट में जमुना प्रसाद के सिर, हाथ, पैर, पीठ समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। आसपास के लोगों की मदद से घायल जमुना को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। वही मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शनिवार देर रात जमुना प्रसाद की मौत हो गई मौत की खबर परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक जमुना प्रसाद गोसाईगंज के गोरिया खुर्द का निवासी था वह अपनी ससुराल गोपाल खेड़ा में पत्नी पप्पी, बेटा सौरभ, राहुल, छोटी बेटी सोनाली एवं 18 वर्षीय गंभीर रूप से बीमार बेटी सोनिया के साथ रहता था। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 41 लाख की प्लॉट ठगी, फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जे का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में करोड़ों की जमीनों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने वाले कथित संगठित गिरोह का मामला सामने आया है। प्रयागराज निवासी महिला की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने कई नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, अवैध कब्जा, मारपीट और रंगदारी मांगने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता प्रज्ञा जायसवाल पत्नी आशीष जायसवाल ने आरोप लगाया है कि उनके पति के मित्र सिद्धार्थ त्रिपाठी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चिनहट क्षेत्र के सेमरा गांव स्थित एक प्लॉट का सौदा कराया था। आरोप है कि वर्ष 2023 में करीब 41 लाख 25 हजार रुपये लेकर प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और नगर निगम में नामांतरण भी करा दिया गया। पीड़िता के अनुसार प्लॉट पर कब्जा मिलने के बाद उन्होंने वहां दीवार और गेट लगवाकर ताला डाल दिया था। लेकिन कुछ समय बाद आरोपियों ने फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खुद को जमीन का मालिक बताते हुए दीवार और गेट तोड़कर दोबारा कब्जा कर लिया। शिकायत में कहा गया है कि इस पूरे खेल में कई लोग शामिल हैं, जो विवादित जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री और अवैध कब्जे का संगठित नेटवर्क चलाते हैं। आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपी अवैध निर्माण कराते रहे और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष दिए गए लिखित आश्वासन का भी पालन नहीं किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह अपने पति के साथ प्लॉट पर पहुंचीं तो आरोपियों ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया गया है। मामले में चिनहट पुलिस ने कई नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की जांच कर पूरे प्रकरण में शामिल लोगों की भूमिका खंगाली जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गुज्जर गैंग के 9 गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईंगंज पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गुज्जर गैंग के 9 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये सभी 19 मई की रात एक घर पर हमला कर तीन गाड़ियां तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित थे। पीड़ित नीरज यादव ने शिकायत की थी कि 19 मई की आधी रात करीब 25-30 लोग दो पिकअप और एक कार से लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और घर के बाहर खड़ी दो बाइकें व एक कार क्षतिग्रस्त कर दी।विरोध करने पर बदमाशों ने वादी को गाली देते हुए कहा कि हमसे पंगा लेने का नतीजा देख लिया और जान जान से मारने की धमकी देकर दौड़ा लिया।जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर 21 मई को नामजद आरोपी आजाद रावत निवासी काजीखेड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।इसके बाद पुलिस ने 24 मई को मुखबिर की सूचना पर आरोपित ज्वाला रावत निवासी सिटकिया कलां सौरभ उर्फ गोलू निवासी मेढई का पुरवा संकेत उर्फ लवकुश निवासी मुल्लाखेड़ा सुशांत गोल्फ सिटी मन्नू उर्फ मन्नो व संदीप निवासीगण बाजार मध्य वार्ड गोसाईंगंज नीरज निवासी बेगरियामऊ अंकित निवासी मुल्लाखेड़ा सुशांत गोल्फ सिटी , शिवा रावत निवासी निजामपुर शिव बालक निवासी सिटकिहा कलां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर डी. के. सिंह का कहना है कि गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण को मिली प्राथमिकता

## डॉ. राजेश्वर सिंह के 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जब जनप्रतिनिधित्व केवल आश्वासन तक सीमित न रहकर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन जाए, तब जनसेवा एक जनआंदोलन का रूप ले लेती है। इसी भावना के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान निरंतर ग्रामीणों के बीच संवाद, सेवा और समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है।

इसी क्रम में 169 सप्ताह से लगातार संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन मक्का खेड़ा, गहरू (सरोजनी नगर प्रथम वार्ड )(SND-1 मंडल) में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएँ एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ को पात्र लोगों तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में रोड एवं नाली निर्माण, नाला निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हैंडपंप, विद्युत लाइन, प्राथमिक विद्यालय बाउंड्रीवाल, पानी की टंकी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, साइकिल एवं लैपटॉप सहित कुल 39 जनआवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 14 आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया। ऑनलाइन माध्यम से विधवा पेंशन के आवेदन कराए गए, वहीं 10 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड एवं 2 लोगों के आभा कार्ड बनवाकर उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ा गया। सेवा एवं सामाजिक सरोकारों के क्रम में टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 52 वरिष्ठ नागरिकों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 33 लोगों को चश्मे हेतु चिन्हित किया गया, जबकि शुगर, बीपी सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस पहल को क्षेत्रवासियों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई। कार्यक्रम में शिक्षा एवं युवा प्रोत्साहन को भी प्रमुखता दी गई। मेधावी विद्यार्थियों – सुश्री स्नेहा (कक्षा 10वीं, 85.60%), सुश्री अंशिका रावत (कक्षा 12वीं, 77.20%), विश्वास यादव (कक्षा 12वीं, 70.80%) एवं हर्ष यादव (कक्षा 10वीं, 66.20%) – को साइकिल वितरित कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने हेतु 183वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लब के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट प्रदान की गईं, जिससे उनमें खेल भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव, गीता देवी (पार्षद), सेक्टर संयोजक अजीत कुमार, प्रीतम सिंह (मंडल मंत्री), बूथ अध्यक्ष प्रेमलता वर्मा, सतीश साहू, धर्मेंद्र सिंह, विवेक दीक्षित, शालू कश्यप, सीमा सिंह, अर्चना सिंह (सहसंयोजक), श्याम कुमार कश्यप (सहसंयोजक सोशल मीडिया), राधे लाल यादव, महावीर साहू, सुंदरलाल, अवधेश, जितेंद्र कुमार 'जीतू' (मीडिया प्रभारी), पिंकी सिंह (बूथ अध्यक्ष), विनीत सिंह, नीतू सिंह, सिराज अली (बूथ अध्यक्ष), सुनीता किरन, दिव्या, विशाल, आकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह निरंतर सेवा, संवाद, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण को जनसरोकारों से जोड़ते हुए सरोजनीनगर में विकास एवं जनविश्वास का नया अध्याय लिख रहे हैं।

# भ्रष्टाचार की 'मजबूत' नींव पर टिका सडिला का अधूरा खड़ंजा, 6 महीने बाद भी सो रहा सिस्टम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा (सीतापुर)। सरकारी पैसों की बंदरबांट कैसे की जाती है और जनता को कैसे 'नरक' में रहने के लिए छोड़ दिया जाता है, इसका जीता-जागता सुबूत देखना हो तो विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला चले आइए। यहाँ ब्लॉक प्रमुख निधि से हुआ खड़ंजा निर्माण विकास की नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की जीती-जागती कहानी बयां कर रहा है।

6 महीने से ज्यादा हो गये, पर काम अधूरा... आखिर क्या है यह पूरा सिस्टम?

हैरानी की बात यह है कि इस खड़ंजे का निर्माण कार्य शुरू हुए 6 महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन काम आज भी आधा-अधूरा और बदहाल पड़ा है। सवाल यह उठता है कि आखिर यह कैसा सिस्टम है?

पहला खेलः 6 महीने में एक छोटा सा खड़ंजा पूरा नहीं हो पाया।

दूसरा खेलः काम अधूरा है, लेकिन कागजों पर इसे 'चकाचक' दिखाकर पूरा भुगतान जेब में डाल दिया गया। तीसरा खेलः बिना मौके पर जाए, बंद कमरों में बैठकर फाइलों पर दस्तखत करने वाले जिम्मेदार अधिकारी अब इस लूट पर पूरी तरह मौन हैं।

ग्रामीणों का सीधा आरोपः ''यह विकास कार्य नहीं, बल्कि अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन की खुली डकैती है। 6 महीने से हम सिर्फ तारीखें देख रहे हैं, खड़ंजा नहीं।''

बरसात सिर पर, ग्रामीण झेलेंगे 'नरकीय' जीवन

?अब जब बरसात का मौसम बिल्कुल सिर पर है, ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। अधूरा पड़ा यह रास्ता बारिश के पानी में डूबकर दलदल और कीचड़ का टापू बन जाएगा। बच्चों का स्कूल जाना दूभर होना तय है।

बड़ा सवालः6 महीने से कुंभकर्णी नींद सो रहा प्रशासन क्या अब भी जागेगा? इस सड़े-गले सिस्टम में भ्रष्टाचार की यह फाइल भी नीचे दबाकर बंद कर दी जाएगी? जनता जवाब मांग रही है!

# मिश्रिख में हुआ छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह, 250 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख, सीतापुर। एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार 24 मई 2026 को छात्र एवं छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन दोपहर में रंजना डायमंड मैरिज लॉन, ब्लॉक के सामने, मिश्रिख में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह एवं ग्राम सहादतनगर के प्रधान लोकनाथ मौर्य रहे। वहीं अन्य अतिथियों में देवेंद्र नंदवंशी आदर्श, मुकेश राज, कपिल मौर्य, पत्रकार श्यामा कुमार मौर्य, पत्रकार रवि शंकर, अनुभव गुप्ता, नागेंद्र मौर्य, राममिलन मौर्य,अभिषेक शुक्ला, विमल यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। संस्थान के डायरेक्टर आर.एम. मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसकी कमेटी में एडवोकेट राम जीवन सिद्धार्थ विशेष रूप से मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहंापुर। थाना तिलहर पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 22 मई को थाना तिलहर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना तिलहर क्षेत्र के गांव मुला गौटिया के रहने वाले वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सों एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द को खैरपुर रोड पर कमलापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर नीम के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ उपनिरीक्षक गौरव शर्मा, हेड कास्टेवल अनूप सिंह और भारतमणि मौजूद रहे।

# अवैध तमंचा समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहंापुर। थाना रोजा पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया।

थाना रोजा पुलिस टीम को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अटसलिया पुल के पास अवैध तमंचा लेकर रोजा का एक हिस्ट्रीशीटर खड़ा है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बन्ने उर्फ विष्णुदयाल पुत्र हुकुमचन्द निवासी ग्राम अटसलिया को एक अवैध तमंचा समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त पर थाना रोजा में हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम आदि के एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र, एसआई सागर, सतवीर सिंह, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# दूसरे दिन सत चंडी महायज्ञ में राम कथा के बारे में भक्तों को रसपान कराया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स । लहरपुर क्षेत्र ग्राम पतवारा में चल रही सात दिवसीयश्री सात चंडी महायज्ञ में पंडित जय प्रकाश अवस्थी द्वारा यज्ञ में यज्ञ वेदों का रस से भरा हुआ परिपक्व फल है और इसमें अमृत रूपी रस भरा हुआ है इसलिए जो यह यज्ञ को मोक्ष पर्यंत सदैव सुनते रहना चाहिए क्योंकि भगवान की यह यज्ञ कथा केवल मृत्यु लोक पर ही सुलभ है सायंकाल में पंडित जयप्रकाश अवस्थी के द्वारा राम कथा मंदाकिनी में श्रोताओं को बताया कि शिव सती प्रसंग एक बार त्रेता युग जग माही शंभू गए कुम्भज ऋषि पाहि संग सती जग जाननी भवानी पूजे ऋषि अखिलेश्वर जानी सती ने भगवान शंकर की बात को न मान करके मन मे संशय करके यज्ञ पंडाल में यज्ञ कथा सुनने गई सती का अस्तित्व होना पड़ा जयप्रकाश अवस्थी ने बताया कि कथा पंडाल में हमेशा श्रद्धा भावना से आना चाहिए और श्रद्धा से कथा का रसपान करना चाहिए इस मौके पर महिलाओं ने जमकर चुटकियां ली

# अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने देखते ही देखते लिया विकराल रूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज ,रायबरेली। जनई गांव स्थित चन्दापुर थाना क्षेत्र के महराजपुर मजरे में रविवार दोपहर उस समय चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवाओं के बीच फैली आग ने सात घरों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में लोगों की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी राख में तब्दील हो गई। आपको बता दें कि, घटना इतनी भयावह थी कि, गांव में चारों ओर धुएं का गुबार और लोगों की चीखें सुनाई देने लगीं। ग्रामीण अपने-अपने घरों से सामान बचाने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि, किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। चन्दापुर थाने की पुलिस फोर्स के साथ एडिशनल एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की घंटों की कड़ी

**तेज हवाओं के बीच फैली आग ने सात घरों को अपनी चपेट में ले लिया**

**कुछ ही देर में लोगों की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी राख में तब्दील हो गई**

मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस भीषण अग्निकांड में गांव निवासी चौकीदार पुत्र महाराज दीन का कच्चा घर और गृहस्थी का सामान पूरी तरह जल गया। वहीं सज्जन पुत्र जोधे का छप्पर और घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल का भूसा तथा पालतू जानवर जलकर राख हो गए। रामलखन पुत्र रामेश्वर का दरवाजा, रामदास पुत्र चंद्रपाल का पूरा घर, कलावती पत्नी जग्गू का घूरा तथा दशरथ पुत्र रामअवतार का छप्पर और गृहस्थी का सामान भी आग में स्वाहा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी ऊंची उठ रही थीं कि, आसपास के लोग सहम गए। महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

## टूटी पुलिया को लेकर लगा जन-सूचना बैनर, हादसे की आशंका जताई

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के लोहरबाग क्षेत्र में एक टूटी हुई पुलिया को लेकर स्थानीय निवासी एवं अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा द्वारा जन-सूचना बैनर लगाया गया है। बैनर में बताया गया है कि उक्त पुलिया आधी टूट चुकी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बैनर के अनुसार इस संबंध में नगर पालिका सीतापुर को जन सुनवाई पोर्टल शिकायत संख्या 40015425092457 के माध्यम से 14 दिसंबर 2025 को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

जन-सूचना में यह भी कहा गया है कि नगर पालिका द्वारा धन के अभाव में पुलिया निर्माण कराने में असमर्थता जताई गई है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि टूटी पुलिया में कई वाहन और बच्चे गिर चुके हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार डर का माहौल बना हुआ है। बैनर के माध्यम से जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से मांग की गई है कि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की मूलभूत आवश्यकता को देखते हुए पुलिया का जल्द निर्माण कराया जाए। यह बैनर अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा की ओर से लगाया गया है, जिसमें प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की गई है।

## मिश्रिख में हुआ छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह, 250 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

मिश्रिख, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार 24 मई 2026 को छात्र एवं छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन दोपहर में रंजना डायमंड मैरिज लॉन, ब्लॉक के सामने, मिश्रिख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह एवं ग्राम सहादतनगर के प्रधान लोकनाथ मौर्य रहे। वहीं अन्य अतिथियों में देवेंद्र नंदवंशी आदर्श, मुकेश राज, कपिल मौर्य, पत्रकार श्यामा कुमार मौर्य, पत्रकार रवि शंकर, अनुभव गुप्ता, नागेंद्र मौर्य, राममिलन मौर्य,अभिषेक शुक्ला, विमल यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। संस्थान के डायरेक्टर आर.एम. मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसकी कमेटी में एडवोकेट राम जीवन सिद्धार्थ विशेष रूप से मौजूद रहे।

## विशेष अभियान के तहत 84 एनबीडब्ल्यू/ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपदीय पुलिस ने 23 व 24 मई की रात कुल 84 एनबीडब्ल्यू/ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, नगर सर्किल के थाना कोतवाली पुलिस ने 02, सदर बाजार 05, रामचन्द्र मिशन 03, सदर सर्किल के थाना कांट 02, निगोही 04, रोजा 05, मदनापुर 01, सेहरामऊ दक्षिणी 10, तिलहर सर्किल के थाना तिलहर 06, कटरा 05, जैतीपुर 05, खुदागंग 02, जलालाबाद सर्किल के थाना जलालाबाद 02, अल्हागंज 01, मिर्ज़ापुर 07, कलान 08, परौर 02 और पुवायां सर्किल के थाना पुवायां 02, सिंधौली 08, बण्डा 02 और खुटार पुलिस ने 02 एनबीडब्ल्यू वारंटियों व अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जनपदीय पुलिस ने 84 एनबीडब्लू वारंटियों व अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। फिलहाल, एसपी के निर्देश पर जनपद में पुलिस द्वारा वारंटी, वांछित अभियुक्तों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा

## विकास के तमाम दावों और योजनाओं के बावजूद जनपद रायबरेली के दूर

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास के तमाम दावों और योजनाओं के बावजूद जनपद रायबरेली के दूरदराज़ इलाकों में आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। महराजगंज तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौतरा अंतर्गत ककरहिया से अमहा गांव को जोड़ने वाला कच्चा संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार है। बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं। आपको बता दें कि, ग्रामीणों के अनुसार, ककरहिया से अमहा गांव तक लगभग एक किलोमीटर तथा अमहा से दौतरा तक करीब 1200 मीटर लंबा कच्चा मार्ग बरसात के मौसम में इतना जर्जर हो जाता है कि, उस पर पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। हालत यह है कि, एम्बुलेंस और चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई पर लादकर पगडंडियों और जंगल के रास्तों से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

# ग्राम पंचायत बावन बुजुर्ग बल्ला में तैनात एएनएम प्रियंका सिंह की मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। ग्राम पंचायत बावन बुजुर्ग बल्ला में तैनात एएनएम प्रियंका सिंह की कथित मनमानी और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि, गांव बबुरिहा में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सरकारी विद्यालय उपलब्ध होने के बावजूद सरकारी भवनों में टीकाकरण न कराकर सुजातगंज गांव के एक निजी स्थान पर नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को बुलाया जाता है। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि, ग्रामीणों के मुताबिक 23 मई 2026 को भी एएनएम द्वारा बबुरिहा गांव के लोगों को बच्चों को लेकर सुजातगंज पहुंचने के निर्देश दिए गए। जब कुछ परिजनों ने सरकारी भवन में टीकाकरण कराने की मांग की तो एएनएम ने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, ẖमेरी मर्जी, जहां बुलाऊं वहीं आओ। हम तुम्हारे नौकर नहीं हैं जो वहां गर्मी में आकर टीकाकरण करेंगे।ẖ इस कथित बयान के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि, कई बच्चों का 9 माह में होने वाला अनिवार्य टीकाकरण अब तक नहीं किया गया है, जबकि 15 माह के टीकाकरण के लिए अचानक बुलाया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और एएनएम की कार्यशैली के चलते बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नीलू पुत्र राम नारायण सिंह निवासी बबुरिहा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि, यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो गांव के लोग एएनएम प्रियंका सिंह के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की होगी।

# आवारा कुत्तों ने 11 साल की बच्ची की नोच-नोचकर मार डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला ककरा में ई-चार्जिंग बस स्टेशन प्वाइंट के पास आवारा कुत्तों ने एक 11 साल की बच्ची पर हमला कर दिया और उसे नोच-नोचकर मार डाला। बच्ची की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला ककरा निवासी नईम बटाई पर खेत लेकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने ककरा में ई-चार्जिंग बस स्टेशन प्वाइंट के पास बटाई पर खेत ले रखा है। रविवार की सुबह करीब छह बजे नईम अपनी 11 साल की बेटी स्वालिया के साथ खेत पर सब्जी तोड़ने गए थे। करीब 07 बजे उन्होंने अपने पुत्र इकराम को बुलाने के बेटी स्वालिया को घर भेजा। रास्ते में आवार कुत्तों के झुंड ने स्वालिया पर हमला कर दिया। कुत्तों ने स्वालिया की गर्दन और उसके शरीर को बुरी तरह से नोंचना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और नईम मौके पर पहुंचे और किसी तरह आवारा कुत्तों से बच्ची को छुड़ाया। परिजन गंभीर हालत में बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव घर ले गए। नईम के भाई रफी अहमद ने बताया कि सवालिया चार बहनों और दो भाईयों में सबसे छोटी थी। वहीं, ईएमओ डॉ. मेहराज अहमद ने बताया कि बच्ची के शरीर और गर्दन पर कुत्तों के काटने के कई निशान थे, गंभीर हालत में बच्ची को मेडिकल कालेज लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल, बच्ची की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महाराजा सुहेल देव विजयोत्सव कार्यक्रम का हुआ रंगारंग शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । शनिवार देर शाम चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के स्मारक स्थल पर ज्येष्ठ माह के दौरान आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर व नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर, राजा यशुवेन्द्र विक्रम सिंह, महाराज विष्णु देवाचार्य, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

विजय उत्सव कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री शाही ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ स्मारक परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, रेशम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बैंकर्स, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, मत्स्य, हथकरघा एवं काष्ठ शिल्प, महिला एवं बाल विकास, सूचना एवं जनसम्पर्क तथा संस्कृति विभाग द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी/स्टालों तथा फूड कोर्ट का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री श्री शाही ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ आडिटोरियम में महाराजा सुहेल देव जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अपने शौर्य और वीरता से विदेशी आक्रांताओं के दॉत खट्टे करने वाले शूरवीर महाराजा सुहेलदेव जी को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह नहीं मिल सका था। परन्तु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से डबल इंजन की सरकार ने विरासत और विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए जनपद में महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर भव्य स्मारक का निर्माण किया तथा जनपद के मेडिकल कॉलेज का नाम भी महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर रखा गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इतिहास ने भले ही महाराजा सुहेल देव के साथ नाइंसाफी की है लेकिन डबल इंजन की सरकार नाइंसाफी नहीं होने देगी। जिन लोगों ने धर्म और धरा को बचाने के लिए युद्ध में योगदान दिया था उन लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनायकों का हर हाल में सम्मान होना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक भूमि पर यह भव्य स्मारक तथा विजयोत्सव के रूप में आयोजित कार्यक्रम महापुरुषों के प्रति सम्मान में क्या होना चाहिए उसकी एक अभिव्यक्ति है। विजयोत्सव समारोह को एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक सुभाष त्रिपाठी, राम निवास वर्मा, श्रीमती सरोज सोनकर, उ.प्र. गोसेवा आयोग के मा. सदस्य राजेश सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर, महाराज विष्णु देवाचार्य, अर्जुन कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए महाराजा सुहेलदेव जी के युद्ध कौशल का ज़िक्र करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांता को रोकने की युक्ति ऐसी थी कि मथुरा से लेकर बहराइच तक इतनी बाधाएं खड़ी की कि यहां पहुंचते-पहुंचते उसकी आधी सेना समाप्त हो चुकी थी और जब वह महाराजा सुहेलदेव के सामने पड़ा तो महाराजा सुहेलदेव ने कुल 20 से 25 हजार सैनिकों के साथ उन विदेशी आक्रांताओं को परास्त कर दिया।

इससे पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी मंत्री सहित मंचासीन सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पौध भेंट कर स्वागत किया। समारोह के दौरान जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्राओं, स्थानीय कलाकारों तथा संस्कृति विभाग की ओर से आये हुए कल्चरल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी ने सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारी व कर्मचारी तथा परिजन, आमजन तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विजय उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर शनिवार देर शाम स्मारक स्थल के आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। संस्कृति विभाग की ओर पधारे मंझे हुए कलाकारों के दल के साथ स्थानीय शिक्षण संस्थाओं विशेषकर परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति लोगों का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों सुश्री वन्दना मिश्रा एण्ड पार्टी, सुरेश कुशवाहा एण्ड पार्टी तथा सुश्री सुचित्रा पाण्डेय एण्ड पार्टी ने लोकगायन, भजनों व देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। वहीं दूसरी बाबा सुन्दर सिंह मूक बधिर विद्यालय के दिव्यांग ने मेरी देश की धरती सोना उगले गीत व अन्य प्रस्तुति मौजूद लोगों रोमांचित कर दिया। दिव्यांग बच्चों की साहसिक प्रस्तुति पर हाल में बैठे सभी लोगों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की गई।



सांस्कृतिक संध्या में परिषदीय विद्यालय के बालक बालकों द्वारा सशक्त उपस्थिति दर्ज करायी गई। ब्लाक फखरपुर अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये योगासन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तेजवापुर की छात्राओं देश की माटी सोना उगले तथा पप्पा जल्दी घर आ जाना इत्यादि गीतों पर मनोहारी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा समूहगीत लक्ष्य व गणेश वन्दना की प्रस्तुति को भी दर्शकों द्वारा सराहा गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रों द्वारा भारत की बूटी गीत की प्रस्तुति की गई तथा छात्रा रोशनी द्वारा बालिका सशक्तिकरण पर आधारित स्वयं द्वारा रचित कविता का पाठ किया गया।

# लुटेरे व डकैतों की तलाश में लगाई गई एसटीएफ, संदिग्धों से चल रही पूछताछ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। इस्लामनगर कस्बे में किसान निजाकत के घर मंगलवार रात हुई डकैती व इसी रात सिठौली गांव के चार घरों में लूट के बाद शुक्रवार रात एक दंपती से 50 हजार की लूट के बाद अब बदमाशों की तलाश में एसटीएफ को लगा दिया गया है। प्रदेश के डीजीपी से लेकर सीएम कार्यालय तक अपराधों की रिपोर्ट तलब की जा चुकी है। बरेली रेंज के डीआईजी लगातार दो बार घटनास्थल पर जा चुके हैं। लेकिन, पुलिस अभी तक कोई खास सफलता नहीं अर्जित कर सकी है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अब स्थानीय पुलिस के साथ बरेली यूनिट की एसटीएफ को भी बदमाशों को पकड़ने के लिए लगाया गया है। वहीं, एसएसपी ने रविवार को एक बार फिर घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।शुक्रवार शाम बिसौली सड़क पर एक दंपती से हुई लूट के बाद रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एसपी देहात हृदेश कठेरिया और सीओ बिल्सी केके तिवारी ने घटनास्थल का मुआयना किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में लगभग आधा घंटा रुककर अधीनस्थों को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। बाइक नंबर मिला लेकिन बदमाश नहीं मिले डकैती की पिछली घटना से महज एक किलोमीटर दूर एक दंपती को तमंचा दिखाकर पचास हजार रुपये, कुंडल और पायल लूट लिए गए। यह घटना शुक्रवार रात में हुई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित द्वारा बताए गए बाइक नंबर के आधार पर जब पुलिस ने मालिक को पकड़ा, तो पता चला कि उसने 12 साल पहले बाइक बेच दी थी। हालांकि, उसका पंजीकरण नहीं कराया जा सका था। इससे पुलिस को यह भी नहीं पता लग पा रहा है कि बाइक किसकी है। वहीं डकैती की घटना वाले दिन से ही एसपी देहात हृदेश कठेरिया और सीओ बिल्सी केके तिवारी थाने पर कैंप किए हुए हैं। शुक्रवार रात हुई लूट की घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा भी मौके पर पहुंची और अधीनस्थों से विचार-विमर्श किया। पुलिस प्रशासन ने इन घटनाओं के जल्द खुलासे के लिए एसटीएफ, सर्विलांस, एसओजी और अन्य थानों की पुलिस को लगाया है। इंस्पेक्टर सिविल लाइन हरेंद्र सिंह और इंस्पेक्टर उघैती ऋृषिपाल सिंह, जो पहले भी कस्बे में तैनात रह चुके हैं, उन्हें भी पड़ताल करते देखा गया है। पुलिस करीब 24 संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। वहीं, बाइक मालिक की पहचान न हो पाना जांच में एक बड़ी बाधा बन गया है। पुलिस ने एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कई-कई घंटे तक देखी है। कुछ संदिग्धों को पकड़ा भी गया है और कई लोगों से पूछताछ की गई है। उर्स मेले के समय बढ़ जाती घटनाएं, वहीं यह पहली बार नहीं है कि कस्बे में उर्स मेला चल रहा हो और ऐसी घटनाएं न हुई हों। पूर्व में भी उर्स मेले के समय चोरियां, लूट, हत्या और मारपीट के मामले सामने आए हैं। हालांकि, पिछले 20 वर्षों में इस समय हुई लगातार घटनाएं पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। वहीं, दातागंज में पीएनबी में चोरी का प्रयास, शहर में रजिस्ट्री कार्यालय से 3.30 लाख की नकदी चोरी, फैजगंज बेहटा इलाके में हुई लाखों की लूट समेत कई घटनाओं का पुलिस अभी तक न तो खुलासा कर सकी है और न ही कोई अहम सबूत ही मिले है। पुलिस टीमें लगातार प्रयासरत है। कई अहम बिंदुओं पर जांच चल रही है। उम्मीद है कि जल्द ही अपराधिक घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# जिला रस्साकसी संघ मुरादाबाद : बालक वर्ग में आरएसडी व बालिका में मॉडर्न पब्लिक स्कूल और गोया वर्ल्ड स्कूल की टीम अव्वल

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के रामगंगा विहार स्थित आरएसडी एकेडमी स्कूल में रविवार को एक दिवसीय अंतर जिला रस्साकसी प्रतियोगिता हुई; इसमें मुरादाबाद मंडल की लगभग 20 से अधिक टीमों ने अपना दम दिखाया। बालक वर्ग में आरएसडी व बालिका में मॉडर्न पब्लिक स्कूल और गोया वर्ल्ड स्कूल की टीम अव्वल रही।

जिला रस्साकसी संघ मुरादाबाद के सचिव शोभित भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आर एस डी एकेडमी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, महिलाल पब्लिक स्कूल, गोया वर्ल्ड स्कूल, मास्को पब्लिक स्कूल अमरोहा, आर डी एम स्कूल पाकबड़ा, जी डी गोयनका स्कूल आदि स्कूलों में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का चयन भी किया गया जिसमें जिसमें अंडर 15 बालक व बालिका वर्ग में 10-10 खिलाड़ी, अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में 10-10 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो 22 जून से 28 जून तक कश्मीर में राष्ट्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

इस प्रतियोगिता में अंडर 15 बालक वर्ग में आरएसडी एकेडमी ने प्रथम, जीडी गोयनका स्कूल ने द्वितीय, आरडीएम स्कूल ने तृतीय व मास्को पब्लिक स्कूल अमरोहा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अंडर 15 बालिका वर्ग में गोया वर्ल्ड स्कूल ने प्रथम,जी डी गोयनका स्कूल ने द्वितीय,महिलाल पब्लिक स्कूलने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

अंडर 19 आयु बालक वर्ग में आर एस डी स्पोर्ट्स एकेडमी ने प्रथम स्थान, आर एस डी एकेडमी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान, जी डी गोयनका स्कूल काशीपुर ने तृतीय स्थान व मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने चौथा स्थान प्राप्त किया । अंडर 19 बालिका वर्ग में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आर एस डी ग्रुप के निदेशक डॉ विनोद कुमार द्वारा किया व समापन डॉ जी कुमार, डॉ अजय शर्मा व डॉ गरिमा शर्मा द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन मंडल में शाहवेज़ अली, मोहित चौधरी, मयंक कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्री ऑफिस में चोरी का नहीं हो सका खुलासा

बदायूं। शहर के रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत की रजिस्ट्री कराने आए एक व्यक्ति का बैग शातिर चोर बेंच से पार कर ले गया। बैग में करीब 3 लाख 30 हजार रुपये नकद, बैंक से जुड़े दस्तावेज, रेलवे आईडी कार्ड समेत अन्य जरूरी सामान रखा था। घटना के बाद रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। जबकि पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आरोपी का पता लगा रही है। कछला वार्ड संख्या-01 निवासी किसान उमेश चंद्र सिंह बृहस्पतिवार को अपने खेत की रजिस्ट्री कराने के लिए बदायूं स्थित रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे थे। सुबह से ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने में वह व्यस्त रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद रजिस्ट्री की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्होंने अपना बैग परिसर में रखी लोहे की बेंच पर रख दिया। इसी दौरान किसी ने मौका पाकर बैग पार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, बैग में एसबीआई की पासबुक, चेकबुक, मोबाइल चार्जर, रेलवे का आईडी कार्ड, सुपरवाइजर डायरी और करीब 3 लाख 30 हजार रुपये नकद रखे थे। पीड़ित ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और काफी देर तक बैग की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। कोतवाल संजय सिंह ने बताया आरोपी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही उसे पकड़ा जाएगा। वहीं रजिस्ट्री ऑफिस जैसे संवेदनशील सरकारी परिसर में दिनदहाड़े लाखों रुपये चोरी होने की घटना के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री ऑफिस में रोजाना बड़ी संख्या में लोग नकदी और जरूरी दस्तावेज लेकर आते हैं, लेकिन वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आते। परिसर में सक्रिय शातिर चोरों के चलते लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं रविवार तक रजिस्ट्री ऑफिस में चोरी का खुलासा नहीं हो सका।

## एसएसपी के निर्देशन पर सात दिवस चलेगा चेकिंग अभियान

बदायूँ। संचालित वाटर पार्क, स्वीमिंग पूल एवं अन्य जल मनोरंजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु अंकिता शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा 07 दिवस का सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। चेकिंग के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निम्न बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया जाना है। वैध लाइसेंस एवं आवश्यक अनुमति पत्रों की जांच, स्विमिंग के लिए स्थानीय निकाय की अनुमति व एनओसी। प्रशिक्षित लाइफगार्ड की उपलब्धता, प्राथमिक चिकित्सा (क्ख्रन्प्स् इद्व) एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षा घेरा, चेतावनी बोर्ड एवं गहराई संबंधी संकेतक, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता एवं सक्रियता, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा एवं फिसलन रोकने संबंधी प्रबंध, अग्निशमन व अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्ग एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि जल मनोरंजन स्थलों पर सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा बच्चों पर विशेष निगरानी रखें। जनपद पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की चेकिंग अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण : राजीव कुमार गुप्ता

बदायूँ। भाजपा द्वारा जनपद में 465 शक्तिकेन्द्रों पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा बैठक की। इसी क्रम में सिविल लाइन मंडल के शक्ति केंद्र-26 तथा बसोमा मंडल के शक्ति केंद्र शेखपुर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पर आयोजित बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने प्रवासी के रूप में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की बदौलत निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मंडल, शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तर पर कार्यवाही रजिस्टर तैयार करने तथा प्रत्येक संगठनात्मक गतिविधि को उसमें नियमित रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। तथा बैठक में आगामी बूथ स्तरीय कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक कार्यों पर बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुनने तथा उसके उपरांत बूथ कार्यसमिति की बैठक होनी है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना होगा। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलशन प्रताप सिंह, राकेश शाक्य, रचित साहू, शकुंतला राठौर, हीरा लाल मौर्य, हरेंद्र यादव, शैलेंद्र कुमार सिंह, सुरेश शर्मा, सुरेंद्र प्रकाश शर्मा, आदित्य श्रोतिय, प्रेमचंद्र पाल, ब्रजेश साहू, कुमारसेन राजपूत, मुनीश मिश्रा, अमलेश मौर्य, रोहित पाल, रत्तीराम मौर्य, प्रदीप माहेश्वरी, मुकेश जोशी, रामचन्द्र मौर्य, मुकेश शर्मा, राकेश सागर, तेज़ बहादुर, रामपाल गोस्वामी, हरिओम कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

## मां-बहनों की इज्जत दांव पर, बच्चों का बचपन खतरे में, ठेका हटाओ आंदोलन शुरू : ज्योति बाबा

कानपुर। अपार्टमेंट गेट पर खुले शराब ठेके के कारण मां-बहनों की इज्जत दांव पर लगी है, बच्चे डर और तनाव में जी रहे हैं तथा महिलाओं के साथ अभद्रता की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यदि जल्द ठेका नहीं हटाया गया तो बड़ा शांतिपूर्ण जनआंदोलन किया जाएगा। यह बातें रविवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख एवं योग गुरु ज्योति बाबा ने दिलबाग रोज गार्डन ओनर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं।

दिलबाग रोज गार्डन ओनर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने अपार्टमेंट गेट के सामने संचालित शराब ठेके को हटाने की मांग उठाई। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि सोसाइटी में 250 से अधिक फ्लैट्स हैं, जहां करीब 300 बच्चे और 500 से ज्यादा महिलाएं रहती हैं। आरोप लगाया गया कि रोज शाम ठेके के बाहर भीड़, गाली-गलौज, मारपीट और खुलेआम अभद्रता का माहौल बन जाता है। पिछले चार महीनों में महिलाओं से छेड़छाड़ की कई घटनाएं भी सामने आई हैं।

ज्योति बाबा ने कहा कि एनसीआरबी 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक रिहायशी इलाकों में शराब दुकानों के आसपास महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 41 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं एआईआईएमएस 2024 की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे माहौल में रहने वाले 68 प्रतिशत बच्चों में एंजाइटी और पढ़ाई में गिरावट देखी गई है। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 37-क के तहत स्कूल, धार्मिक स्थल और घनी आबादी के मुख्य द्वार से 100 मीटर तक शराब बिक्री प्रतिबंधित है, लेकिन यहां नियमों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि ठेके को तत्काल 500 मीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। सचिव तरुणा सरदाना ने बताया कि 29 मई को जनजागरूकता के लिए सांकेतिक नशा मुक्ति कार रैली निकाली जाएगी। 30 मई को हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ल्लनशा, कानून और बच्चेङ्क विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

# डीएम के आदेश पर कब्र से निकाला गया हसनैन का शव, वाटर पार्क सील, रिपोर्ट दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। निर्माणाधीन वाटर पार्क में डूबकर आठ वर्षीय हसनैन की मौत हो गई थी। परिवार ने बिना किसी कार्रवाई के शव दफना दिया था। मामला संज्ञान में आने के बाद डीएम के आदेश पर पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कि अलापुर थाना क्षेत्र के गांव भसराला में निर्माणाधीन वाटर पार्क में डूबकर आठ वर्षीय मासूम की मौत के मामले ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को बच्चे के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरे घटनाक्रम पर कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस ने वाटर पार्क संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली है। एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वाटर पार्क को सील कर दिया गया है।

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव भसराला निवासी ज़फर का आठ वर्षीय पुत्र हसनैन शनिवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के पास निर्माणाधीन वाटर पार्क में गया था। इसी दौरान वह वहां बने स्विमिंग पूल के गहरे पानी में डूब गया। काफी देर तक बच्चे का पता नहीं चलने पर परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तलाश करने पर मासूम को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया।परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के दफना दिया था शव

घटना के बाद गमगीन परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। हालांकि मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। डीएम के आदेश पर रविवार को सदर एसडीएम मोहित कुमार सिंह की निगरानी में कब्र से शव निकलवाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। मौके पर पुलिस प्रशासन, राजस्व टीम और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।आवश्यक कानूनी कार्रवाई और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। 45 दिन पहले ही शुरू हुआ स्विमिंग पूल का संचालन

ग्रामीणों ने बताया आमदपुर में बना स्विमिंग पुल शुरू से ही सवालों के घेरे में था। पूल को शुरू हुए अभी करीब 45 दिन ही हुए थे, लेकिन रोजाना करीब 100 से 150 लोग यहां घूमने और फोटो खिंचवाने पहुंच रहे थे। इसके बावजूद मौके पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। बता दे कि न तो लाइफ जैकेट की व्यवस्था थी, न प्रशिक्षित गोताखोर

यहां न तो लाइफ जैकेट की व्यवस्था थी, न प्रशिक्षित गोताखोर मौजूद थे और न ही बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष निगरानी दिखाई दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी भीड़ के बावजूद संचालकों ने सुरक्षा मानकों को गंभीरता से नहीं लिया, इसका खामियाजा अब एक मासूम की जान गंवाकर भुगतना पड़ा। इस हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठ रही है। इसका लाइसेंस न होने की बात भी ग्रामीण बता रहे है।

अंकिता शर्मा, एसएसपी

## विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करें : डॉ. राजीव कुमार

मुरादाबाद। स्वदेशी जागरण मंच, मुरादाबाद के तत्वावधान में रविवार शाम को मुरादाबाद जनपद की बिलारी तहसील कार्यकारिणी विस्तार बैठक का आयोजन लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर, बिलारी में संपन्न हुआ। बैठक में मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार ने प्रत्येक नागरिक को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए तथा विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आंदोलन नहीं बल्कि राष्ट्रहित और सांस्कृतिक स्वाभिमान का विषय है। राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार ने वर्तमान समय में देश की परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी आधारित अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। स्वाबलंबी भारत अभियान कुलदीप एवं जिला संयोजक नीरज सोलंकी एडवोकेट ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई ल्लस्वदेशी अपनानेङ्क एवं ल्लआत्मनिर्भर भारतङ्क की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि समाज स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करेगा तो देश का धन देश में ही रहेगा तथा छोटे उद्योगों, कुटीर उद्योगों एवं स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी।

# गंगा दशहरा को लेकर धोपाप धाम में युद्ध स्तर पर तैयारियां, श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर प्रशासन का फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। गंगा दशहरा पर्व को लेकर लंभुआ क्षेत्र स्थित धोपाप धाम में प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट गया है। 26 मई 2026 को होने वाले पावन स्नान पर्व के मद्देनजर धाम परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

महिलाओं के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम, शौचालय, गोमती नदी किनारे बैरिकेडिंग, बोरी में मिट्टी भरकर अस्थाई घाट निर्माण, पार्किंग व्यवस्था तथा टेंट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार लगभग 90 प्रतिशत तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। तैयारियों की निगरानी स्वयं एसडीएम लंभुआ प्रीति जैन, बीडीओ नीलिमा गुप्ता, एडीओ




पंचायत प्रदीप यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचकर कर रहे हैं। हर व्यवस्था की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक आज शाम जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी धोपाप धाम पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले सकते हैं। गंगा दशहरा पर गोमती नदी में स्नान के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

# लाखो से अधिक रोज चपत लगा रहे गैस वेंडर, कैश एंड कैरी की छूट नहीं,लूट रहे उपभोक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सीएनसी (कैश एंड कैरी) के नाम पर मिलने वाली छूट पर लूट का खेल तो गैस एजेंसी वाले कई वर्षो से कर रहे हैं। ग्राहकों की जेब से रोजा ना पचीस हजार रुपये से अधिक गोल कर ही रहे हैं।ऊपर से वेंडर भी प्रतिदिन लाखो रुपये से अधि क की चपत लगा रहे हैं।गैस डीलर्स एवं गैस सिलें डर वितरण करने वाले वेंडरों की इस ठगी का लग भग हर उपभोक्ता शिकार है।ऐसा नहीं कि इसकी शिकायत एजेंसी के मालिकों या गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों को नहीं है। लोगों द्वारा शिकायत के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से ग्राहकों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। उनका कहना है कि गैस सिलेंडर देने के लिए ग्रा हकों से तीस से पचास रुपये अधिक लिए जा रहे हैं।जिले में प्रतिदिन औसतन पंद्रह हजार गैस सि लेंडर की बिक्री होती है।इस हिसाब से पांच से दस




लाख रुपये रोजाना लोगों को निर्धारित मूल्य से अ धिक देना पड़ रहा है।कैनविज टाइम्स की ओर से चल रहे चार दिवसीय अभियान 'ग्राहक से छल' के बाद जागरूक ग्राहकों ने मौखिक रूप से खुलकर अपनी पीड़ा बयां की है।

**गैस एजेंसी वाले अलग-अलग ही तर्क दे रहे**

कैश एंड कैरी के नाम पर हो रही लूट को लेकर गैस एजेंसी वाले अलग-अलग ही तर्क दे रहे हैं। वहीं वेंडरों द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर पचास रुपये तक अधिक लिए जाने पर भी उनका तर्क-कुतर्क कम नहीं है।सीएनसी के नाम पर हजारों रुपये ठगी को लेकर एजेंसी संचालकों का कहना है कि उनके गोदाम पर से तो सिलेंडर दिया ही जा ता है।ऐसे में सीएनसी की प्रति सिलेंडर 35.50 रुपये की छूट देने की तो बात ही दूर है।अगर कोई जागरूक उपभोक्ता छूट की मांग भी करता है तो उल्टे दुव्र्यवहार भी किया जाता है।वहीं,वेंडरों द्वारा रोजाना पांच लाख रुपये से अधिक जेब में डालने पर एजेंसी वालों का कहना होता है कि यह ग्राह कों की स्वेच्छा के ऊपर है।यानी एजेंसी की तरफ से सिर्फ पर्ची पर अंकित मूल्य ही लेने का नियम है जिले में इंडियन ऑयल कारपोरेशन,भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेश न कंपनियों के मुख्य रूप से 76 डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं। होम डिलीवरी पर वेंडर सिलेंडर के मूल्य से अधि क की डिमांड कर लेते हैं और गोदाम से लेने पर सीएनसी का लाभ भी नहीं देते।यानी ग्राहकों की जेब दोनों तरफ से कट रही है।

**यहां भी कर सकते हैं शिकायत**

टोल फ्री नंबर : 1906 टोल फ्री नंबर 180023 33555 , सेल्स अधिकारीः 9027532959

**बोले गैस एजेंसी प्रबंधक**

हमारे गोदाम से करीब दो वर्षों से गैस सिलेंडर न हीं दिया जा रहा है।ग्राहक भले ही गेट के बाहर ट्राली वेंडर से सिलेंडर ले लें।यहां से सिर्फ होम डि लीवरी की व्यवस्था है।ऐसे में कैश एंड कैरी की छू ट देने की बात ही पैदा नहीं होती।वैसे सीएनसी के बारे में मुख्य द्वार पर ही लिखा गया है।

**ग्राहकों का हक दें डीलर्स**

सिविल लाइन जेल रोड निवासी अमित ने कहा कि राष्ट्रीय हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स में पढ़कर जानकारी मिली कि सीएनसी न देकर एजेंसी वाले हजारों रुपये ग्राहकों की जेब से चपत लगा रहे हैं। ऐसे गैस डीलर्स के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, प्रशासन को चाहिए कि सीएनसी की जानकारी दी जाए और गैस के उचित मूल्य में से 35.50 रुपये वापस किया जाए। डीलर्स ग्राहकों का हक दे या फिर लोगों के आक्रोश का सामना करने को तैयार रहें।मोतीगंज निवासी मीना देवी ने कहा कि गैस पहुंचाने वाले सभी गाड़ी वाले पचास रुपये तक अ तिरिक्त मांगते हैं।इंडेन का कोई अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं करता।क्या इस पर अंकुश नहीं लग सकता।

**अधिक पैसा लेने वाली एजेंसी पर हो कार्रवाई**

आवास विकास कॉलोनी रमेश का आरोप है कि ट्राली मैन प्रति सिलेंडर 25-30 रुपये अधिक लेता है।कुछ बोलने पर दुर्(?)यवहार भी करता है।एजेंसी वालों को चाहिए कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें। स्टेशन रोड महारानीगंज शेखर गुप्ता का कहना है कि वेंडर उचित मूल्य से अधिक पैसा भी लेते हैं। साथ ही गैस भी जल्द नहीं मिलती।कभी-कभार तो गैस का वजन भी कम होता है।बहराइच रोड प्रदीप ने आरोप लगाया है कि गैस वाले ने गोदाम से भी एक हजार रुपये में सिलेंडर दिया है।जबकि पर्ची पर 970 रुपये ही लिखा है।अगर देखा जाए तो 35.50 प्लस तीस रुपये यानी 65.50 रुपये त क अधिक लिया जा रहा है।सीएनसी की छूट की बात की गई तो कर्मचारी लड़ने एवं दुव्र्यवहार कर ने पर उतारू हो गए।गोदाम पर कैश एंड कैरी की जिले के अधिकतर गैस एजेंसियों पर नहीं लिखा है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।वहीं जेल

रोड राजेंद्र का कहना है कि उन्होंने तीन मई को ही गैस की बुकिंग कराई,लेकिन अभी तक उनको गै स नहीं मिली है।बालपुर के घनश्याम का कहना है कि कैश एंड कैरी व उचित मूल्य के बारे में एजेंसी वालों को गोदाम के मुख्य गेट पर ही लिखना चाहि ए,साथ ही ऐसी कई गैस एजेंसी जांच के दायरे में हैं जिसने अल्टरनेट नंबर को उपयोग करके उपभो क्ताओं के हिस्से का गैस सिलेंडर बाजार में बेच दि या है अगर इनकी जांच हो जाए तो इन पर लाखों रुपए का जुर्माना लग सकता है।

# फॉर्मासिस्ट नहीं अनट्रेंड लोग दे रहे मेडिकल स्टोर्स पर दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर से लेकर जिले भर में मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है।मेडिकल स्टोर्स प र अनट्रेंड लोग दवा दे रहे हैं। जिला प्रशासन जहां गहरी नींद में सो रहा है तो जिम्मेदार विभाग हाथों पर हाथ रख सब देख रहा है।ड्रग विभाग की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है, जिसका नतीजा है कि जिले भर में एक फॉर्मासि स्ट के नाम पर कई दवा की दुकानें धड़ल्ले से संचा लित हो रही हैं।एक समय था जब, फार्मासिस्ट के नाम पर ही मेडिकल स्टोरों का संचालन होता था, लेकिन समय के साथ अब राशन की दुकानों की तरह हर गली मोहल्ले में मेडिकल स्टोर खुले मिल जाएंगे। इनमें बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस और बिना किसी पंजीकृत फार्मासि स्ट के संचालित हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन मेडिकल स्टोर पर दवा देने वाले लोग इस के लिए पात्रता तक नहीं रखते और वह



मरीजों को ऐसी दवाएं भी देते हैं जिनका देने का अधिका र केवल फार्मासिस्ट को ही होता है,सूत्र बता रहे है

कि शहर से लेकर जिले भर में एक ही फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर क ई मेडिकल स्टोर्स चलाने की ख बरें आए दिन सामने आ रही है।इसके अलावा कई मेडिकल स्टोर्स ऐसे भी हैं जो किसी ओर के नाम से रजिस्टर्ड हैं और उसका संचालन कोई और कर रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी औषधि नियंत्रक विभाग इन मेडिकल स्टोर्स

**शहर से लेकर जिले भर में एक फॉर्मासिस्ट के नाम पर कई दुकानें संचालित**

**मेडिकल स्टोर्स किसी ओर के नाम से और संचालन कर रहा कोई ओर**

**कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार विभाग कर रहा सिर्फ खानापूर्ति**

पर कोई कार्रवाई नहीं करते,जबकि नियमानुसार हर विभाग के जिम्मेदा रों को बीस दुकानों की जांच पड़ताल करना होता है।हां कभी-कभी कार्रवाई के नाम पर जरूर खाना पूर्ति कर ली जाती है।शहर और जिले भर में संचा लित मेडिकल स्टोर्स की जानकारी जब औषधि नि यंत्रक विभाग से मांगी गई तो वह इसका सटीक जवाब नहीं दे सका।विभाग के अनुसार जिले भर में जितनी दुकान रजिस्टर्ड हैं उससे दुगना है जिले में अवैध रूप से संचालित हो रही है।

# इटियाथोक में बीडीओ, एपीओ,व प्रधानो के लिए दुधारू पशु बनी मनरेगा योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को इटियाथोक ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भट्ठी में झोंक दिया गया है।विकास की बजाय यहां कमीशन का खेल चल रहा है और इस पूरे काले खेल का सूत्रधार है सूत्र बता रहे है कि ब्लॉक स्तरीय एक मनरेगा क र्मी बाबू और एपीओ जो बेखौफ होकर ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी जिला समन्वयक (डीसी) मनरेगा के नाम पर भी वसूली कर रहा है। ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली ग्राम पंचायतों को इन अफसरों के नाम पर डरा धमका कर लूटा जा रहा है। ग्राम प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर मौखिक रूप से बताया कि तीन प्रतिशत कमी शन एडवांस एस्टीमेट की स्वीकृति के नाम पर चा र प्रतिशत काम पूरा होने के बाद,दो प्रतिशत लेखा कार,दो प्रतिशत एपीओ,और कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए,दो प्रतिशत जेई की जेब में कुल मिलाकर आ ठ प्रतिशत की खुली कटौती जबरन वसूली जा र ही है।सूत्रों के द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि ब्लॉक पर मौजूद विधायक का एक करीबी और कर्मचारियों द्वारा यह भ्रम फैलाया जाता है कि अ गर ऊपर पैसा नहीं गया तो निरीक्षण लग जाएगा जिससे प्रधान डरे सहमे रहते हैं।अफसरों की ईमा नदारी को धूमिल करने का यह सुनियोजित षड्यं त्र अब धीरे धीरे उजागर हो रहा है,मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ आए दिन जीरो



टॉलरेंस की नी ति की बात करते हैं आए दिन भ्रष्टाचार के खिला फ चेतावनी देते हैं कि अगर कोई व्यक्ति वसूली करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। लेकिन ब्लॉक के भ्रष्ट कर्मचारी बेखौफ हैं, जैसे कि उन्हें किसी साजिशन राजनीतिक या प्र शासनिक संरक्षण प्राप्त हो।मनरेगा में साइड की संपूर्ण जि म्मेदारी देखरेख की एपीओ की होती है लेकिन एपीओ साहब तो पुराने भ्रष्टाचारी ही तैनात है,क्यों कि वही एपीओ साहब जो वर्ष 2020 में तरबगंज में तैनाती के दौरान मनरेगा के तहत 74. 27 लाख रुपये के फर्जी भुगतान की साजिश में शामिल एपीओ की सेवा समाप्त कर दी गई थी। तत्का लीन सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने मनरेगा के तहत लंबित भुगतान की समीक्षा ब्लॉकवार की थी समीक्षा के दौरान तरबगंज ब्लॉक में गत तीन वर्ष के 74.27 लाख रुपये के बिल-वाउचर भुगतान के लिए लंबित पाए थे।इसके बाद सत्यापन के लिए कमेटी बनाई थी,उन्होंने बताया कि जांच शुरू होने से पहले ही 64.90 लाख रुपये के बिल - बाउचर अचानक डिलीट कर दिए गए। सत्यापन में बिना सामग्री क्रय किए ही भुगतान की कोशिश करने का राजफाश हुआ था।इसपर कारण बताओ नो टिस जारी करके जवाब-तलब किया गया था।संतो षजनक जवाब न मिलने पर मामले में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट डीएम को भेजी गई थी।तत्कालीन डी एम डॉ.नितिन बंसल ने तरबगंज के तत्कालीन ए पीओ गिरजेश कुमार पांडेय की संविदा समाप्त कर दी थी। उसके कुछ वर्ष बाद हाईकोर्ट से बहा ल होकर फिर इटियाथोक में तैनाती मिली है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि वसूली के बाद कोई अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आता।सिर्फ फोटो खींचकर हाजिरी लगवा दी जाती है और कागजों में काम पूरा दिखा दिया जाता है।इटियाथोक ब्लॉ क में ग्राम पंचायत सचिवों की भूमिका को पूरी त रह शून्य कर दिया गया है।एमआर (मस्टररोल) जै सी संवेदनशील प्रक्रिया में अब सचिव के हस्ताक्षर की भी जरूरत नहीं समझी जा रही, जबकि नियम साफ कहते हैं कि बिना सचिव के सत्यापन के को ई कार्य

**बीजेपी विधायक की पत्नी प्रमुख उस ब्लॉक में मनरेगा में बह रही है भ्रष्टाचार की गंगा...**

**बिशनपुरमाफी,सोमरही,रूद्रापुर ,पूरेमुद्दी,जगतपुर**

**निशारुपुर,हरदाईभट पुरवा सहित कई गांव में चल रहा डबल रोल का खेल**

वैध नहीं माना जा सकता,बीडीओ,एपीओ और जेई कि तिकड़ी सब सर्वो पर है,सूत्रों का कह ना है कि जिन ग्राम पंचायत में मनरेगा खूब चलती है वहां पर निरीक्षण के नाम पर भी बीच में मोटी धन उगाई की जाती है।अगर अफसर अकेले में बा त करें,तो वे पूरी सच्चाई बता देंगे। वे चाहते हैं कि गोपनीय जांच करवाई जाए,ताकि इस भ्रष्ट तंत्र की असली सूरत सामने लाई जा सके।सरकारी धन की बंदरबांट पर प्रशासन मौन है। अब सवाल यह है कि क्या अफसर अपनी ही साख बचाने के लिए अब कोई कार्रवाई करेंगे या फिर ये लूट यूं ही चल ती रहेगी.? यही समय है जब गोंडा प्रशासन को स ख्ती से नकेल कसनी चाहिए,वरना मनरेगा का भ रोसा मिट्टी में मिल जाएगा।

# गोंडा में अवैध खनन का जमकर खेल

**दिन-रात मिट्टी भरी दौड़ रहीं ट्रैक्टर ट्रालियां**

**राजस्व विभाग और पुलिस मिलकर करवा रही अवैध खनन,शिकायत पर मौन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नगर कोतवाली और देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार खुलेआ म खूब फल-फूल रहा है खनन माफिया जुगाडू जे सीबी मशीन और दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों के जरिए मिट्टी खनन कर लाखों रुपये की काली कमाई कर रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि शिकायतों के बाव जूद राजस्व और पुलिस विभाग मौन साधे हुए हैं, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और सुनसान इलाकों में दि न- रात मिट्टी की खुदाई जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया बिना किसी अनु मति के



खेतों और खाली पड़ी जमीनों से मिट्टी नि कालकर ऊंचे दामों में बेच रहे हैं।रात के अंधेरे में ट्रैक्टर ट्रालियां तेज रफ्तार से सड़कों पर फर्राटा भरती नजर आती हैं,जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से जहां सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।लगातार खुदाई से कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए

**परमिशन के नाम अवैध कारोबार**

गोंडा जनपद में खनन माफिया जुगाड़ू सिस्टम के बल पर परमिशन के नाम अवैध कारोबार कर रहे हैं पैसे रुपए के बल पर परमिशन केवल लेबर फड वे से ट्राली में भर सकते हैं वह भी बेच नहीं सकते केवल निजी कार्य के लिए नियम है लेकिन यहां प रमिशन के नाम लगातार अवैध खनन करते हुए काली कमाई की जा रही हैं।

हैं,जो आने वाले समय में हा दसों का कारण बन सकते हैं।लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर तत्काल कार्यवाही की मांग की है सूत्रों की मानें तो खनन कारोबार में कई प्र भावशाली लोगों की मिलीभगत होने के कारण जिम्मेदार विभाग कार्यवाही करने से बच रहे हैं। हालांकि क्षेत्रीय प्रशासन की चुप्पी अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है,यही नहीं बहराइच रोड,गोंडा - फैजाबाद रोड,सिविल लाइन जेल रोड

# नागपुर में जल संरक्षण और पर्यावरणीय सरोकारों पर राष्ट्रीय सम्मान समारोह, पर्यावरण पत्रकार विवेक मिश्रा सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन और सम्मान कार्यक्रम में पर्यावरण पत्रकार विवेक मिश्रा को पानी संरक्षण, नदियों और पर्यावरणीय संकटों पर उनकी गंभीर और जागरूक लेखनी के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर तथा देशभर से पहुंचे जल, पर्यावरण और समाज के क्षेत्र में कार्य कर रहे अनेक विशेषज्ञ और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ङ्खजलसंवादङ्क सत्र में जलपर्व पुस्तक का विमोचन भी किया गया। यह पुस्तक देश के जाने-माने पर्यावरणविदों, शोधकर्ताओं और जल क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों के लेखों एवं विचारों का महत्वपूर्ण संकलन है, जिसमें विवेक मिश्रा का लेख भी प्रकाशित किया गया है। अपने लेख के संदर्भ को दोहराते हुए मिश्रा ने कहा कि दुनिया तेजी से ङ्खवाटर बैंकरप्सीङ्क की स्थिति की ओर बढ़ रही है और भारत में



जल विपन्नता का संकट लगातार गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की करोड़ों लोगों को जीवन देने वाली गंगा नदी आज खुद सूखे और प्रदूषण की मार से जूझ रही है। यह संकट और भी भयावह तब हो जाता है जब गंगा की सहायक नदियां लगातार नालों में बदलती जा रही हैं। तराई क्षेत्र में इसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है और यदि समय रहते गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले वर्षों में यह स्थिति गहरे जल संकट का रूप ले सकती है। करीब दो दशकों से पर्यावरणीय मुद्दों पर सक्रिय विवेक मिश्रा जल, नदियों, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संकटों पर लगातार लेखन और शोध करते रहे हैं। उन्हें वर्ष 2013 में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की ओर से अक्षय ऊर्जा विषय पर फ़ेलोशिप भी प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा देश के प्रसिद्ध गांधीवादी पर्यावरणविद अनुपम मिश्रा के मार्गदर्शन में उन्होंने घाघरा नदी की बाढ़ और उससे जुड़ी सामाजिक त्रासदी पर विस्तृत शोध कार्य किया था। इस शोध को वर्ष 2015 में अमर उजाला ने प्रकाशित किया। बाद में नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और वरिष्ठ पत्रकार मार्क टली की उपस्थिति में इस शोध कार्य को सम्मानित किया गया था।

नागपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मिश्रा के साथ जल और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कई प्रमुख लोगों को भी सम्मानित किया गया। इनमें चित्रकूट के पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडेय, उत्तराखंड के पर्यावरणविद अनिल जोशी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पद्मश्री किसान सेठपाल सिंह, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से जुड़े विशेषज्ञों सहित जल क्षेत्र के करीब 40 प्रख्यात गणमान्य लोग शामिल रहे। मूल रूप से बहराइच के रहने वाले विवेक मिश्रा लंबे समय से देश के गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों पर सक्रिय पत्रकारिता और शोध कार्य कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने पहली लहर में सामाजिक और पर्यावरणीय संकट के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए दिल्ली से उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती तक प्रवासी श्रमिकों के साथ करीब 800 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने लगातार वीडियो और जमीनी दस्तावेजीकरण किया तथा मशहूर पर्यावरणविद सुनीता नारायण के साथ विकास के दुष्परिणामों और प्रवासी श्रमिकों की पीड़ा को देशभर तक पहुंचाया। बाद में इस अनुभव और अध्ययन को अफ्रीका की एक प्रमुख विज्ञान सम्मेलन में भी सुना और सराहा गया। विवेक मिश्रा पिछले करीब आठ वर्षों से सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट से जुड़े हुए हैं। उनकी लेखनी लगातार डाउन टू अर्थ में प्रकाशित होती रहती है, जहां वे जल संकट, नदियों, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय न्याय और विकास के दुष्प्रभावों जैसे मुद्दों पर गहन रिपोर्टिंग और विश्लेषण करते हैं।

# चोरी के चार सोलर पैनल और गैस सिलेंडर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना पीपरपुर पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत दो तमंचा व चार जिन्दा कारतूस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी का चार अदद सोलर पैनल प्लेट, दो अदद बड़ी बैटरी, एक घरेलू सिलेण्डर व एक अदद पीतल का घण्टा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार शैलेन्द्र यादव उर्फ सचिन यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी पूरे कुमार शाह मजरे भीमी थाना अमेठी, आर्यन प्रताप पुत्र रामअचल गौतम निवासी भीमी. शिवप्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह पुत्र स्व0 रामदास सिंह निवासी ग्राम इस्माइलपुर छोटा थाना पीपरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में शैलेन्द्र यादव के कब्जे से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस एवं




आर्यन प्रताप के कब्जे से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के पास से चार अभियुक्तों के पास से चार अदद सोलर पैनल प्लेट,दो अदद बड़ी बैटरी, एक घरेलू सिलेण्डर व एक अदद पीतल का घण्टा बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि बरामद चार सोलर पैनल प्लेट चौदह दिसम्बर को सवनगी नदी के पास किरन सिंह के ट्यूबबैल से चोरी किया था, व बरामद दो अदद बैटरी व एक घरेलू सिलेण्डर व एक अदद पीतल का घण्टा के बारे में बताया कि ये सामान उन लोगों ने उनतीस अप्रैल को कम्पोजिट विद्यालय लहना से चोरी किया था। उक्त चोरियों के संबंध में थाना पीपरपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धाराओ एवं आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई और मोटर साइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# भूमिगत हो गये हैं चोर और सड़क छाप मजनू, वजीरगंज थानाध्यक्ष की कड़क कार्यशैली से आम जनमानस ख़ुश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । थाना वजीरगंज थानाध्यक्ष विपुल पाण्डेय की कड़क कार्यषैली के कारण एक तरफ जहां आपराधिक घटनाओं में रोक लगी है वहीं दूसरी तरफ सड़क छाप मजनू और छुट भैये चोर भूमि गत हो गये हैं।थानाध्यक्ष की कार्यषैली की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है और ग्रामीण खुश नजर आ रहे हैं।जानकारी के अनुसार,जब से वजीरगंज था ने की कमान विपुल पाण्डेय के हाथों में पुलिस अधीक्षक ने सौंपी उसके बाद से थानाध्यक्ष की सक्रियता के कारण क्षेत्र की जनता है ने राहत की सांस ली है।गोंडा-फैजाबाद हाईवे किनारे वजीरगं ज थाना स्थित है। हाईवे होने के कारण यहां पर आवागमन हमेशा बना रहता है। जिसके कारण आये दिन सड़क दुघर्टनाएं से लेकर सड़क किनारे दुकानों पर शातिर चोरों की नजर हमेशा बनी रह ती है।लेकिन थानाध्यक्ष बनने के बाद से ही विपुल पाण्डेय ने अपने सहयोगियों के साथ गस्त तो कर ते ही हैं साथ ही सड़क पर अगर कोई हादसा होता है तो सबसे पहले वहां पर पहुंच करके पीड़ितों की मद्द करने के लिए वहां पहुंच जाते हैं।इसके अला वा बाजारों में व विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब स्कूली छात्राएं घर के लिए निकलती है तो पहले से वहां मौजूद सड़क छाप मजनू छात्रा ओं की नाक में दम कर रखे थे लेकिन थानाध्यक्ष ने ऐसे कई मामलों में सड़क छाप मजनुओं को का नूनी पाठ पढ़ाया तो उसके बाद से सड़क छाप म जनू विद्यालय के आसपास नजर नहीं आ रहे हैं। यही हाल क्षेत्र में छुटपुट चोरी की घटनाओं को अंजाम



देने वाले चोर भी अब भूमिगत हो गये हैं। नही पहले जहां आयेदिन किसी न किसी दुकान और गुमटी से चोरी की छुटपुट घटनाएं हुआ करती थी लेकिन अब वर्तमान में क्षेत्र में कहीं पर भी चो री की कोई घटना नही सुनायी पड़ रही, थानाध्यक्ष विपुल पाण्डेय का कहना है कि मेरा दायित्व है कि अपने क्षेत्र में कोई भी अपराध न होने दूं अगर मेरे पास कोई पीड़ित आता है तो उसकी समस्या सुन करके जो मेरे कानून के दायरे में आता है उसका समाधान करने में पीछे नहीं रहता हूँ। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि मैने स्पष्ट संदेश क्षेत्रीय ग्रामीणों को देखा रखा है अगर कहीं भी कोई भी घटना घटी किसी का नाम जांच में सामने आया तो उस को कानूनी पाठ जरुर पढ़ाया जायेगा।कुल मिला कर पिछले कई महीनों से वजीरगंज थाने पर का र्यरत थानाध्यक्ष की कार्यषैली क्षेत्र की जनता को काफी पसंद आ रही है।क्षेत्रीय जनता का कहना है कि अगर जिस तरह से वजीरगंज थानाध्यक्ष कार्य कर रहे हैं उसी तरह से अगर अन्य थानाध्यक्ष का म करें तो थाना क्षेत्र में कभी किसी को कोई शिका यत नही रहेगी।

## अनफिट व वैधता समाप्त स्कूली वाहनों के लिए संचालित होगा विशेष अभियान

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । ए.आर.टी.ओ. प्रशासन सुशील कुमार ने स्कूली वाहन स्वामियों को सुझाव दिया है कि यदि वाहन की फिटनेस एवं परमिट की वैधता समाप्त हो गई है, तो तत्काल फिटनेस एवं परमिट नवीनीकरण का कार्य कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 में दी गई व्यवस्थानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। सड़क सुरक्षा एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। श्री कुमार ने समस्त प्रधानाचार्य व विद्यालय संचालकों को भी सुझाव दिया है कि जिन वाहनों की फिटनेस एवं परमिट वैधता समाप्त हो गयी है उन्हें कदापि संचालित न होने दे तथा सम्बन्धित वाहन स्वामियों को वाहन के फिटनेस एवं परमिट नवीनीकरण हेतु निर्देशित कर दें। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं असुविधा से बचा जा सकें। उन्होंने बताया कि समस्त प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि फिटनेस एवं परमिट समाप्त स्कूली वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी एवं कठोर प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## ई-लाटरी के माध्यम से होगा 02 देशी मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में वर्ष 2026-27 हेतु 02 देशी मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा 29 मई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

## संयुक्त जनादेश पार्टी की जनभागीदारी यात्रा पूरनपुर में संपन्न, पदाधिकारियों को वितरित हुए आईडी कार्ड

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के एक होटल में संयुक्त जनादेश पार्टी सहयोगी दल भाजपा की जनभागीदारी यात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कुमार गुरु, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सनोज कुमार पंछी, प्रदेश अध्यक्ष केपी श्रीवास्तव, प्रदेश प्रभारी शेखर पाण्डेय, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गुरदेव सिंह, जिला अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष संजीव यादव, पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन पाण्डेय, प्रदेश मंत्री संजीव मौर्य सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पदाधिकारियों को दी और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

# बकरीद पर शांति और सौहार्द का संदेश, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।आगामी ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से पूरनपुर कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने की, जबकि प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मौजूद लोगों को सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं और जिम्मेदार लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगर और देहात क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा खासतौर पर ब्लॉक रोड की जर्जर हालत और त्योहार से पहले पूरे नगर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई धार्मिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कुर्बानी से जुड़े नियमों और शासन की गाइडलाइंस की जानकारी दी उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में खुले स्थान पर कुर्बानी न की जाए तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से पूरी तरह बचा जाए साथ ही कुर्बानी के अवशेषों का सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से निस्तारण करने की अपील भी की प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान क्षेत्र में पुलिस की सतर्क निगरानी रहेगी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस टीम लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखेगी बैठक में हाफिज असलम नूरी, हाफिज अरशद खान, हाजी रियाजत नूर खान, सैफ रजा मॉन्टू, तकी खान, जावेद खान, अमानत खान, नूरुल खान, ताज मोहम्मद और हाजी फैयाज अहमद समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और क्षेत्र में भाईचारा बनाए रखने का भरोसा दिलाया हैं।

# सुल्तानपुर को बड़ी सौगात, विधायक के प्रयास से शुरू हुआ करौंदिया पुलिस लाइन विद्युत उपकेंद्र, हजारों लोगों को मिलेगी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। वर्षों से बिजली संकट झेल रहे करौंदिया पुलिस लाइन और आसपास के मोहल्लों के लोगों के लिए आखिरकार राहत भरी खबर सामने आई है। सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के लगातार प्रयासों से करौंदिया पुलिस लाइन विद्युत उपकेंद्र बनकर तैयार हो गया, जिसका उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया। इस उपकेंद्र के शुरू होने से पुलिस लाइन सहित आसपास के करीब आधा दर्जन मोहल्लों में लो वोल्टेज, ओवरलोडिंग, ट्रांसफार्मर फुंकने, केबल जलने और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस समस्या से परेशान थे और लगातार जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि विधायक विनोद सिंह ने जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग से प्रस्ताव तैयार करवाकर शासन को भेजा और लगातार ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर तक पैरवी की। उनके प्रयासों का ही परिणाम रहा कि करौंदिया पुलिस लाइन विद्युत उपकेंद्र को स्वीकृति मिली और निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सभासद संजय कप्तान, रमेश सिंह टिन्नू, सुधीर तिवारी, अफ़ज़ल अंसारी, संदीप गुप्ता, मनीष जायसवाल, नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता विपुल जैन, अधिशासी अभियंता अश्वनी कुमार वर्मा, उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता कृष्ण चंद्र कुशवाहा सहित विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे। वहीं लगातार हो रही बिजली कटौती पर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि बिजली संकट केवल सुल्तानपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश की समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया गया है। जल्द ही प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम से पहले विधायक विनोद सिंह ने अपने आवास पर जनसुनवाई भी की, जहां दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यह उपकेंद्र केवल बिजली व्यवस्था को मजबूत नहीं करेगा, बल्कि आने वाले समय में बढ़ती आबादी और बिजली जरूरतों को भी पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# बाबा चित्थरशाह के सालाना उर्स पर आयोजित जबाबी कव्वाली में उमड़ा जनसैलाब

**रात्रिपाली में कव्वाल शाहिद झंकार और नेहा सुलतानी के मध्य जबाबी कव्वाली में मंत्रमुग्ध हुये श्रोता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल बाबा चित्थरशाह का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जायरीनों ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर मत्था टेका तो रात्रि की बेला में आयोजित शानदार जबाबी कव्वाली ने हजारों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।क्षेत्र के कस्बा सेमरौता से तिलोई मार्ग पर स्थित बाबा चित्थर शाह की मजार पर दो दिवसीय सालाना उर्स सम्पन्न हुआ इस मौके पर बड़ी संख्या में बाबा के भक्त मजार पर पहुंचे और चादर चढ़ाकर मन्नते मांगी।हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल मानी जाने वाली इस मजार पर हिन्दुओं की भी अच्छी खासी तादाद है जो बाबा के मुरीद है और उस दर पर सजदा करने पहुंचते है।उर्स के पहले दिन शुक्रवार को तकरीर का कार्यक्रम आयोजित हुआ तो शनिवार को नागपुर से पधारे कव्वाल शाहिद झंकार और बनारस की कव्वाला नेहा सुलतानी के मध्य शानदार जबाबी कव्वाली का आयोजन हुआ।आसपास से लेकर दूर दराज तक के लोग कव्वाली में शिरकत करने पहुंचे।बाबा की मजार को आधुनिक लाइटों एवं फूलों से सजाया गया था।प्रांगण में लगे विशाल मेले में बच्चों ने आकर्षक झूलों का लुत्फ उठाया। कमेटी के सदस्यों ने सालाना उर्स के मुख्य अतिथि समाज सेवी रोहित सिंह रजनपुर समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों का फूल मालाओं से स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। समाज सेवी रोहित सिंह ने शीतल पेयजल के लिये मजार प्रांगण में वाटर कूलर लगाये जाने के लिये इक्कीस हजार रुपया उर्स कमेटी को प्रदान किया और दोनों कव्वाल को इक्यावन इक्यावन सौ रुपये की धनराशि भेंटकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजक जहीर कुरैशी ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, रमेश पासी, अवधेश त्रिपाठी, मोहम्मद मुस्लिम, राजीव सिंह, रामू त्रिपाठी,शकील अहमद, भारत लाल सोनी, रेहान हासमी,आरिफ खान,जुम्मन कसगर,वसीम, मोहम्मद उस्मान सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# पूरनपुर में अवैध खनन का काला खेल: सफ़ेदपोशों के संरक्षण में बेखौफ माफिया, मुख्यमंत्री के आदेश भी बेअसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अवैध खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है हालात ऐसे हैं कि दिन हो या रात, खनन माफिया बिना किसी डर के खुलेआम प्रशासनिक आदेशों को चुनौती देते नजर आ रहे हैं शासन स्तर से लगातार सख्ती और मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अवैध मिट्टी एवं बालू खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे कुछ प्रभावशाली सफ़ेदपोशों का संरक्षण होने के कारण खनन माफिया पूरी तरह बेखौफ बने हुए हैं ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नदी किनारों और खेतों तक जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किया जा रहा है देर रात तक सड़कों पर दौड़ते ओवरलोड वाहन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है छोटे स्तर पर कार्रवाई दिखाकर बड़े खिलाड़ियों को बचाने का आरोप भी लगाया जा रहा है सूत्रों के अनुसार, अवैध खनन से जुड़े कारोबारियों के तार कुछ राजनीतिक और रसूखदार लोगों से जुड़े होने की चर्चाएं आम हैं यही कारण है कि खनन माफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते दिखाई देते हैं कई स्थानों पर कृषि भूमि को गहरे गड्ढों में तब्दील कर दिया गया है, जिससे किसानों और ग्रामीणों के सामने खतरा पैदा हो गया है बरसात के मौसम में यही गड्ढे हादसों की वजह बन सकते हैं ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक टीमें कभी-कभार कार्रवाई के लिए निकलती जरूर हैं, लेकिन खनन माफियाओं को पहले ही सूचना मिल जाने के कारण वे मौके से फरार हो जाते हैं इससे प्रशासन और खनन कारोबारियों की मिलीभगत की चर्चाएं और तेज हो रही हैं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि अवैध खनन से हर महीने लाखों रुपये का राजस्व नुकसान सरकार को हो रहा है मुख्यमंत्री द्वारा अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश कई बार दिए जा चुके हैं, लेकिन पूरनपुर क्षेत्र में इन आदेशों का असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह काला कारोबार लगातार जारी है और कब तक सरकारी आदेशों को इसी तरह ठेंगा दिखाया जाता रहेगा क्षेत्रीय नागरिकों ने शासन और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर अवैध खनन में शामिल लोगों और संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सरकारी व्यवस्था पर जनता का विश्वास कायम रह सके।

## भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान से सम्मानित हुईं सुलोचना मौर्य, महिला शिक्षक संघ ने जताया हर्ष

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुलोचना मौर्य को नई दिल्ली में इंटरनेशनल अवार्ड काउंसिल द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में 'भारत गौरव प्रतिभा रत्न' से सम्मानित किया गया है ।डॉ. सुलोचना मौर्य ने महिला एवं बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा जागरूकता और सामाजिक उत्थान से जुड़े कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचारों और समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए उन्हें दिल्ली में इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षिकाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष और कमजोर वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर किया है ।डॉ. मौर्य को 'भारत गौरव प्रतिभा रत्न' सम्मान मिलने की जानकारी मिलते ही महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अनीता तिवारी के नेतृत्व में जनपद की कई शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनीता तिवारी ने कहा कि यह सम्मान पूरे शिक्षक समाज और जनपद के लिए गौरव की बात है। इससे अन्य शिक्षिकाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।संगठन की पदाधिकारियों ने डॉ. सुलोचना मौर्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. मौर्य ने कहा कि यह सम्मान उनकी नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं और शिक्षिकाओं का है जो शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं।

## जोगराजपुर में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप से सनसनी, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जोगराजपुर में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को कथित रूप से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पकड़ लिया मामले की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, सुबह करीब 7:30 बजे गांव में एक व्यक्ति लोगों के बीच ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा था आरोप है कि वह लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा था ग्रामीणों को जब इस गतिविधि पर शक हुआ तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर उसे रोक लिया और पूछताछ शुरू की बताया गया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनोखे लाल बताया ग्रामीणों का दावा है कि आरोपी ने स्वयं स्वीकार किया कि वह ईसाई धर्म का प्रचार करता है और लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करता है इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को सूचना दी घटना की खबर फैलते ही गांव में भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से धर्म परिवर्तन कराने की कोशिशें चल रही थीं, लेकिन पहली बार किसी व्यक्ति को मौके पर पकड़ा गया है मामले को लेकर गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है जोगराजपुर निवासी पुलकित मिश्रा ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है तहरीर में कहा गया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए फिलहाल थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत और तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है तथा जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूरनपुर के होटल में देह व्यापार की अफवाह से मचा बवाल, पुलिस जांच में खुली सच्चाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक होटल में उस समय हड़कंप मच गया, जब होटल में देह व्यापार संचालित होने और गैर समुदाय के युवक-युवती के ठहरने की चर्चा तेजी से फैल गई सूचना मिलते ही राष्ट्रीय बजरंग दल और हिन्दू परिषद के कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए देखते ही देखते होटल के बाहर लोगों की हल्की फुल्की भीड़ जमा हो गई और माहौल गरमा गया हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने होटल में युवक और युवती के ठहरे होने पर आपत्ति जताते हुए मामले की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और होटल में जांच पड़ताल शुरू कर दी पुलिस ने होटल के रजिस्टर, पहचान पत्र और होटल स्टाफ से पूछताछ की जांच के दौरान सामने आया कि युवक और युवती दोनों एक ही समुदाय के हैं और होटल में वैध पहचान पत्र के आधार पर रुके हुए थे पुलिस को मौके पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि या देह व्यापार से जुड़े साक्ष्य नहीं मिले इसके बाद पुलिस ने स्थिति को शांत कराया पुलिस अधिकारियों ने होटल प्रबंधन को निर्देश दिए कि होटल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आईडी जांचने के बाद ही कमरा उपलब्ध कराया जाए और सभी एंट्री नियमों का सख्ती से पालन किया जाए वहीं युवक और युवती को भी आवश्यक हिदायत देकर छोड़ दिया गया घटना के दौरान होटल के बाहर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा पुलिस ने लोगों से अपील की कि बिना पुष्टि किसी भी अफवाह को फैलाने से बचें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें मामले को लेकर नगर मे काफी देर तक चर्चाओं का दौर चलता रहा हैं।

## भीषण गर्मी में राहत का सहारा बने सभासद सौरभ सक्सेना, वार्ड नंबर 2 में लगाया ठंडा प्याऊ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड नंबर 2 के सभासद सौरभ सक्सेना द्वारा राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए ठंडे पानी का प्याऊ तथा चने के प्रसाद की व्यवस्था कराई गई तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध होने से काफी राहत मिली इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों ने प्याऊ पर पहुंचकर ठंडा पानी ग्रहण किया और चने का प्रसाद प्राप्त किया लोगों ने सभासद के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्था मानव सेवा का बड़ा उदाहरण है सभासद सौरभ सक्सेना ने कहा कि ज्येष्ठ माह में गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाना और सेवा कार्य करना सबसे बड़ा पुण्य है उन्होंने आगे भी क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हर संभव प्रयास जारी रखने की बात कही कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे हैं।

## इन्हौना से बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े उड़ाई मोटर साइकिल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र के बस स्टेशन इन्हौना के पास बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन वाहन का सुराग नही लगा सकी है। थाना क्षेत्र के गांव दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर निवासी सालिम पुत्र मोहम्मद हुसैन अपनी मोटर साइकिल स्पलेंडर संख्या यूपी 32 जे क्यू 3594 से अपनी पत्नी के साथ इन्हौना बाजार घरेलू सामग्री खरीदने आये थे वह बस स्टेशन के पास मोटर साइकिल खड़ी कर के सामान खरीदने चले गये। घरेलू सामग्री खरीदने के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो बाइक नदारद मिली। वाहन स्वामी ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही लग सका पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। अब सवाल यह उठता है कि घटना स्थल से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस का पहरा रहता है तो इन बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े मोटर साइकिल कैसे पार कर दिया ? आपरेशन दृष्टि अभियान के तहत जगह जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं फिर भी चोरों को पुलिस का जरा भी खौफ नही रहा।

# चोरी की चार बाइकों के साथ दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**एसपी ने मुसाफिरखाना पुलिस को पन्द्रह हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफ़िरखाना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व बीस हजार रुपये का इनामिया बदमाश सहित कुल दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की कुल चार मोटरसाइकिलें व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मंगलम अण्डरपास के पास सुलतानपुर की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोक कर पूछताछ की गयी तो मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम-पता रोशन अहमद पुत्र इन्तजार अहमद निवासी ग्राम भीखीपुर थाना मुसाफिरखाना व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आकाश गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी ग्राम गल्लामंडी थाना मुसाफिरखाना बताया। मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस के कागज मांगने पर दिखा नही सके।रोशन अहमद थाना मुसाफिरखाना पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व बीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में चोरी के कई अभियोग पंजीकृत है जिसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुये जिसमें से एक मोबाइल फोन रियल मी चोरी का होना बताया।बरामद स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल को करीब तीन माह पूर्व कामाख्या इण्टर कॉलेज सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ से चोरी किया था बरामद मोबाइल उसी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखा था। इन युवकों की निशानदेही पर पब्लिक हॉस्पिटल के आगे एक खण्डहर से चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिलें बरामद हुईं, जिसमें अपाचे मोटरसाइकिल को लगभग पचास दिन पूर्व जनपद सुलतानपुर कचहरी से, दूसरी मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस को लगभग सोलह दिन पूर्व अलीगंज बाजार थाना बंधुआ कला जनपद सुलतानपुर से, तीसरी मोटरसाइकिल लगभग दो माह पूर्व राजापुर बाजार थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर से चोरी करना तथा पकड़े जाने के डर से मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदल देना बताया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पन्द्रह हजार रुपये नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है।

# मिशन ज्ञानदीप के 31वें सप्ताह में विनायक का समर्पित सहयोग, बच्चों में दिखा शिक्षा के प्रति उत्साह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित मिशन ज्ञानदीप का 31वां सप्ताह उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत निषाद बस्ती बल्लीपुर में बच्चों को उनकी कक्षा एवं शैक्षणिक स्तर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

फाउंडेशन की टीम लगातार बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों की सरल, व्यवस्थित और व्यवहारिक जानकारी दे रही है। शिक्षकों द्वारा रोचक एवं सहज शिक्षण पद्धति अपनाए जाने से बच्चों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास और जिज्ञासा लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में शिक्षा के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ना, उनके बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के शिक्षक विनायक मिश्रा ने समर्पण भाव के साथ बच्चों का मार्गदर्शन किया और शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनका सहयोग और समर्पण बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में मिशन ज्ञानदीप लगातार एक सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनता जा रहा है, जिसकी सराहना स्थानीय लोग भी कर रहे हैं।

# डीएम इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त 360 सिलेंडरों की व्यवस्था, कंट्रोल रूम भी स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद में रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य द्वारा गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी उपभोक्ताओं तक समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग बनाए रखने की भी अपील की है। जिला प्रशासन के सक्रिय प्रयासों के तहत रविवार 24 मई 2026 को ऑयल कंपनी के डिपो से 360 अतिरिक्त गैस सिलेंडरों का लोड मंगाया गया। इन सिलेंडरों का वितरण मेसर्स इंडेन गैस सर्विस, कुड़वार सुलतानपुर से जुड़े उपभोक्ताओं को सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुचारू रूप से कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के गैस रिफिल उपलब्ध कराई जा रही है और फिलहाल किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इसके साथ ही जिला पूर्ति कार्यालय सुलतानपुर में एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह मोबाइल नंबर 9120098526, 7800900041 एवं 9696282871 पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकता है।

## तीन माह से वेतन न मिलने पर संकट में एनएचएम कर्मी, आर्थिक तंगी से बढ़ी मानसिक परेशानी

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन न मिलने का मामला सामने आया है। वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी से कर्मचारियों के सामने आर्थिक और मानसिक संकट गहराता जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में तैनात सैकड़ों संविदा कर्मचारी नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने परिवार का खर्च चलाना कठिन हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि घर का राशन, बिजली-पानी के बिल और बच्चों की पढ़ाई का खर्च संभालना चुनौती बन गया है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ किताब-कॉपी, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षिक जरूरतों का दबाव भी बढ़ गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उनके होम लोन, वाहन लोन और पर्सनल लोन की इएमआई समय पर जमा नहीं हो पा रही है, जिससे बैंक पेनल्टी बढ़ रही है।

## सम्पादकीय

# मां-बाप का हक

संवेदनाओं के क्षरण व आत्मकेंद्रित होती नई पीढ़ी के दौर में मां-बाप की बेकद्री विचलित करने वाली है। यह विडंबना ही है कि उन मां-बाप की देखभाल करने का निर्देश अदालत को देना पड़ रहा है, जिनका ऋण वे कभी चुका ही नहीं सकते। मां के रक्त से सींचे गए और पिता की पसीने से पले-बढ़े बेटे से यदि अदालत को कहना पड़े कि 'मां को घर में रहने के लिये एक कमरा, अलग बाथरूम और बुनियादी सुविधाएं दी जाएं', तो यह बात शर्मसार करने वाला है। जिस मां ने नौ माह तक बेटे को अपने पेट में पाला, उसे घर में रहने देने के लिये अदालत को निर्देश देना पड़े, इससे बड़ा कृतघ्नता का दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। भले ही यह कोर्ट का आदेश हो, लेकिन यह एक अलिखित नैतिक दायित्व पहले से ही है। निश्चय ही यह घटनाक्रम हमारे समाज की बेहद कष्टदायक होती तसवीर को ही उकेरता है। सामान्य तौर पर मां-बाप अपना पेट काटकर, अपने सुख-सुविधाओं पर समझौता कर, बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करते हैं। एक मां-बाप ही होते हैं जो सच्चे मन से अपने बच्चों की तरक्की चाहते हैं। निस्संदेह, ऐसी पढ़ी-लिखी संतानों से अनपढ़ संतानें बेहतर हैं, जो कम से कम अपने वृद्ध माता-पिता के पास रहकर उनका ख्याल तो रखती हैं। यह सवाल परेशान करने वाला है कि जिस समाज में 'मातृ देवो भव' की सर्वस्वीकार्य मान्यता रही हो, वहां ये कैसी कलयुगी संतानें जन्म ले रही हैं? मां-बाप की बेकद्री की यह अकेली कहानी नहीं है, हर रोज अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें धन-संपत्ति के लिये मां-बाप से क्रूरता की जा रही होती है। निस्संदेह, यदि उनकी अवहेलना व उत्पीड़न का यह क्रम यूं ही चलता रहा तो बहुत संभव है भारत में भी पश्चिमी देशों जैस चलन शुरू हो जाएगा, जहां मां-बाप बच्चों को होश संभालने के बाद ही उन्हें पैरों पर खड़ा होने के लिये चलता कर देते हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों में मां-बाप मानकर चलते हैं कि बड़े होकर बच्चों ने उनकी देखभाल नहीं करनी, अतरू इनसे पहले ही किनारा कर लो। आधुनिकता व तरक्की की लाख इबारतें लिख ली जाएं, भारतीय समाज कभी पश्चिमी समाज की तर्ज पर नहीं चल सकता। भारत श्रवण कुमार का देश है और आज भी अधिसंख्य संतानें अपने मातृ-पितृ ऋण उतारती हैं। उनका ख्याल रखती हैं। विकृतियां महानगरीय संस्कृति की भी देन हैं। बच्चों की भी अपनी दुश्वारियां हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में वो शक्ति है जो पारिवारिक मूल्यों को सींचती है। बहरहाल, माता-पिता की सेवा-सम्मान व बुढ़ापे में उनकी देखभाल करना महज एक सांस्कृतिक दिखावा नहीं है बल्कि संतानों का नैतिक-कानूनी दायित्व भी है। हाल ही में कोर्ट ने जिस घर में बेटे को वृद्ध मां को एक कमरा आदि देने को कहा, वह मकान वृद्धा के दिवंगत पति द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें अपना हक पाने हेतु उसे न्यायिक हस्तक्षेप का सहारा लेना पड़ा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि किसी वृद्ध मां को आश्रय और आत्म स्वाभिमान हेतु बच्चों के खिलाफ कोर्ट-कचहरी करनी पड़े। निस्संदेह, यह उस भारतीय संयुक्त परिवार परंपरा का पराभव ही है जिसकी मिसाल पश्चिमी भोगवादी संस्कृति के अगुवा दिया करते थे। यहां न्यायालय के संवेदनशील व न्यायपूर्ण निर्णय की मुक्त कंठ से सराहना करनी होगी, जिसमें कोर्ट ने निर्णय के खिलाफ दी गई पुत्र की याचिका को खारिज कर जुर्माना लगाया। यह कष्टकारी ही है कि देशभर की अदालतें परित्यक्त-प्रताड़ित माता-पिता से जुड़े विवादों का सामना कर रही हैं। न्यायाधिकरणों और उच्च न्यायालयों ने दुर्व्यवहार करने वाले बच्चों को बेदखल करने तक के आदेश दिए हैं। अदालतों द्वारा माता-पिता द्वारा अर्जित संपत्ति पर उनके अधिकारों को बरकरार रखने ने वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 को सुदृढ़ ही किया है। न्यायपालिका ने संपत्ति के अधिकार के साथ ही कल्याण संबंधी चिंताओं को भी सावधानीपूर्वक संतुलित किया है। न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित किया है कि पारिवारिक झगड़ों में कानून का दुरुपयोग न हो। लेकिन फिर भी संकट का समाधान सिर्फ कानून से संभव नहीं है। हाईकोर्ट का फैसला संदेश देता है कि विरासत पर बातचीत हो सकती है, लेकिन मानवता पर नहीं।

# वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी

जीवन की साँझ भी आती है। संध्या आती है प्रतिदिन। सभी प्राणी घर लौटते हैं। सूर्य अस्त होते हैं। इसी तरह 'वृद्धावस्था' जीवन की साँझ है। यह अचानक नहीं आती। धीरे-धीरे 'जीवन-ऊर्जा' घटती है। शरीर क्षीण होता है। मन और शरीर का संगीत टूटता है। मन कहता है-नाचें। गतिशील रहें। चरेवैति-चरेवैति। चलते रहें। 'गति' ऋषि-आह्वान है। मन करता है कि इसी के अनुसार चलते रहें लेकिन शरीर शिथिल और लाचार होता है। तब झिलमिल तारों की आकाशगंगा के दर्शन 'आनन्द' नहीं देते। नदियाँ प्रवाहमान हैं, गतिशील हैं। उनके 'नाद' आनन्दित करते हैं। धीरे-धीरे नाद की ध्वनि मद्धिम होती है। श्रवण-शक्ति कम होती है। स्मृति भी क्षीण होती है इसलिए सभी वृद्ध तरुणाई की स्मृतियों में रस लेते हैं। वर्तमान 'भूत' होता है प्रतिपल। 'भूत-अनुभूत' है सबके भीतर। जरामरण सारभूत हैं। यह जीवन का ध्रुव और अटल सत्य है। महाभारत के यक्ष प्रश्न और युधिष्ठिर के उत्तर सामने हैं। 'मृत्यु' सत्य है लेकिन लोग इस सत्य को स्वीकार नहीं करते। 'वृद्ध' होना भी जीवन का पीड़ादायी सत्य है। शरीर भी फल की तरह पकता है। पहले खट्टा होता है फल। फिर धीरे-धीरे रसवान होता है। मधुवान होता है। गन्धवान होता है। 'पक्षी' फलवान-मधुवान वृक्षों पर गीत गाते हैं। पूरा पका फल एक दिन टहनी-डंठल से अलग हो जाता है। ऋग्वेद के ऋषि-कवि ने त्रयम्बकदेव से स्तुति की है, ''हम त्रयम्बक रुद्र का ध्यान करते हैं। वे पोषणदाता हैं। वे पककर अलग हो जाने वाले ककड़ी-खीरा की तरह हमको मृत्यु बन्धन से अलग करें। मुक्त करें। वृद्धावस्था स्वाभाविक है लेकिन हिन्दू-परम्परा के अनुसार 'देवता' वृद्ध नहीं होते। देवताओं पर समय का प्रभाव नहीं पड़ता। ऋग्वेद (6.24.7) में कहते हैं, ''संवत्सर 'इन्द्र' को क्षीण नहीं कर सकते। मास भी इन्द्र को क्षीण नहीं कर सकते और दिन भी।'' कालचक्र भी क्षीण-जीर्ण नहीं होता। यह अजर-अमर है। ऋग्वेद (1.16.4.11) में कहते हैं, ''सूर्य का बारह अरों वाला चक्र द्युलोक के चारों ओर घूमता है और कभी जीर्ण नहीं होता।'' वृद्धावस्था दुःख देती है। इसकी कठिनाइयों से वैदिक ऋषि सजग थे। विवाह के समय 'वर' वधू से कहता है, ''तू मुझ पति के साथ वृद्धावस्था-पर्यंत साथ रहना।'' (10.85.36) वृद्धावस्था कष्टदायी है। शरीर जीर्ण होता है। इन्द्र से स्तुति है, ''विद्वानों को धन दीजिए। वे वृद्धावस्था तक ऐश्वर्यशाली रहें।'' सुखद जीवन और सुखद वृद्धावस्था की इच्छा वेदों में प्रकट हुई है। ऋग्वेद में स्तुति है, ''हम दीर्घजीवीं रहें। कल्याणमय सुखद जीवन प्राप्त करें। वृद्धत्व सुखमय हो।'' (10.37.6) वेदों में 100 शरद की जीवन-अभिलाषा है। इस अभिलाषा में स्वस्थ शरीर की इच्छा भी है। आँख, कान सहित सभी अंगों के पुष्ट रहने की भी स्तुति है। केनोपनिषद के शान्तिपाठ में कहते हैं, ''आप्यायन्तु माँगानि वाक, प्राण, चक्षु (आँखें) श्रोत्रम्। बलम् इन्द्रियाणि च सर्वाणि मेरे सभी अंग वाणी, प्राण, आँखें, कान, बल-परिपुष्ट हों। जीवन का अवसान सत्य है। वृद्धावस्था जीवन-अवसान की तैयारी है। वृद्ध होना शरीर का स्वभाव है। 'स्वभाव' प्राकृतिक है। शरीर निःस्सन्देह कमजोर होता है लेकिन वृद्धावस्था का अपना सौन्दर्य है। यह नई भूमिका की प्रतीक्षा है। 'मृत्यु' जीवन का अन्त है। अन्तिम सत्य है। इसके पहले वृद्धावस्था है। जीवन-ऊर्जा का अवसान है। प्रश्न अनेक हैं। क्या मृत्यु दुःख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। हिन्दू दार्शनिकों ने 'जरा' (वृद्धावस्था) और 'मृत्यु' को दुःखदायी बताया है। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध-दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। दीर्घ जीवन पर्याप्त नहीं है। दीर्घ जीवन के साथ स्वस्थ शरीर भी जरूरी है इसलिए इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियाँ काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव-समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

महाभारत के यक्ष प्रश्न और युधिष्ठिर के उत्तर सामने हैं। 'मृत्यु' सत्य है लेकिन लोग इस सत्य को स्वीकार नहीं करते। 'वृद्ध' होना भी जीवन का पीड़ादायी सत्य है। शरीर भी फल की तरह पकता है। पहले खट्टा होता है फल। फिर धीरे-धीरे रसवान होता है। मधुवान होता है। गन्धवान होता है। 'पक्षी' फलवान-मधुवान वृक्षों पर गीत गाते हैं। पूरा पका फल एक दिन टहनी-डंठल से अलग हो जाता है। ऋग्वेद के ऋषि-कवि ने त्रयम्बकदेव से स्तुति की है, ''हम त्रयम्बक रुद्र का ध्यान करते हैं। वे पोषणदाता हैं। वे पककर अलग हो जाने वाले ककड़ी-खीरा की तरह हमको मृत्यु बन्धन से अलग करें। मुक्त करें। वृद्धावस्था स्वाभाविक है लेकिन हिन्दू-परम्परा के अनुसार 'देवता' वृद्ध नहीं होते। देवताओं पर समय का प्रभाव नहीं पड़ता। ऋग्वेद (6.24.7) में कहते हैं, ''संवत्सर 'इन्द्र' को क्षीण नहीं कर सकते। मास भी इन्द्र को क्षीण नहीं कर सकते और दिन भी।'' कालचक्र भी क्षीण-जीर्ण नहीं होता। यह अजर-अमर है। ऋग्वेद (1.16.4.11) में कहते हैं, ''सूर्य का बारह अरों वाला चक्र द्युलोक के चारों ओर घूमता है और कभी जीर्ण नहीं होता।'' वृद्धावस्था दुःख देती है। इसकी कठिनाइयों से वैदिक ऋषि सजग थे। विवाह के समय 'वर' वधू से कहता है, ''तू मुझ पति के साथ वृद्धावस्था-पर्यंत साथ रहना।'' (10.85.36) वृद्धावस्था कष्टदायी है। शरीर जीर्ण होता है। इन्द्र से स्तुति है, ''विद्वानों को धन दीजिए। वे वृद्धावस्था तक ऐश्वर्यशाली रहें।'' सुखद जीवन और सुखद वृद्धावस्था की इच्छा वेदों में प्रकट हुई है। ऋग्वेद में स्तुति है, ''हम दीर्घजीवीं रहें। कल्याणमय सुखद जीवन प्राप्त करें। वृद्धत्व सुखमय हो।'' (10.37.6) वेदों में 100 शरद की जीवन-अभिलाषा है। इस अभिलाषा में स्वस्थ शरीर की इच्छा भी है। आँख, कान सहित सभी अंगों के पुष्ट रहने की भी स्तुति है। केनोपनिषद के शान्तिपाठ में कहते हैं, ''आप्यायन्तु माँगानि वाक, प्राण, चक्षु (आँखें) श्रोत्रम्। बलम् इन्द्रियाणि च सर्वाणि मेरे सभी अंग वाणी, प्राण, आँखें, कान, बल-परिपुष्ट हों। जीवन का अवसान सत्य है। वृद्धावस्था जीवन-अवसान की तैयारी है। वृद्ध होना शरीर का स्वभाव है। 'स्वभाव' प्राकृतिक है। शरीर निःस्सन्देह कमजोर होता है लेकिन वृद्धावस्था का अपना सौन्दर्य है। यह नई भूमिका की प्रतीक्षा है। 'मृत्यु' जीवन का अन्त है। अन्तिम सत्य है। इसके पहले वृद्धावस्था है।

हिन्दू-चिन्तन में वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र-राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र-राज्य सतर्क है। इस पर क़ानून भी है लेकिन आधुनिक समाज इस समस्या पर सजग नहीं है। वृद्ध संरक्षक-अभिभावक 'जीवन की साँझ' में दुःखी हैं। आयुर्वेद के महत्वपूर्ण ग्रन्थ 'शारंगधर संहिता' में मनुष्य-शरीर के भाव-क्षरण का सुन्दर उल्लेख है। लिखा है कि ''प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव-हास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है, फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। शरीर की वृद्धि रुक जाती है। शारीरिक विकास स्थगित हो जाता है, फिर अगले 10 वर्ष में कान्ति या चेहरे की दीप्ति का ह्रास। आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौन्दर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है। आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। 'बुढ़ापा' अभिशाप नहीं है। बीमारियों की बात अलग है। वैसे वृद्धों के पास संसार के जीवन्त अनुभवों का कोष होता है। वे आदरणीय हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले चिन्तन और निष्कर्ष निःस्सन्देह भौतिक रूप में सही होते हैं लेकिन माता-पिता व वरिष्ठों से आत्मीयता की व्याख्या वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही सम्भव नहीं है। वरिष्ठों से हमारे रिश्ते अव्याख्येय हैं। वैदिककाल में इन रिश्तों की अद्वितीय स्थापना है। ऋग्वेद के रचना काल से लेकर रामायण-महाभारत होते हुए आधुनिक काल तक इन रिश्तों की प्रीति-ऊष्मा एक जैसी है। इनका समाज-विज्ञान अनूठा है।

वैदिक संस्कृति में माता-पिता 'देवता' हैं। दुनिया के किसी भी देश की संस्कृति व सभ्यता में अदृश्य ईश्वर या मान्य देवों से 'माता' या 'पिता' बड़े नहीं हैं लेकिन भारत में माता-पिता सुस्थापित देवों से भी बड़े हैं। आधुनिक समाज में वरिष्ठों के प्रति श्रद्धा का अभाव है। हिन्दू परम्परा में 'माता-पिता' व 'आचार्य' देवता हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में कहते हैं- मातृ देवो भव, पितृ देवो भव। इस परम्परा का आदिस्रोत 'हिन्दुत्व' है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है- ''इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः- ऋषियों को नमस्कार है, पूर्वजों को नमस्कार है, वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।'' (10.14.15) वरिष्ठों का सम्मान प्राचीन परम्परा है। एक मन्त्र (10.15.2) में कहते हैं, ''इदं पितृत्यों नमो, अस्त्वद्य ये पूर्वासों-जो वृद्ध अब जीवित नहीं हैं और जो हैं, उन सबको नमस्कार है। ऋग्वेद का यह नमस्कार ध्यान देने योग्य है। यह वरिष्ठों के प्रति आदर का स्थाई भाव है। ऋग्वेद की इसी परम्परा का प्रवाह महाभारत में है। कहा गया है कि, ''वह सभा, सभा नहीं है, जिसमें वृद्ध नहीं हैं, वे वृद्ध वास्तविक वृद्ध नहीं हैं, जो धर्मतत्व नहीं जानते।'' रामकथा भी वृद्धों के सम्मान से युक्त है। वृद्ध होना सौभाग्य है। शारीरिक शक्ति की क्षीणता का विचार अर्थहीन है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्धों के पास दिशा की अनुभूति होती है, युवकों के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है। 'गति' पर्याप्त नहीं है। गति के साथ दिशा भी चाहिए। वृद्ध 'माता-पिता' मार्गदर्शक, पालक व संरक्षक होते हैं। हम सब उनका विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# झाड़ू का कॉकरोच प्रेम

**सुधाकर आशावादी**

कॉकरोच का स्लोगन लगाकर स्वच्छता के पैरोकार फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम की सडकों पर उतर आए। वाकई यह सुखद संयोग था, कि जब झाड़ू और कॉकरोच ने मिलकर होली खेलने का कार्यक्रम बनाया, दोनों एक ही कोरस गाने लगे, कि दुश्मन दुश्मन जो दोस्तों से भी प्यारा है। झाड़ू के संग कॉकरोच का रिश्ता पुराना है।

अंततः झाड़ू ने स्पष्ट कर दिया कि वह किचन के सफाई अभियान में भाग नहीं लेगी, विशेषकर तब जब उसे कॉकरोच पर निर्ममतापूर्ण व्यवहार करने का आदेश दिया जाएगा। यानि झाड़ू कॉकरोच का साथ निभाएगी, उस पर आने वाली किसी भी विपदा से उसे बचाएगी। यह तो वही बात हुई जैसे सांप नेवले से कहे कि भाई दुश्मनी में क्या रखा है, आओ एकजुट हो जाएं यानि एक दूसरे के सुर में सुर मिलाएं। अपने यहाँ कब किसके प्रति किसके मन में प्यार उमड़ आए, पता नहीं लगाया जा सकता। सदियों से किचन में घुसपैठ करने वाले कॉकरोच परेशान थे, उनके अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा था, उनके सम्मुख अस्तित्व बचाए रखने का संकट था। आखिर कब तक कॉकरोच चुप रहते, जुल्म सहते। कीटनाशक दवाओं के चलते बार बार बेहोश होकर या प्राण त्यागकर झाड़ू से घरों के बाहर कूड़े में फिकवाए जाते। सो उन्होंने झाड़ू से गुहार लगाना ही उचित समझा। झाड़ू स्वयं अपने दुःख से दुखी थी। उसके अस्तित्व पर स्वयं ही प्रश्नचिन्ह खड़े थे। उसका स्थान आधुनिक मशीनों ने जो ले लिया था। सफाई के लिए मशीनें जो आ गई थी। कॉकरोच की गुहार से झाड़ू की थमती हुई सांसों में नई जान आ गई। सूचना क्रांति के युग में झाड़ू संगठन सक्रिय हो गया , जिस झाड़ू संगठन पर कॉकरोच को धराशाई करने का दायित्व था। वह खुद को कॉकरोच सिद्ध करने में जुट गया। जिसे देखो वही खुद को कॉकरोच बताने लगा। कॉकरोच का स्लोगन लगाकर स्वच्छता के पैरोकार फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम की सडकों पर उतर आए। वाकई यह सुखद संयोग था, कि जब झाड़ू और कॉकरोच ने मिलकर होली खेलने का कार्यक्रम बनाया, दोनों एक ही कोरस गाने लगे, कि दुश्मन दुश्मन जो दोस्तों से भी प्यारा है। झाड़ू के संग कॉकरोच का रिश्ता पुराना है। भले ही उनके रिश्ते में कभी खटास आई हो, मगर अवसरवादी राजनीतिज्ञों की तरह रिश्तों में मिठास का दिखावा तो किया ही जा सकता है। वैसे भी आज के दौर में दुश्मनी स्थाई नहीं रह सकती। एक दूसरे को गालियाँ देकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बने शत्रु न जाने कब एक दूसरे के सुर में सुर मिलाने लगें, कोई नहीं जानता। वे कब एक दूसरे के साथ चाय की चुस्कियां लेते हुए कहने लगें , कि तुमने मुझे गाली दी या ,मैंने तुम्हें गाली दी, कोई बात नहीं मेरे यार, एक दूसरे को गले लगाकर दोनों बन जाएं रंगे सियार। यही चल रहा है। जिस झाड़ू को कॉकरोच कभी नहीं सुहाया, वही झाड़ू कॉकरोच को संरक्षण प्रदान करने में स्वयं को खुसनसीब समझ रही है। कॉकरोच खुश हैं, विचार रहे हैं, कि वे भी बड़े आंदोलन को जन्म देकर सत्ता सुख भोग सकते हैं। जब झाड़ू और कॉकरोच में दोस्ती प्रगाढ़ हो जाए, तब उनकी भूमिका और भी अधिक असरकारी हो सकती है।

## सेहत मंत्र

# सेहत पर नकारात्मक असर डाल सकता है डाइट कोक

दुनिया भर में डाइट कोक एक पॉपुलर बेवरेज में से एक है। हेल्थ कॉन्शियस लोग रेगुलर सोडा की जगह कोक जीरो या फिर साइट कोक जैसी ड्रिंक्स पीना पसंद करते हैं। क्योंकि इन ड्रिंक्स में कैलोरी और चीनी नहीं पाई जाती है। इसलिए आज के समय में डाइट कोक का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। साल 1950 के दशक में पहली बार डाइट सोडा को डायबिटीज पेशेंट्स के लिए पेश किया गया था। वहीं वेट कंट्रोल करने या फिर चीनी का सेवन कम करने का प्रयास करने वाले लोगों के बीच यह काफी ज्यादा पॉपुलर है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डाइट कोक में मौजूद आर्टिफिशियल स्वीटनर और कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स आपके स्वास्थ्य पर निगेटिव असर डाल सकता है। कैलोरी और चीनी फ्री होने के बाद भी डाइट ड्रिंक्स और ऑर्टिफिशियल स्वीटनर भी स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकते हैं। आप अगर डाइट कोक को फायदेमंद मानते हैं, तो यह उतना फायदेमंद नहीं होता है और यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक डाइट सोडा और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के बढ़ते खतरे के बीच का संबंध है। इन लक्षणों में कोलेस्ट्रॉल का लो लेवल, हाई ब्लड शुगर, एचडीएल (गुड) पेट की चर्बी में वृद्धि, हाई ट्राइग्लिसराइड्स और हाई ब्लड प्रेशर आदि शामिल हो सकता है। मेटाबोलिक सिंड्रोम टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को बढ़ा देता है। कुछ शोध से पता चलता है कि आपका ब्रेन आर्टिफिशियल स्वीटनर वैसी प्रतिक्रिया करता है, जैसे शुगरी स्वीट्स पर करता है। इसको बार-बार खाने से हाई कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की इच्छा बढ़ सकती है। जिससे वेट बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि रोजाना सिर्फ एक डाइट सोडा पीने से अनियमित दिल की धड़कन और हाई बीपी सहित हृदय संबंधी समस्याओं के खतरे को बढ़ा सकता है। डाइट कोक या फिर सोडा आपके दांतों की हेल्थ को खराब कर सकते हैं। डाइट सोडा में फॉस्फोरिक और साइट्रिक एसिड पाया जाता है, जोकि दांतों के इनेमल को नष्ट कर सकता है। दांतों इनेमल कमजोर होने से दांतों में सेंसिटिविटी हो सकती है। साथ ही दांतों की सतह पर गड्ढे हो सकते हैं और इससे दांतों के रंग में भी बदलाव हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# रोजाना गौ माता की आरती करने से पुण्यफल की होती है प्राप्ति, बढ़ती है धार्मिकता

सनातन धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया है। वहीं शास्त्रों में भी बताया गया है कि गाय एक मात्र ऐसा पशु है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास होता है। ऐसे में गाय की पूजा-अर्चना करने से न सिर्फ गौ माता बल्कि सभी देवी-देवताओं का भी आशीर्वाद मिलता है। साथ ही हर तरह के दोष भी दूर हो जाते हैं। वहीं अगर रोजाना गाय की सेवा करना संभव नहीं है, तो ऐसे में रोजाना गाय की आरती जरूर करनी चाहिए। आप जिस भी भगवान को मानते हैं, उनकी पूजा-अर्चना के बाद गाय की आरती जरूर करनी चाहिए। इससे जातक को कई लाभ प्राप्त होंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गौ माता की आरती के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही इसके लाभ के बारे में भी जानेंगे। जय गौ माता,मैया जय धेनु माता। मुकुन्द विधाता उमापति, सीतापति ध्याता।। ? जय धेनु माता सागर मंथन उपजी,कामधेनु माता । नमन किए सब देवता,अति पावन नाता।। ? जय धेनु माता तनुजा जो तुझसे जन्मी,नंदिनी नाम रचे। ऋषि वशिष्ठ की शक्ति, राजा दिलीप भजे ।। ? जय धेनु माता पाप विनाशिनी मैया,सुखद भंडार भरे। तैंतीस कोटि दैवत,अंग निवास करे।। ? जय धेनु माता पंचगव्य है पावन,औषध गुणकारी। रोग दोष मिटाए,मॉं तुम उपकारी ।। ? जय धेनु माता जिस घर अंगना धेनु,मॉं की हो सेवा। वैतरणी तरते वो नर,पाते शुभ मेवा।। ? जय धेनु माता शुभ मति शुभ फल दायक,है संकट त्राता । जो जन करते सेवा,मोक्ष सुफल पाता ।। ? जय धेनु माता आरती वंदना धेनु की,जो नर हैं गाते। कहते हैं श्रीकृष्णा,वे मनु तर जाते।। ? जय धेनु माता

## पर्यटन



# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर

कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे ''पंजाबी वर्साय'' के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं। महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं। कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं। सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है। कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है।

# डीएम साहब बाराबंकी को रेगिस्तान बनाने पर तुले वन माफिया





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । बाराबंकी जिले के कोठी और असंद्रा थाना क्षेत्रों में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटाई का खेल लगातार जारी है। आरोप है कि सिद्धौर पुलिस और वन विभाग की कथित मिलीभगत के चलते वन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि रात के अंधेरे में धड़ल्ले से आम, शीशम समेत प्रतिबंधित पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हरख रेंज में तैनात माली जगदंबिका उर्फ पप्पू की

**हरख रेंज में तैनात माली जगदंबिका उर्फ पप्पू की कथित मिलीभगत से जोरों पर अवैध कटान, सिद्धौर पुलिस और वन विभाग पर गंभीर आरोप**

मिलीभगत से यह पूरा खेल लंबे समय से संचालित हो रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित बसिया मुंह मोड़ के पास बीती रात वन माफियाओं ने दो हरे-भरे आम के प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर गिरा दिया। स्थानीय लोगों ने रात में ही पुलिस और वन विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर कार्रवाई के लिए नहीं पहुंचा। इसका फायदा उठाकर माफिया एक पेड़ की लकड़ी ट्रैक्टर पर लादकर फरार हो गए। बाद में जब ग्रामीणों ने डीएफओ और अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत की, तब जाकर पुलिस और वन विभाग हरकत में आया और एक पेड़ की लकड़ी को रुकवाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो पूरी लकड़ी बरामद की जा सकती थी।

इसी तरह साला भारी गांव में भी प्रतिबंधित शीशम और अन्य पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिन विभागों पर जंगल और पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी है, वही अब रक्षक से भक्षक की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में प्रतिदिन शाम ढलते ही प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई का खेल शुरू हो जाता है और रातों-रात लकड़ी गायब कर दी जाती है, लेकिन पुलिस और वन विभाग प्रभावी रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।

अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वन माफियाओं को संरक्षण कौन दे रहा है और लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी आखिर क्यों बनी हुई है?

# जनगणना ड्यूटी में शिक्षकों की समस्याओं पर शिक्षक संघ मुखर, एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच जनगणना कार्य में शिक्षकों को हो रही परेशानियों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आवाज बुलंद की है। संघ के पदाधिकारियों ने सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि मकान सूचीकरण कार्य के लिए शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यक्षेत्र से कई किलोमीटर दूर लगाए जाने से शिक्षकों को तेज गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि जनगणना कार्य में कनिष्ठ शिक्षकों को सुपरवाइजर तथा वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक बनाए जाने से शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है।

संघ ने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक आवंटन में एकरूपता न होने का मुद्दा भी उठाया। पदाधिकारियों का कहना है कि कहीं अधिक तो कहीं कम कार्यभार दिए जाने से शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बन रहा है। संगठन ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए गणना कार्य स्थगित करने तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराए जा रहे कार्य के बदले शिक्षकों को उपार्जित अवकाश दिए जाने की मांग की। शिक्षक संघ ने एमएलसी से आग्रह किया कि शिक्षकों की समस्याओं के प्रति सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह, जिला मंत्री उमानाथ मिश्र, जिला संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष श्याम किशोर बाजपेई, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव तथा जिला आईटी सेल मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्ध किसान को सांप ने डसा, इलाज से पहले मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के भवनियापुर खेवली गांव में रविवार सुबह खेत में काम कर रहे एक वृद्ध किसान की सर्पदंश से मौत हुई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 70 वर्षीय भैरो मगन अपने खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे, जहां दोपहर करीब 12 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि वृद्ध को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने सांप काटने की जानकारी दी है।

## भीषण गर्मी के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक अवकाश

बाराबंकी। भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी बाराबंकी ने जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए 20 मई से 15 जून 2026 तक अवकाश घोषित किया है। आदेश के अनुसार अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा पुष्टाहार वितरण, टीकाकरण, गृह भ्रमण एवं अन्य विभागीय कार्य पूर्ववत संचालित किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार का कहर: बोलेरो-बाइक भिड़ंत में दो सगे भाइयों की मौत, चार घंटे तक अस्पताल में हंगामा

सूरतगंज-बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की जान चली गई। तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में इखलासुद्दीन (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इस्लामुद्दीन (35) ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बोलेरो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने घायल चालक को रेफर किए जाने का विरोध करते हुए उसके परिजनों को बुलाने की मांग पर करीब चार घंटे तक हंगामा किया। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएचओ अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर बोलेरो चालक व वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सीएम युवा रोजगार अभियान शिविर का आयोजन आज

निंदूरा बाराबंकी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ल्लमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना (सीएम युवा)ङ्क के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड निंदूरा में 25 मई (सोमवार)को एक दिवसीय शिविर का आयोजन आहुत किया गया।

योजना के तहत प्रशिक्षित युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

विकासखंड निंदूरा में आयोजित होने वाले इस महत्वाकांक्षी शिविर में पात्र अभ्यर्थियों को योजना से संबंधित जानकारी, आवेदन प्रक्रिया एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा।

कैंप में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। इनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र (कम से कम कक्षा 8 उत्तीर्ण), जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, नोटरी द्वारा प्रमाणित 10 रुपये के स्टांप पर शपथ-पत्र, एक फोटो, सभी दस्तावेजों पर नमूना हस्ताक्षर, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आश्रित प्रमाण-पत्र, निवास एवं पते का प्रमाण-पत्र, पैतृक/स्वयं/किराये के पते का प्रमाण-पत्र, कोटेशन तथा कौशल संबंधी प्रमाण-पत्र शामिल हैं।

प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से कैंप में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर: निंदूरा में लगेगा 'सीएम युवा' कैंप

निंदूरा बाराबंकी। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी ल्लमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनाङ्क के तहत 25 मई को विकासखंड निंदूरा में एक दिवसीय कैंप आयोजित किया जाएगा।

कैंप में युवक-युवतियों को स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन प्रक्रिया और व्यवसाय शुरू करने के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक, प्रोजेक्ट रिपोर्ट समेत आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से कैंप में पहुंचकर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## ओवरलोडिंग संचालित होने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान

पीलीभीत।ओवरलोडिंग संचालित होने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी जहानाबाद नताशा गोयल, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी द्वारा सितारगंज मार्ग से जनपद में प्रवेश करने वाले माल वाहनों की सघन जांच की गई।चेकिंग के दौरान तीन मालवाहन निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी व रेता का परिवहन करते पाए गए। इस पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रवर्तन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक वाहन का चालान करते हुए मौके पर ही प्रशमन शुल्क वसूल किया गया, जबकि दो अन्य वाहनों को क्रमशः थाना अमरिया एवं तहसील अमरिया में निरुद्ध कराया गया।अभियान के दौरान अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का ओवरलोड परिवहन न करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमित रूप से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत यदि कोई वाहन ओवरलोडिंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर का हुआ स्वागत

सुल्तानपुर। पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह का लोहरामऊ के पास भव्य स्वागत हुआ।

उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह का आज लखनऊ वाराणसी हाइवे पर भूपेश सिंह, अखिल प्रताप सिंह और दिनेश सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री सिंह ने बताया कि हमारी डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास की पोषक है। विकास के नाम पर आया हुआ धन योजनाओं के रूप में आम आदमी तक भेदभाव के बिना पहुंच रहा है। स्वागत कार्यक्रम में सुशील सिंह, अनुपम सिंह, वरुणेश, मनीष अमित, अभिनव, अंश के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राम जन्मभूमि के रेड जोन में ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवान की हार्ट अटैक से मौत

अयोध्या। राम जन्मभूमि के रेड जोन में ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवान नरेंद्र बहादुर सिंह की रविवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह अयोध्या के तुलसी नगर कैंप में पीएसी की 12वीं वाहिनी में तैनात थे और पिछले फरवरी से राम जन्मभूमि के रेड जोन में ड्यूटी कर रहे थे। तीन डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मूल रूप से प्रतापगढ़ मान्धाता थाना क्षेत्र के रहने वाले नरेंद्र बहादुर सिंह (55 वर्ष)फरवरी माह से राम जन्मभूमि परिसर में तैनात थे। रविवार शाम करीब चार बजे वह बैरक में सीढ़ी से उतर रहे थे। इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा और वह अचानक गिर पड़े। साथी जवानों ने तुरंत उन्हें श्री राम अस्पताल लेकर पहुंचे,वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़े मरीज गर्मी से बचाव की दी गई सलाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। शासन के निर्देश पर रविवार को क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया।

बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मेले में 39 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। यहां डॉ. संतोष शुक्ला ने मरीजों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया। इस दौरान त्रिभुवन सिंह, एएनएम ज्योति समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। वहीं सैदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 48 मरीजों का परीक्षण किया गया। डॉ. संजय गुप्ता ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। मेले में एएनएम सरला सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही।

महमूदाबाद में आयोजित आरोग्य मेले में 32 मरीज पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते उल्टी, दस्त एवं पेट दर्द जैसी संचारी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही घरों से बाहर निकलें, धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

# धू-धू कर जला 250 केवीए ट्रांसफार्मर, 200 घरों की बिजली गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के गगौली गांव में रविवार देर रात 250 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक आग की लपटों में घिर गया। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा और आसमान में काले धुएं का गुबार फैल गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से करीब 200 घरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जेई विकास शुक्ला ने बताया कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चोरी की घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**पुलिस की कार्य शैली पर ग्रामीण उठा रहे हैं सवाल आखिर कब लगेंगे पुलिस के हाथ चोर ग्रामीण कब लेंगे चैन की सांस**

बाराबंकीं कोठी थाना क्षेत्र के डिघावां मजरे बरियारपुर गांव में बीती रात हुई चोरी की घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी होने के बावजूद पुलिस अभी तक खाली हाथ है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और दहशत का माहौल बना हुआ है।

गांव निवासी अनूप सिंह पुत्र रामशंकर के घर में अज्ञात चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर आंगन में उतरे थे। इसके बाद चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब 15 हजार रुपये की नकदी तथा लगभग 4 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। इसी गांव में रघुनंदन के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया था। चोर छत के रास्ते घर में घुसे और लगभग 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया था।

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समय सिंह और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। हालांकि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की घटना के खुलासे के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# रेलमेध यज्ञ बना सेवा और संवेदना का प्रतीक, यात्रियों को मिला जल-मिष्ठान व निःशुल्क दंत परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच मानव सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए धर्मजागरण मंच, बाराबंकी धाम उत्तर प्रदेश के संयोजक अमित अवस्थी अधिवक्ता द्वारा लगातार चौथे वर्ष ल्लरेलमेध यज्ञङ्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों को जल एवं मिष्ठान वितरण कर राहत पहुंचाई जा रही है। समाजसेवा के इस कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। इसी क्रम में रविवार को सफ़ेदाबाद रेलवे स्टेशन पर अयोध्या पैसेंजर सहित अन्य ट्रेनों के यात्रियों को शीतल जल एवं मिष्ठान वितरित किया गया। तेज गर्मी में अचानक मिली इस सेवा से यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि दासगुरु वेलफ़ेयर फाउंडेशन के सहयोग से स्टेशन परिसर में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. ऋषिकांत शुक्ला एवं उनकी टीम ने आसपास के लोगों तथा यात्रियों के दांतों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। ग्रामीणों और यात्रियों ने इस पहल को बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, डॉ. टी.एन. वर्मा, राजेंद्र प्रसाद यादव, इंद्रजीत सिंह, नीरज यादव, कृष्ण कुमार गौतम, सुशील गौतम, मनोज सिंह यादव, योगेश अग्निहोत्री, अजय यादव, सुरेश चंद्र गौतम, सौम्या, राहुल यादव, धर्मराज, आर्यन, शौर्य, नितेश, विमल सहित अनेक धर्मसेवकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

अंत में धर्मजागरण मंच के सफ़ेदाबाद रेलवे स्टेशन प्रभारी संदीप जायसवाल ने सभी धर्मसेवकों, दंत चिकित्सा टीम एवं रेलवे कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि पेशे से अधिवक्ता अमित अवस्थी पिछले चार वर्षों से निरंतर ग्रीष्मकाल में रेल यात्रियों की सेवा में जुटे हैं। कानून का रक्षक होने के साथ-साथ समाजसेवा के प्रति उनकी यह प्रतिबद्धता लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे सेवाभावी व्यक्तित्व वास्तव में समाज के लिए सम्मान और प्रशंसा के पात्र हैं।

# 2027 की तैयारी में जुटी कांग्रेस: सांसद तनुज पुनिया ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सिंगतरा में आयोजित कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष आमिर किदवई ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तनुज पुनिया और विशिष्ट अतिथि मोहम्मद मोहसिन मौजूद रहे।

बैठक में मंडल प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। सांसद तनुज पुनिया ने अपनी सांसद निधि से कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही देश की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने पर जोर दिया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष आमिर किदवई ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स थीम पर निकला 'संडे ऑन साइकिल', खिलाड़ियों को फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देश पर रविवार सुबह कॉमनवेल्थ गेम्स की थीम पर ल्लसंडे ऑन साइकिलङ्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली स्थानीय लकपेड़ा बाग चौराहे से शुरू होकर मुख्य मार्गों से गुजरते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मज़हर अज़ीज़ खां ने खिलाड़ियों को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शरीर फिट रहने से मानसिक क्षमता भी बेहतर होती है और साइकिल चलाना स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लाभकारी है।

उन्होंने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक साइकिल के प्रयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे ईंधन की बचत होती है तथा बढ़ते प्रदूषण पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है।

कार्यक्रम में हॉकी एसोसिएशन की संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक सिंह, सीनियर खिलाड़ी ज़मीरूरुल हसन, जूडो कोच सुनील यादव, मोहन कुमार एडवोकेट सहित तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# पंत से छिन सकती है एलएसजी की कप्तानी, मूडी ने बदलाव के संकेत दिए

एजेंसी

लखनऊ। पिछले दो सत्र में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने के कारण ऋषभ पंत से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी छिन सकती है क्योंकि उसके क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने स्वीकार किया है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दबाव को झेलने में असफल रहा है। एलएसजी 2025 में सातवें स्थान पर रहा था जबकि इस सत्र में उसका प्रदर्शन पिछले साल से भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने दो सत्र में 28 मैचों में केवल 10 में जीत हासिल कीं। मूडी ने शनिवार को पंजाब किंग्स से सात विकेट से मिली हार के बाद पत्रकारों से कहा, ''अगर कप्तानी की बात करें तो निश्चित तौर पर उन्हें यह चुनौतीपूर्ण लगी है और परिणाम इसे दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, ''हमें इस पर विचार करना होगा कि इस दबाव का बल्लेबाजी में उनके प्रदर्शन पर भी तो असर नहीं पड़ रहा है। मैं जानता हूं कि यह सत्र हमारे लिए मुश्किल रहा है, लेकिन हम इस पर विचार करेंगे। हम हर पहलू पर गौर करेंगे।'' एलएसजी ने पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, इसलिए उनके प्रदर्शन पर शुरू से ही नजर रखी जा रही थी। इस बीच वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। भारत के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले पंत ने आईपीएल 2018 में शानदार प्रदर्शन किया। तब उन्होंने 173.60 के स्ट्राइक रेट से 684 रन बनाए। इसके बाद 2019 में उन्होंने 162.66 के स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए। एलएसजी की तरफ से हालांकि पंत ने दो सत्र में 581 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 135.74 रहा, जो उनके करियर के 144.18 के स्ट्राइक रेट से कम है। हाल में पंत की जगह केएल राहुल को टेस्ट टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया।




उन्हें वनडे टीम से भी बाहर कर दिया गया है। इसके बाद अब मूडी की यह टिप्पणी आई है। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से हम अपनी अपेक्षाओं या मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। जहां तक फ्रेंचाइजी के नेतृत्व की बात है तो यह निश्चित रूप से एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हम भविष्य में गंभीरता से विचार करेंगे।'' मूडी ने कहा, ''हम प्रत्येक सत्र में हर विभाग के प्रदर्शन पर गौर करते हैं और कुछ सोच-समझकर निर्णय लेते हैं, लेकिन निश्चित रूप से ऐसा लगता है कि हमें नए सिरे से शुरुआत करने पर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस निराशाजनक प्रदर्शन के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मूडी ने कहा, ''इस निराशाजनक सत्र के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। मुझे नहीं लगता कि यह किसी व्यक्ति विशेष पर उंगली उठाने का समय है। हम सभी जवाबदेह हैं और अभी किसी विशेष विभाग पर दोष मढ़ने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम सभी को इस पर शांतिपूर्वक विचार करने के लिए समय चाहिए, लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है और उन पर ध्यान दिया जाएगा। इस बीच पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने कहा, ''हमारी टीम ने इस मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। आप चाहते हैं कि इस तरह के मैच में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें।

# एस एम कृष्णा मेमोरियल ओपन : बिरयुकोव ने एकल जबकि आदिल और मुकुंद ने युगल का खिताब जीता

एजेंसी




बेंगलुरु। चौथी वरीयता प्राप्त पेट्र बार बिरयुकोव ने शनिवार को पूर्व विश्व नंबर 40 इल्या इवाश्का को तीन सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में हराकर एस एम कृष्णा मेमोरियल ओपन में पुरुषों का एकल खिताब जीत लिया। बिरयुकोव ने अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (0), 4-6, 6-4 से हराया। यह मुकाबला दो घंटे और एक मिनट तक चला। घरेलू प्रशंसकों के लिए भी खुशी का मौका था क्योंकि आदिल कल्याणपुर और मुकुंद शशिकुमार ने एक शानदार सप्ताह का समापन युगल का खिताब जीतकर किया। उन्होंने बिरयुकोव और कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन को 6-7 (3), 6-4, 10-3 से हराया। अपने पहले एटीपी चैलेंजर खिताब के साथ, आदिल और शशिकुमार ने एक टीम के रूप में 2980 डॉलर और 50 एटीपी अंक अर्जित किए, जबकि उपविजेताओं को 1740 डॉलर और 30 एटीपी अंक मिले। बिरयुकोव ने एकल विजेता के तौर पर 9,500 डॉलर और 50 एटीपी रैंकिंग अंक अर्जित किए, जबकि इवाश्का को 5,500 डॉलर और 25 एटीपी अंकों से ही संतोष करना पड़ा।

# सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे अर्जुन के धैर्य और क्षमता की सराहना की

एजेंसी

लखनऊ। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन की इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के अंतिम लीग मैच में इस फ्रेंचाइजी की तरफ से अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनके धैर्य और क्षमता की सराहना की। एलएसजी ने इससे पहले अर्जुन को किसी भी मैच में खेलने का मौका नहीं दिया। इस बीच वह नेट और अभ्यास मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अपनी काबिलियत साबित करने के लिए उन्हें सत्र के आखिरी मैच तक इंतजार करना पड़ा। एलएसजी की पंजाब किंग्स से हार के बाद तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश लिखा। तेंदुलकर ने कहा, ''शाबाश, अर्जुन। इस पूरे सत्र में जिस तरह से तुमने खुद को संभाला है, उस पर मुझे गर्व है। हमेशा अपनी क्षमता पर विश्वास बनाए




रखा, धैर्य रखा, चुपचाप कड़ी मेहनत की और आखिरी मैच तक अपने मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक बने रहे। उन्होंने कहा, ''क्रिकेट में कौशल के साथ-साथ धैर्य की भी परीक्षा होती है और आज तुमने दोनों को बखूबी निभाया। अपने पांव जमीन पर बनाए रखना और खेल के प्रति अपने प्रेम को हमेशा की तरह बरकरार रखना। तुम्हें ढेर सारा प्यार। अर्जुन का पहला ओवर काफी अच्छा था और अगर कप्तान ऋषभ पंत ने प्रभसिमरन सिंह की गेंद पर मुश्किल कैच लपक लिया होता तो उन्हें विकेट मिल सकता था। उन्होंने शुरुआती ओवरों में लेंथ पर गेंदबाजी की, लेकिन 15वें ओवर में प्रभसिमरन को यॉर्कर पर पगबाधा आउट किया। पंत ने पावरप्ले के तुरंत बाद अर्जुन को गेंदबाजी के लिए उतारा था। उन्होंने नौवां, पंद्रहवां और सत्रहवां ओवर भी फेंका और कुल मिलाकर 36 रन देकर एक विकेट लिया।

# राष्ट्रमंडल खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार हो रहा है : मांडविया

एजेंसी

अहमदाबाद। राष्ट्रमंडल खेल 2030 को लेकर चल रही तैयारियों से उत्साहित खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि इन खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है और भारतीय खिलाड़ी भी पोडियम पर खड़े होने के लिये काफी मेहनत कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल दिवस के अवसर पर यहां साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित 'संडेज आन साइकिल' कार्यकम के दौरान पीटीआई भाषा से बातचीत में मांडविया ने कहा ,''संडेज आन साइकिल का आज 75वां सत्र है और राष्ट्रमंडल खेल दिवस भी है जिसे देखते हुए यहां राष्ट्रमंडल खेल 2030 के मेजबान शहर में मुख्य आयोजन किया गया है और हजारों की संख्या में युवाओं ने इससे जुड़कर फिट इंडिया का संदेश दिया है।'' अहमदाबाद 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा जो दिल्ली में 2010 में हुए खेलों के बाद




पहली बार भारत में हो रहे हैं। भारत ने अहमदाबाद में ही ओलंपिक 2036 की मेजबानी का 'आशय पत्र' भी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है। राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,''राष्ट्रमंडल खेलों के लिये ओलंपिक स्तर का खेलों का बुनियादी ढांचा तैयार हो रहा है। इसके साथ ही हमारे देश के खिलाड़ी भी मेहनत कर रहे हैं ताकि राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक में पोडियम पर खड़े होकर देश का नाम रोशन कर सकें। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले अहमदाबाद के नारनपुरा में 825 करोड़ की लागत से 20 एकड़ में फैले वीर सावरकर परिसर का उद्घाटन पिछले साल ही हो चुका है जबकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के इर्द गिर्द 335 एकड़ में सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव में तीन नये परिसर तैयार हो रहे हैं। इस एंक्लेव और कराइ में गुजरात पुलिस अकादमी में निर्माण कार्य 2028 से 2029 के बीच पूरा हो जायेगा जहां मुख्यतः एक्वाटिक्स, टेनिस, एथलेटिक्स और निशानेबाजी स्पर्धायें होनी हैं। खेल मंत्री मांडविया ने तेल बचाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान में शामिल होने के लिये देशवासियों से साइकिलिंग से जुड़ने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा ,''साइकिलिंग फिट इंडिया का मंत्र है, पोल्यूशन का सोल्यूशन है और तेल की बचत भी करता है। इसलिये आज देश के 8000 से अधिक स्थानों पर संडे आन साइकिल के जरिये देश के युवा साइकिलिंग से जुड़ रहे हैं। मांडविया ने कहा ,''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल बचाने का आहवान किया है और इसका सबसे सही तरीका है साइकिलिंग। देश को आगे बढाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को सच करने के लिये देशवासियों को फिट रहना होगा जिसका जरिया है साइकिलिंग। इसलिये मैं युवाओं से साइकिलिंग से जुड़ने का आग्रह करता हूं। संडे आन साइकिल प्रतीकात्मक है लेकिन यह संदेश है कि हम सभी भारतीय साइकिलिंग को अपनायें और फिट रहें। इससे पहले गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने कार्यक्रम में कहा कि फिट इंडिया सरकारी नहीं बल्कि जन भागीदारी का आंदोलन है। उन्होंने कहा ,'' कश्मीर से कन्याकुमारी तक फिट इंडिया आंदोलन को आगे बढाने में लोग योगदान दे रहे हैं। यह कोई सरकारी आंदोलन नहीं बल्कि इसकी सफलता जन भागीदारी के साथ है। देश भर में लोगों को इसका हिस्सा बनना चाहिये। खेलमंत्री मांडविया ने राष्ट्रमंडल थीम पर एक फोटो प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया जिसमें पिछले 12 साल में खेलों में भारत की उपलब्धियों की झलक के साथ खेलो

# सरकार के ईंधन बचत उपायों से 2026 में पेट्रोल, डीजल की मांग प्रभावित होगी : रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार की ईंधन बचत मुहिम, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये की कमजोरी के कारण भारत में वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में परिवहन ईंधन की मांग वृद्धि में सुस्ती आने की आशंका है। ऊर्जा विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 मई से तीन चरणों में करीब पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने इसका कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डाला है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों और सरकारी विभागों से ईंधन बचाने, 'वर्क फ्रॉम होम' को बढ़ावा देने और गैर-जरूरी यात्राएं कम करने की अपील की है। सरकार को आशंका है कि महंगे ऊर्जा आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते का घाटा (कैड) में भी बढ़ोतरी हो सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि ऊंची कीमतों और सरकारी सख्ती का असर ईंधन मांग पर पड़ेगा। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर की प्रमुख विश्लेषक एलिफ बिनीची की रिपोर्ट में भारत की 2026 के लिए परिष्कृत उत्पादों की मांग वृद्धि का अनुमान 39 प्रतिशत घटाकर करीब 78 हजार बैरल प्रतिदिन (केबीडी) कर दिया गया है। इससे पहले यह अनुमान 128 किलोलीटर बैरल प्रतिदिन (केबीडी) था। रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोल की मांग पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है। पेट्रोल की मांग वृद्धि का अनुमान 63 केबीडी से घटाकर 38 केबीडी प्रतिदिन कर दिया गया है। अब पेट्रोल की खपत लगभग 1,010 केबीडी प्रतिदिन रहने का अनुमान है, जो पहले 1,035 केबीपीडी आंका गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि दफ्तर आने-जाने की गतिविधियों में कमी, गैर-जरूरी यात्राओं में गिरावट और ईंधन बचत अभियान के कारण पेट्रोल की मांग कमजोर पड़ सकती है। वहीं डीजल की वार्षिक मांग वृद्धि का अनुमान भी करीब 20 केबीडी घटाया गया है।

# एलआईसी मार्च तिमाही में सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली वित्तीय क्षेत्र की कंपनी

एजेंसी

नयी दिल्ली।द्ध सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मार्च तिमाही में वित्तीय क्षेत्र की सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 23,420 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में भी वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एलआईसी ने लाभ के मामले में पहला स्थान बरकरार रखा। एलआईसी का मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये रहा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 19,013 करोड़ रुपये था। कंपनी ने पिछले सप्ताह अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की थी। शेयर बाजारों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, चौथी तिमाही में देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का लाभ 19,684 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का लाभ 19,221 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान वार्षिक लाभ के मामले में एसबीआई ने एलआईसी को पीछे छोड़ दिया। एसबीआई का सालाना शुद्ध लाभ 80,032 करोड़ रुपये रहा, जबकि एलआईसी का लाभ 57,419 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इसी तरह, एचडीएफसी बैंक का वार्षिक लाभ 74,670 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का लाभ 50,147 करोड़ रुपये रहा है।

अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने चौथी तिमाही में 11,378 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इसके बाद कोल इंडिया का लाभ 10,839 करोड़ रुपये रहा। वहीं, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने 8,598 करोड़ रुपये और एनटीपीसी ने 8,747 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का लाभ 4,546 करोड़ रुपये, आरईसी लिमिटेड का 3,375 करोड़ रुपये और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का लाभ 1,680 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी के शानदार नतीजों के एक दिन बाद 23 मई को बीएसई में उसका शेयर शुरुआती कारोबार में लगभग पांच प्रतिशत चढ़कर 839 रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 31 मार्च, 2026 तक बढ़कर 57,29,396 करोड़ रुपये हो गईं, जो एक साल पहले 54,52,297 करोड़ रुपये थीं। यह सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष के दौरान कंपनी की कुल प्रीमियम आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, समायोजित नेटवर्थ बढ़कर 1,69,605 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1,20,258 करोड़ रुपये थी।

# आईआरएफसी चालू वित्त वर्ष में जुटाएगी दो अरब डॉलर का विदेशी कर्ज

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने चालू वित्त वर्ष में कारोबार विस्तार के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिये दो अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी मुख्य रूप से जापानी येन में यह धन जुटाएगी। यह ईसीबी आईआरएफसी के निदेशक मंडल द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए मंजूर किए गए 70,000 करोड़ रुपये के संसाधन जुटाने के कार्यक्रम का हिस्सा है। आईआरएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दुबे ने कहा कि कंपनी ने बैंकों के एक समूह के साथ 1.1 अरब डॉलर के बराबर जापानी येन में ईसीबी ऋण जुटाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की मजबूत पाइपलाइन को देखते हुए जून तिमाही के भीतर ही धनराशि का वितरण शुरू होने की उम्मीद है। यह ऋण पांच वर्ष की अवधि के लिए लिया गया है और इसे तोक्यो ओवरनाइट एवरेज रेट (टीओएनएआर) से जोड़ा गया है। इस ऋण से प्राप्त राशि का उपयोग रेलवे क्षेत्र से जुड़ी या ईसीबी दिशानिर्देशों के तहत अनुपालन वाली अन्य परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा। आईआरएफसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में भी दो अलग-अलग ईसीबी सौदों के जरिये 70 करोड़ डॉलर के बराबर जापानी येन में ऋण जुटाया था। यह चालू वित्त वर्ष के लिए आईआरएफसी का पहला ईसीबी होगा। रेल मंत्रालय के तहत आने वाली इस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को पिछले वर्ष 'नवरत्न' का दर्जा मिला था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति का लक्ष्य रखा है। दुबे ने कहा कि कंपनी इस वर्ष लगभग 40,000 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य लेकर चल रही है, क्योंकि उच्च गुणवत्ता वाली अवसंरचना परियोजनाओं की पाइपलाइन मजबूत बनी हुई है।

# वैश्विक कारकों पर निर्भर करेगी शेयर बाजार की चाल

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों और उद्योग के आंकड़ों पर रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर हर दिन अलग-अलग बयान आ रहे हैं। इससे बाजारों में भी उठा-पटक जारी है। एक दिन शेयर बाजार चढ़ता है, अगले दिन फिसल जाता है और फिर अगले दिन चढ़ जाता है। घरेलू स्तर पर अप्रैल माह के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। इससे भी निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। दिग्गज कंपनियों में ओएनजीसी और इंडिगो के 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। पिछले सप्ताह बीएसई के सेंसेक्स में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को तेजी




रही जबकि मंगलवार और गुरुवार गिरावट रही। सेंसेक्स 177.36 अंक (0.24 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 75.80 अंक यानी 0.32 प्रतिशत ऊपर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.19 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.41 प्रतिशत चढ़ा। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 5.01 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। ट्रेंट का शेयर 4.74 फीसदी, टेक महिंद्रा का 3.76, एक्सिस बैंक का 3.25, इंडिगो का 2.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.74, टीसीएस का 2.36 और बजाज फिनसर्व का 2.20 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.62 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.37 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.28 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और इटरनल के शेयर भी ऊपर रहे। पावर ग्रिड का शेयर 3.76 प्रतिशत, टाटा स्टील का 3.51, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.04, आईटीसी का 2.50 और टाइटन का 2.10 प्रतिशत गिर गया। सनफार्मा में 1.85 प्रतिशत, मारुति सुजुकी में 1.80, भारती एयरटेल में 1.74, बीईएल में 1.66 प्रतिशत, एनटीपीसी में 1.65, भारतीय स्टेट बैंक में 1.44, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.30 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी साप्ताहिक नुकसान में रहे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 74,111 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 74,111.57 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 177.36 अंक या 0.23 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 24,696.89 करोड़ रुपये बढ़कर 18,33,117.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,338.68 करोड़ रुपये बढ़कर 8,38,401.33 करोड़ रुपये रहा, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 14,515.93 करोड़ रुपये बढ़कर 9,06,901.32 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 9,076.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,14,443.69 करोड़ रुपये रहा। वहीं बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,797.83 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,70,515.57 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो की 2,685.87 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,40,228.21 करोड़ रुपये रही। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 20,229.67 करोड़ रुपये घटकर 11,40,296.49 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 16,212.18 करोड़ रुपये घटकर 5,17,380 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,784.4 करोड़ रुपये घटकर 8,76,077.92 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 2,094.35 करोड़ रुपये की कमी के साथ 11,79,974.90 करोड़ रुपये रही। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# राहुल का बयान देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शनः सुधांशु

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करार दिया है।

गौरतलब है कि श्री गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री त्रिवेदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान महज़ राजनीतिक हताशा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह भारत को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन है। जब भी देश ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मज़बूत की है, भारत की अर्थव्यवस्था नयी ऊंचाइयों पर पहुंची है और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को सराहा है, तब-तब भारत-विरोधी अंतरराष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने के अभियान चलाए हैं और कांग्रेस ने हमेशा उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनावों में श्री गांधी की लगातार हार की वजह हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान नाममात्र की रैलियां करना, उसी समय आराम से विदेश यात्राओं पर निकल जाना और बिना किसी मेहनत के चुनाव जीतने के सपने देखना है। भाजपा नेता ने कहा, ''अब, कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आयी है। विदेशी धरती से भारत की संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना, राष्ट्र-विरोधी बातों को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना ये महज़ संयोग नहीं हैं, बल्कि एक सोची-समझी 'टूलकिट पॉलिटिक्स' का हिस्सा हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश के 1.4 अरब लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े हैं। भारत की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस और 'टूलकिट गैंग' की हर साज़िश का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देती रहेगी और 'इंडिया गठबंधन' की भारत को आग में झोंकने की किसी भी साज़िश को कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह को गद्दार कहते हैं, उनका असली चेहरा अब हर भारतीय के सामने बेनकाब हो चुका है।

### मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे हैं राहुलः पात्रा



नयी दिल्ली। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अराजकता के ज़रिए मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रचने का आरोप लगाया है। दरअसल श्री गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री पात्रा ने श्री गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि श्री गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि श्री गांधी अराजकता के ज़रिए सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साज़िश को कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 140 करोड़ देशवासियों का अटूट विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त है। यह सरकार इसी तरह लोगों की सेवा करती रहेगी और राष्ट्रहित में काम करती रहेगी।

# ट्विशा शर्मा मौत मामला : 12 दिन बाद हुआ अंतिम संस्कार

## दिल्ली एम्स की टीम ने तीन घंटे में किया दोबारा पोस्टमॉर्टम

एजेंसी

भोपाल। अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को बेहद गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर ट्विशा के भाई मेजर हर्षित ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा और विदाई के दौरान मृतका की मां और पूरा परिवार फूट-फूटकर रो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद परिजनों और करीबियों की आंखें नम थीं और लोग एक-दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए।

अंतिम संस्कार से पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स से आई 4 सदस्यीय विशेष डॉक्टरों की टीम ने भोपाल एम्स में ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भारी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती के बीच यह पूरी फॉरेंसिक प्रक्रिया करीब 3 घंटे तक चली। दोबारा पोस्टमॉर्टम की



प्रक्रिया संपन्न करने के बाद दिल्ली एम्स की टीम वापस रवाना हो गई। डॉक्टरों की यह टीम अपनी विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफ़े में सीधे अदालत और संबंधित जांच एजेंसी को सौंपेगी।

गौरतलब है कि ट्विशा शर्मा की 12 मई की रात यहां के कटारा हिल्स स्थित उनके ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जहां एक ओर ससुराल पक्ष इसे लगातार आत्महत्या बता रहा है वहीं मायके पक्ष का सीधा आरोप है कि ट्विशा की दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या की गई है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में सोमवार का दिन कानूनी तौर पर बेहद अहम होने वाला है। उच्चतम न्यायालय इस मामले को लेकर सुनवाई करेगा। वहीं, भोपाल जिला अदालत में ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत को निरस्त करने के लिए मायके पक्ष द्वारा दायर आवेदन पर भी सोमवार को ही सुनवाई होनी है। मामले का मुख्य आरोपित और ट्विशा का पति समर्थ सिंह फिलहाल भोपाल पुलिस की 7 दिनों की रिमांड पर है। शनिवार को पेशी के दौरान अदालत ने उसका पासपोर्ट भी जब्त करने के सख्त आदेश दिए थे, ताकि वह देश से बाहर न भाग सके। फिलहाल पुलिस रिमांड के दौरान समर्थ से घटना की रात के घटनाक्रम और उसके बयानों की सत्यता को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति के बाद इस पूरे मामले की कमान जल्द ही सीबीआई के हाथों में सौंपने की प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

# सीबीएसई भुगतान प्रणाली में सुधार के लिए आगे आए चार सरकारी बैंकः धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सीबीएसई को भुगतान गेटवे प्रणाली में व्यापक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीबीएसई की परीक्षा परिणाम और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान छात्रों को आ रही तकनीकी और भुगतान संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से चर्चा की। इसके बाद सीबीएसई की भुगतान प्रणाली को मजबूत करने के लिए चार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सहायता लेने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और इंडियन बैंक सीबीएसई के पोस्ट परीक्षा सेवा पोर्टल के साथ भुगतान गेटवे प्रणाली को मजबूत करने और आवश्यक तकनीकी एकीकरण में सहयोग करेंगे। ये बैंक सीबीएसई को मजबूत भुगतान प्रोटोकॉल विकसित करने में सहायता करेंगे, जिससे समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही भुगतान संबंधी गड़बड़ियों को दूर करने और अतिरिक्त भुगतान होने की स्थिति में स्वतः धनवापसी की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार वित्त मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के समन्वित प्रयास से डिजिटल लेनदेन को सुगम बनाने, भुगतान प्रणाली की स्थिरता बढ़ाने और पुनर्मूल्यांकन सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने वाले छात्रों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### सीबीएसई पोर्टल की तकनीकी दिक्कतें दूर करने के लिए आईआईटी विशेषज्ञों की टीम तैनात होगी

नई दिल्ली । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा परिणाम के बाद पुनर्मूल्यांकन सेवाओं से जुड़े पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों की टीम तैनात करने के निर्देश दिए हैं।
केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय छात्रों और अभिभावकों की ओर से सीबीएसई के पोस्ट रिजल्ट सर्विस पोर्टल को लेकर जताई गई चिंताओं और तकनीकी चुनौतियों की शिकायतों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि आईआईटी के प्रोफ़ेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इस वर्ष पुनर्मूल्यांकन सेवाओं की घोषणा के बाद सामने आई सभी तकनीकी गड़बड़ियों की जांच करेगी। टीम प्रणाली और तकनीकी कार्यप्रवाह में सुधार के लिए आवश्यक उपाय लागू करेगी।

# वनवासी सांस्कृतिक शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़

## दिल्ली में दिखी भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक समरसता की झलक

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को देश के विभिन्न राज्यों से आये एक लाख से अधिक वनवासी समाज के लोग दिल्ली पहुंचे और अपनी पारंपरिक संस्कृति, वेशभूषा, लोक नृत्य, संगीत तथा गौरवशाली विरासत का भव्य प्रदर्शन करते हुए पाँच विशाल सांस्कृतिक शोभा यात्राओं में शामिल हुए। पहली बार वन क्षेत्रों से निकले इन लोगों से भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक समरसता की मनमोहक झलक देखने को मिली।

इस मौके पर आज अजमेरी गेट चौक से लालकिले तक वनवासियों की एक शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसने पुरानी दिल्ली क्षेत्र को भारतीय लोक संस्कृति, परंपराओं और उत्सव की जीवंत झलक से सराबोर कर दिया।पारंपरिक वेशभूषा में सजे वनवासी बंधुओं के समूह आकर्षण का



स्वागत करने के लिए स्थानीय लोगों की ओर से दिल्ली के लोगों द्वारा आयोजित किए गए ढोल-नगाड़ों की गूंज, शहनाई की मधुर धुन, लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां और बैंड-बाजों की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

अजमेरी गेट चौक से शुरू हुई इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा को सांसद प्रवीन खंडेलवाल तथा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर दिल्ली के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यात्रा अजमेरी गेट चौक से बाजार अजमेरी गेट, हौज काजी, चावड़ी बाजार,नई सड़क, घंटा घर तथा चांदनी चौक मुख्य बाज़ार से होते हुए ऐतिहासिक लाल किले तक पहुंची। यात्रा मार्ग पर लगभग 70 से अधिक स्थानों पर कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी संगठनों सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने वनवासी बंधुओं का पुष्प वर्षा कर भावभीना स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने खड़े होकर तालियों के साथ इस सांस्कृतिक महासंगम का अभिनंदन किया तथा वनवासियों के स्वागत में पानी से लेकर सॉफ्ट ड्रिंक्स, फलों से लेकर खाद्य वस्तुओं तक के स्टॉल जगह- जगह लगाये गये थे। शोभा यात्रा में वनवासी समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक शोभा यात्रा नहीं, बल्कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की सांस्कृतिक भावना का विराट उत्सव बनकर उभरा, जिसमें भारत की विविधता, परंपरा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का अनुपम दर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर आज जो दृश्य दिखाई दिया, वह भारतीय संस्कृति के गौरव, वनवासी समाज की समृद्ध परंपराओं और राष्ट्रीय एकात्मता का ऐसा जीवंत उदाहरण था, जो आने वाले वर्षों तक लोगों की स्मृतियों में अंकित रहेगा। दृश्यात्मक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक माना जा रहा है।

# पेज एक का शेष

### अमेरिका-ईरान 60 दिन...

का रूप लेगा, जिसके तहत ईरान को सुरक्षित समुद्री मार्गों को बहाल करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में बिछाई गई नौसैनिक बारूदी सुरंगों को हटाना होगा। इसके बदले में, अमेरिका बंदरगाहों पर लगी पाबंदियों को हटा लेगा और ईरान के तेल निर्यात को फिर से शुरू करने की अनुमति देने के लिए प्रतिबंधों में छूट देगा। ईरान को तुरंत ही समुद्री टोल वसूलना बंद करना होगा। समझौता ज्ञापन के इस मसौदे में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी कुछ प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं। इनमें परमाणु हथियार न बनाने का वादा, यूरेनियम संवर्धन को निलंबित करने पर बातचीत करना, और अपने पास जमा अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना शामिल है। ईरान ने क्षेत्रीय मध्यस्थों के जरिए मौखिक रूप से यह प्रतिबद्धता जताई है कि वह अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को पूरी तरह से निलंबित करने और अपने पास जमा अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को सौंपने के मुद्दे पर बातचीत करेगा। एक्सियोस के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ईरान की अरबों डॉलर की जब्त की गई संपत्तियां और प्रतिबंधों में मिलने वाली स्थायी छूट, अभी भी रोककर रखी जाएंगी। इन्हें तभी जारी किया जाएगा, जब अंतिम और स्थायी संधि हो जाएगी। एमओयू के मसौदे में स्पष्ट रूप से लेबनान में इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के प्रावधान शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट रूप से इस बात की गारंटी दी है कि यदि हिज्बुल्लाह दोबारा हथियार जुटाने या सीमा पर नए सिरे से घुसपैठ की कोशिश करता है, तो इजरायल के पास जवाबी हमले करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। क्षेत्रीय समन्वय के प्रयासों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मिस्र, तुर्की और पाकिस्तान शामिल थे। इन चर्चाओं में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभाई। हालांकि, अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता अभी भी अधूरा है और इस पर अंतिम दौर की बातचीत होना अभी बाकी है। व्हाइट हाउस का लक्ष्य है कि शेष मतभेदों को कुछ ही दिनों के भीतर सुलझा लिया जाए।

### व्हाइट हाउस पर...

उसकी मृत्यु हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे संदिग्ध की गोली लगी या जवाबी गोलीबारी के दौरान वह घायल हुआ। घटना में सीक्रेट सर्विस का कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे और सुरक्षित रहे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को घटना की जानकारी दे दी गयी है। कानून विभाग के अधिकारियों के अनुसार घायल राहगीर की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज के एक महीने से भी कम समय बाद हुई है, जब गोली चलने की आवाज सुनकर पत्रकारों और ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को सुरक्षा के लिए टेबलों की आड़ लेनी पड़ी थी। श्री ट्रंप ने रविवार तड़के ट्रुथ सोशल पर जारी एक पोस्ट में सीक्रेट सर्विस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह घटना भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए वॉशिंगटन में और अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर की आवश्यकता को दर्शाती है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मारे गये संदिग्ध की पहचान 21 वर्षीय नासिरे बेस्ट के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि उसका पहले भी सीक्रेट सर्विस से सामना हो चुका था। सूत्रों के अनुसार, जून 2025 में उसने व्हाइट हाउस के प्रवेश मार्ग को अवरुद्ध कर दिया था, और स्वयं को 'ईश्वर' बताया था। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए साइकेट्रिक इंस्टीट्यूट ऑफ वॉशिंगटन भेजा गया था। जुलाई 2025 में भी उसे व्हाइट हाउस परिसर के एक मार्ग में प्रवेश करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में अदालत ने उसे व्हाइट हाउस परिसर से दूर रहने का आदेश दिया था। जांच के दौरान अधिकारियों को उसके सोशल मीडिया पोस्ट भी मिले थे, जिनमें उसने स्वयं को 'असल ओसामा बिन लादेन' बताया था तथा श्री ट्रंप को नुकसान पहुंचाने की इच्छा जाहिर की थी। कानून प्रवर्तन अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले उसे कभी हिंसक व्यवहार करते या हथियार का इस्तेमाल करते नहीं देखा गया था।

### भारत की कीमत...

इसका उद्देश्य विशेष रूप से भारत को लक्षित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो बदलाव अभी हो रहे हैं, या हमारी आव्रजन प्रणाली का आधुनिकीकरण भारत केंद्रीत नहीं है। यह वैश्विक है, इसे पूरी दुनिया में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में अमेरिका को प्रवासन संकट का सामना करना पड़ा है, जिसमें दो करोड़ से अधिक लोग अवैध रूप से देश में प्रवेश कर चुके हैं। रूबियो ने कहा कि एक देश के रूप में आप जो कुछ भी करते हैं, वह आपके राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और इसमें आपकी आव्रजन नीति भी शामिल है। ईरान से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि होर्मुज जलमार्ग को लेकर दुनिया को जल्दी ही एक अच्छी खबर मिल सकती है। रूबियो ने कहा कि अमेरिकी कंपनिया भारत में रक्षा उत्पादन बढ़ाने की इच्छुक हैं, क्योंकि भारत के पास कुशल कार्यबल है। क्वाड को लेकर उन्होंने कहा कि इसकी बैठक स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में होगी।

### अमेरिका अपने हितों ...

इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बारे में उन्होंने कहा कि भारत की प्राथमिकता विश्वसनीय , बड़े और सस्ते स्रोत से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ''जहाँ तक ऊर्जा के मुद्दों का संबंध है, हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास अनेक स्रोत हों, बड़े स्रोत हों, भरोसेमंद स्रोत हों और सस्ते स्रोत हों। इस दृष्टि से अमेरिका कई मायनों में उपयुक्त है। कुछ अन्य देश भी ऐसे हैं। इसलिए हम आपूर्ति के अनेक स्रोतों में विविधता बनाए रखना जारी रखेंगे और सबसे उचित लागत पर उन्हें बनाए रखेंगे, क्योंकि अंततः हमारे लोगों को सस्ती और सुलभ दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है...''उन्होंने कहा कि भारत उन बहुत कम देशों में से एक है जिसके अमेरिका, इज़रायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ बहुत अच्छे और मजबूत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों में हमारे वास्तविक हित जुड़े होने से ,'' हमारे लिए इस स्थिति में चुनौती यह है कि इन सभी संबंधों को कैसे बनाए रखें, अपनी हिस्सेदारी की रक्षा कैसे करें और अपने हितों को कैसे आगे बढ़ाएँ।'' होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधा के संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के पक्षधर हैं । हमारा यह भी मानना है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें कम बनी रहें और ऊर्जा के स्रोत अधिक उपलब्ध हों। उन्होंने कहा,'' हम इस क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के बहुत पक्षधर हैं। हम वास्तव में वहाँ बाज़ारों को खुला देखना चाहते हैं। हम किसी प्रकार की बाधाएँ नहीं देखना चाहते। इसलिए ये वे सिद्धांत हैं जिनके आधार पर हम उस क्षेत्र के प्रति अपना दृष्टिकोण रखते हैं। आतंकवाद को साझा चुनौती बताते हुए श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के साझा हित हैं, लेकिन वे साझा चुनौतियों का भी सामना करते हैं। उनमें आतंकवाद प्रमुख है। उन्होंने कहा ,'' इस संबंध में हमारी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। यह शून्य सहिष्णुता की नीति है। हम इस क्षेत्र में हमारे दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों के बीच मजबूत सहयोग की सराहना करते हैं। मैं विशेष रूप से पिछले वर्ष अमेरिका से भारत को 26/11 मुंबई हमलों के एक प्रमुख साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण की सराहना करता हूं। उन्होंने श्री रूबियो के समक्ष अमेरिका की नयी वीजा नीति का भी मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा ,''लोगों के बीच संबंध हमारे रिश्ते के केंद्र में हैं। मैंने विदेश मंत्री रुबियो को वीज़ा जारी करने के संबंध में वैध यात्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। जबकि हम अवैध और अनियमित आवागमन से निपटने के लिए सहयोग कर रहे हैं, हमारी अपेक्षा है कि इसका प्रभाव वैध आवागमन पर प्रतिकूल रूप से नहीं पड़ना चाहिए। आखिरकार, यह हमारे व्यापार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान सहयोग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। श्री रूबियो ने भी पिछले कुछ महीनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में आई खटास से संबंधित सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका-भारत संबंधों की गति में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यह सवाल केवल भारत ही नहीं अन्य देशों के संदर्भ में भी पूछा जा रहा है और यह स्थिति व्यापार से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि दूसरे देशों के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा असंतुलन पैदा हो गया है और इसे दूर करने के लिए उन्होंने सभी देशों के साथ व्यापार का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा ,'' हम भारत के साथ बहुत अधिक व्यापार करते हैं, इसलिए स्पष्ट रूप से इस आकार और क्षमता वाले देश के साथ व्यापार को संतुलित करना और आपकी अर्थव्यवस्था के उत्पादक साधनों के साथ तालमेल बैठाना, किसी छोटे देश की तुलना में अलग है। उन्होंने कहा ,'' इस पुनर्संतुलन के माध्यम से हम अंततः ऐसे व्यापारिक समझौतों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि हम पहुँचेंगे, जो अमेरिका के लिए अच्छे होंगे, लेकिन हमारे व्यापारिक साझेदारों के लिए भी लाभकारी होंगे। हमें उम्मीद है कि उनमें से एक भारत होगा। वास्तव में, हम इसे संभव बनाने के बहुत करीब हैं। हमें आशा है कि हमारे व्यापार प्रतिनिधि बहुत जल्द यहाँ आ सकते हैं। मेरा मानना है कि पिछले सप्ताह या उससे पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल मेरिका में था। हमने जबरदस्त प्रगति की है और मुझे लगता है कि अंततः अमेरिका और भारत के बीच एक ऐसा व्यापार समझौता होगा जो दीर्घकालिक होगा, दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा और इस तरह टिकाऊ होगा कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों से भी ध्यान देगा । ईरान के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ईरान के साथ संघर्ष के संदर्भ में जल्दी ही कुछ अच्छा होने संभावना होने की संभावना है । उन्होंने कहा कि इस बारे में बातचीत में प्रगति हो रही है और जल्द अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में और ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे।

### आगामी यूपी विधानसभा...

खासकर सत्ताधारी पार्टी व सरकारें वादों आदि की खानापूर्ति करने तथा अन्य प्रकारों की अभूतपूर्व तरीके से चुनाव प्रभावित करने में सफल हो जाते हैं। इसके बाद वो लोग जन हितैषी गवरनेंस की बजाय ज्यादातर ध्यान भटकाने वाले कार्यकलापों के कारण फिर जनता अपने आपकों काफी ठगा हुआ महसूस करने लगती है, किंतु उसका क्या लाभ जब चिड़िया चुग गई खेत। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टियां चुनाव के समय जनहितैषी और जनकल्याणकारी होने का ढिंढोरा पीटती है और उससे धन लुटाती है। चुनाव खत्म होने के बाद अपने वादों, घोषाणाओं अन्य दावों आदि के प्रति उदासीनता और लापरवाह क्यों हो जाती है। यही कारण है कि इन पार्टियों की छलावापूर्ण एवं विभाजनकारी राजनीति से देश व जनहित का सही से भला नहीं हो पा रहा है। उनका जीवन लगातार लाचार और मजबूर बना हुआ है। मायावती ने कहा कि चुनाव के बाद महंगाई, बेरोजगारी,नये–नये नियम और कानून आदि के जरिए हर प्रकार के तनाव समेत उनके जीवन के जंजाल को और भी बढ़ा दिया जाता है। जिससे आज करोड़ों की जनता को इज्जत और सम्मान के साथ जीना मुश्किल हो गया है।

### सैन्य क्षमता के विकास...

की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने उपकरणों की सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए 'डिजाइन से डिलीवरी' तक की प्रक्रिया को अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि पेशेवर दक्षता जरूरी है ताकि विमान और प्रणालियां सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं पर खरी उतर सकें। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सटीकता और उत्कृष्टता के मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने स्नातक की उपाधि हासिल करने वाले अधिकारियों को निरंतर लगन से मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। वायुसेना प्रमुख 17वें उड़ान परीक्षण पाठ्यक्रम के पूर्व छात्र हैं।

### फलता सीट एक...

को 1,49,666 वोट मिले, जबकि सीपीआई (एम) के शंभू नाथ कुर्मी 40,645 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कंग्रेस उम्मीदवार अब्दुर रज्जाक मोल्ला 10,084 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, जहांगीर खान को 7,783 वोट मिले।

### 54 जिलों में ...

फिलहाल उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

10 जिलों में रेड अलर्ट : बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर एवं आसपास के क्षेत्र।

23 जिलों में ऑरेंज अलर्ट : सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्र।

21 जिलों में येलो अलर्ट : आजमगढ़, मऊ, बलिया, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज एवं आसपास के क्षेत्र।

24 जिलों में आंधी-बारिश, बिजली का अलर्ट : सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल एवं आसपास के क्षेत्र।

### गांव हो या नगर, निर्बाध...

यह संख्या घटकर 87 रह गई। बैठक में यह भी बताया गया कि 100 केवीए से अधिक क्षमता वाले वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षति दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2022-23 में जहां 39,177 बड़े ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 20,292 रह गई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा तंत्र की व्यापक स्थापना, समयबद्ध मरम्मत और जवाबदेही तय किए जाने से यह सुधार संभव हुआ है। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अप्रैल और मई माह में पिछले वर्ष की तुलना में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके कारण प्रदेश में बिजली मांग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 15 अप्रैल से 22 मई के बीच औसत डिमांड मेट 501 मिलियन यूनिट प्रतिदिन से बढ़कर 561 मिलियन यूनिट प्रतिदिन हो गया, जबकि पीक डिमांड मेट 29 हजार 831 मेगावाट से बढ़कर 30 हजार 339 मेगावाट तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32 हजार 305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं, जिनमें पिछले तीन वर्षों में लगभग 62 प्रतिशत क्षमता जोड़ी गई है। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10 हजार 719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक तकनीक आधारित तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि नवंबर 2025 से नई एकीकृत 1912 कॉल सेंटर व्यवस्था लागू की गई है। लखनऊ और नोएडा केंद्रों से कॉल लोड बैलेंसिंग के साथ व्यवस्था संचालित हो रही है। नई प्रणाली के तहत कॉल हैंडलिंग क्षमता बढ़ाकर 75 हजार से 90 हजार प्रतिदिन कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के माननीय मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत को हेल्पलाइन कॉल सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्था की पड़ताल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आमजन को समयबद्ध और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# सनातन संस्कृति और सेवा भावना का केंद्र बनेगी आनंद धर्मशाला : धामी

■ मुख्यमंत्री धामी ने नव निर्मित आनंद धर्मशाला ट्रस्ट का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा निर्मित नई धर्मशाला का रविवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षत्रिय कलौता समाज ने अपने परिश्रम, साहस और संस्कारों के बल पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि खेती, व्यापार, शिक्षा, समाज सेवा और देश की सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में समाज के लोगों ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और अन्य सुरक्षा बलों में सेवाएं देकर समाज के वीर सपूत राष्ट्र की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने श्री आनंद धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा धार्मिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण और मानव कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह धर्मशाला सेवा, समर्पण और परोपकार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार भारत की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का प्रवेश द्वार है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु माँ गंगा की गोद में आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण पुण्य और सराहनीय कार्य है, जो आगामी कुंभ और चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ को भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि घाटों के पुनरुद्धार, सड़क व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात और मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि हर श्रद्धालु को सुव्यवस्थित और सुरक्षित अनुभव मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को मिली वैश्विक पहचान का उल्लेख करते हुए काशी विश्वनाथ कोरिडोर, केदारनाथ-बद्रीनाथ मंदिर सहित कई धार्मिक परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में केदारखंड एवं मानसखंड क्षेत्रों के प्राचीन मंदिरों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, सनातन मूल्यों और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू किए जाने को सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम में हरिचेतनानंद महाराज, मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विनय रोहिला, विशाल पटेल, संतोष पटेल, आशाराम सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भूल्लर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए ट्रस्टी और श्रद्धालु मौजूद रहे।


## मुख्यमंत्री ने वर्षों बाद बिजली कनेक्शन पाने वाले 36 परिवारों से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज हर्ष विहार ए-3 के वर्षों बाद बिजली कनेक्शन पाने वाले 36 परिवारों के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कि इन 36 परिवारों ने बिजली कनेक्शन के लिए वर्षों तक इंतजार किया है, और आज उनके चेहरों पर दिख रहा सुकून इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील प्रयास लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने कहा आज परिवारों के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि हमारी सरकार दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जन सुनवाई के दौरान जब इन परिवारों ने मेरे समक्ष यह विषय रखा कि 2018 से वो बिजली कनेक्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए।

## तेज आंधी तूफान ने मचाई भारी तबाही, कई स्थानों पर पेड़ उखड़े, बिजली सेवा बाधित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। अररिया जिला में बीती रात आई तेज आंधी और तूफान के साथ मूसलाधार बारिश के कारण जिले भर में भारी तबाही मची है। एनएच 27 और एनएच 327 ई सहित स्टेट हाइवे और अन्य ग्रामीण इलाकों में दर्जनों स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। जिससे यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अररिया नगर, भरगामा और फारबिसगंज के मुख्य बाजार सदर रोड में पेड़ गिर जाने के कारण लाखों करोड़ों का नुकसान हुआ है। फारबिसगंज सदर रोड में रेलवे स्टेशन चौक के पास स्थित विशाल पीपल का पेड़ तेज हवा में गिर गया। जिसके चपेट में चार दुकानें आ गई है चारों दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं सड़क के किनारे खड़े करीबन पांच बाइक भी पेड़ के चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गए। फारबिसगंज सदर रोड स्टेशन चौक के पास एक होटल पर ही विशाल पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया। इस आंधी तूफान के कारण पेड़ गिरने से सदर रोड पर आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया। हालांकि फारबिसगंज नगर परिषद के कर्मी रात से ही गिरे पेड़ की टहनियों को काटकर रास्ता साफ करने की कवायद में लगे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी बिजली सेवा के शीघ्र बहाली को लेकर रात से जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त करने में लगे हैं। तेज आंधी तूफान में दर्जनों कच्चे घरों के छत वाली शेड तेज हवा में उड़ गया। जिसके कारण ग्रामीण इलाकों के लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। वहीं जगह जगह पेड़ गिरने और बिजली के तार के क्षतिग्रस्त होने के कारण शहरी समेत ग्रामीण इलाकों में भी बिजली आपूर्ति सेवा बाधित है। तेज आंधी तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण किसानों को भी भारी क्षति हुई है। तैयार मक्का का फसल मूसलाधार बारिश पूरी तरह से भींग गया है। जिससे किसानों को लाखों करोड़ों रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खेत में तैयार हो चुके मक्के के फसल पौधे गिरकर जमींदोज हो गए हैं। वहीं थ्रेसिंग किया हुआ फसल पानी में भींगकर बर्बाद हो गया है। कुल मिलाकर रात में हुई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश जिलेवासियों के लिए कहर बनकर आई।

## हरा गमछा हो या नीला गमछा, इस तरह की बातें मुख्यमंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देतीं : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर तंज कसते हुए कहा कि ल्हरा गमछा हो या नीला गमछाङ्क, इस तरह की बातें मुख्यमंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देतीं। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस तरह के बयान सरकार की मानसिकता को दर्शाते हैं और यह दिखाता है कि सत्ता में बैठे लोगों के अंदर कितनी नफरत भरी हुई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लोगों को जाति, रंग और पहचान के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। लेकिन बिहार की जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। राज्य की जनता विकास, रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों पर जवाब चाहती है, लेकिन सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी हुई है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एनडीएमसी ने चलाया पौधारोपण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कहा कि यह केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं बल्कि भावनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ा जन आंदोलन है। पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव रखने जैसा है और यह मां तथा प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम भी है।

एनडीएमसी उपाध्यक्ष चहल ने रविवार को जोरबाग स्थित एनडीएमसी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स 'अमृत काल निवास' में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, आरडब्ल्यूए सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए। चहल ने कहा कि एनडीएमसी ने बिना किसी रविवार का अंतराल किए लगातार 25 सप्ताह तक इस अभियान को जारी रखा है। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक कार्यक्रमों के अलावा एनडीएमसी विभिन्न विश्वविद्यालयों, दूतावासों और अन्य संस्थानों के सहयोग से भी पौधारोपण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से नई दिल्ली को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा रहा है। चहल ने कहा कि एनडीएमसी ने पूरे वर्ष के लिए ग्रीन कैलेंडर तैयार किया है, जिसके तहत नई दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्येक रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्यान, स्वास्थ्य, सिविल, स्वच्छता, सड़क, जल आपूर्ति, ड्रेनेज और विद्युत विभाग संयुक्त रूप से लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनडीएमसी विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

## अमृतसर में गोली लगने से तीन साल के बच्चे की मौत, दादी घायल

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर स्थित छेहरटा क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए हादसे में गोली लगने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी दादी घायल हो गई। पुलिस के अनुसार छेहरटा क्षेत्र निवासी साजन बच्चों को स्कूल में पीटीएम के लिए गया था। उसके पास लाइसेंसी पिस्तौल भी थी। घर लौटने के बाद उसने कपड़े बदलते समय लोडेड पिस्तौल बेड पर रख दी। इसी दौरान खेलते-खेलते तीन साल के मासूम वंश ने पिस्तौल उठा ली और अचानक ट्रिगर दब गया। गोली बच्चे के आर-पार निकल गई और पास खड़ी उसकी दादी को भी जा लगी। परिजन तुरंत बच्चे और घायल महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने वंश को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि वंश जुड़वा भाई था और उसकी अचानक मौत से परिवार पूरी तरह टूट चुका है। सूचना मिलने पर पंजाब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना छेहरटा के एसएचओ बलविंदर सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला लापरवाही के कारण हुई दुर्घटना का लग रहा है।

## मजीठा में ड्यूटी पर जा रहे एएसआई जोगा सिंह की गोली मारकर हत्या

■ बाइक सवार हमलावरों ने मारी दो गोलियां, पुलिस सभी एंगल से कर रही जांच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। अमृतसर के मजीठा इलाके में रविवार सुबह पंजाब पुलिस के एक एएसआई की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ट्रैफिक पुलिस में तैनात एएसआई जोगा सिंह की हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एएसआई जोगा सिंह सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी के लिए अमृतसर जा रहे थे। इसी दौरान गांव हमजा के पास बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने एएसआई को दो गोलियां मारीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी ही देर में उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अमृतसर ग्रामीण पुलिस के एसएसपी सोहेल मीर, डीएसपी कमलमीत सिंह और थाना मजीठा के एसएचओ करमपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए। पुलिस को मौके से गोलियों के खोल भी बरामद हुए हैं। अमृतसर ग्रामीण पुलिस के एसएसपी सोहेल मीर के अनुसार घटना के पीछे के सही कारणों का अभी पता लगाया जा रहा है। पुलिस हर संभावित एंगल से जांच कर रही है। एसएसपी ने बताया कि व्यक्तिगत रंजिश, टारगेट किलिंग और रोड रेज समेत सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

### कोशी नदी के कटाव प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

सुपौल। जिले के गोपालपुर सिरे पंचायत स्थित मेरिचा गांव में कोशी नदी के बढ़ते कटाव को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। पंचायत जदयू अध्यक्ष महबूब आलम के आग्रह तथा बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव के निर्देश पर शनिवार को जिलाधिकारी सावन कुमार ने कटाव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनता दल यूनाइटेड के जिला महासचिव ओम प्रकाश यादव एवं सचिव राज कुमार साह भी मौजूद रहे। अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए जिला पदाधिकारी ने कोशी नदी से हो रहे कटाव पर चिंता जताई और संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कपूरथला जेल में भिड़े कैदी, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर स्थिति संभाली

**चंडीगढ़।** पंजाब के कपूरथला की केंद्रीय जेल में बैरक बदलने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शनिवार की देर रात यहां कैदियों के दो गुटों में शुरू हुई झड़प रातभर चलती रही। कुछ घंटे तक कैदियों ने पूरी जेल को अपने कब्जे में रखा और भीतर से वीडियो जारी कर रहे। झगड़े के दौरान जेल में दहशत फैलाने के लिए कई स्थानों पर आग भी लगाई गई। रविवार अल सुबह तक सभी कैदियों को बैरकों में बंद करके स्थिति को नियंत्रित किया गया। जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला ने कहा कि कपूरथला जेल की बैरक नंबर चार में बीती रात कैदियों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। करीब 100 से 150 कैदी अपनी बैरकों से बाहर आ गए। उन्होंने हंगामा किया और बैरक नंबर 4 में आग लगा दी। यह झगड़ा इतना बढ़ा कि कैदियों ने वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को खदेड़ दिया और एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। कुछ कैदियों ने जेल में पड़े कचरे के ढेरों को आग लगानी शुरू कर दी। कुछ कैदी मशाल लेकर जेल की छत पर चढ़ गए और वीडियो बनाकर वायरल करने लगे। यहां की बैरक नंबर चार को भी आग के हवाले कर दिया गया। डीआईजी सिंगला ने कहा कि जेल प्रबंधन से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कैदियों को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग भी की। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। फिलहाल जेल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कैदियों को वापस उनकी बैरकों में भेजने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े गए। अब स्थिति काबू में है। इस घटना के बाद कपूरथला की एसडीएम इरविन कौर तथा एसएसपी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एक कैदी को आंसू गैस का गोला लगने से चोट आई है और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि जेल का कोई भी कैदी भाग नहीं पाया है और वे सभी जेल के अंदर ही हैं। यह घटना पूरी जेल में नहीं, बल्कि एक ब्लाक में हुई है। कपूरथला जेल में 10 से 12 ब्लॉक हैं और करीब 4,000 कैदी हैं। जेल परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर की संडे ऑन साइकिल रैली, 250 से अधिक जवान शामिल हुए

**जालंधर।** बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय, जालंधर में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान के 75वें संस्करण के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। बीएसएफ के हीरक जयंती समारोह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। रैली की शुरुआत अश्विनी स्टेडियम से हुई, जिसमें 250 से अधिक बीएसएफ अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, महानिरीक्षक बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और फिटनेस को जीवन का अहम हिस्सा बनाने पर जोर दिया। रैली जालंधर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी और अंत में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम ने फिट इंडिया अभियान के संदेश को मजबूती दी और प्रतिभागियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### दिल्ली के शिक्षा मंत्री सूद ने फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 75वें संस्करण में भाग लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 75वें संस्करण में भाग लिया। मंत्री आशीष सूद ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि फिट इंडिया अभियान और 'संडे ऑन साइकिल' भारत सरकार की एक अनूठी पहल है। मंत्री सूद ने कहा कि यह पहल फिटनेस, लाइफस्टाइल और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रमंडल खेल 2030 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने स्वस्थ और ऊर्जावान भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### दिल्ली से करोड़ों की चोरी करने में दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार, लाखों का सामान बरामद

**काठमांडू।** भारत की राजधानी नई दिल्ली में हुई चोरी की घटना में दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हीरा, मोती, सोने-चांदी के गहने, विभिन्न कंपनियों की घड़ियां और नकदी समेत करीब 2 करोड़ 10 लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने खप्तड गाउँपालिका निवासी लोकेश धामी और बुढीगंगा नगरपालिका निवासी उपेन्द्र रावत को गिरफ्तार किया है। प्रदेश प्रहरी कार्यालय धनगढी और जिल्ला प्रहरी कार्यालय कैलाली की संयुक्त टीम ने लंबे समय तक जांच के बाद यह गिरफ्तारियां कीं और रविवार को सार्वजनिक किया।चोरी में शामिल साँफ़ेबगर निवासी अर्जुन सुनार फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। प्रदेश प्रहरी कार्यालय धनगढी के प्रमुख पुलिस नायब महानिरीक्षक (डीआईजी) ओम बहादुर राना के अनुसार पकड़े गए आरोपित काम की तलाश में दिल्ली पहुंचे थे। घरेलू कामगार के रूप में काम करने के दौरान उन्होंने राजेन्द्र नगर निवासी संजय कुमार मखीजा के घर में २५ मार्च को चोरी की थी और फिर नेपाल लौट आए।

## बिहार हरित जलवायु कोष का गठन एक दूरदर्शी पहल है: विजय कुमार चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बिहार सहित पूरे देश में लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा 'बिहार हरित जलवायु कोष' का गठन एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस कोष के अंतर्गत विभिन्न स्रोतों से राशि एकत्र की जाएगी। इसमें स्वैच्छिक अंशदान, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्राप्त अनुदान, विभिन्न कार्य विभागों के अनुबंधों पर 0.25 प्रतिशत, खान रॉयल्टी पर 0.5 प्रतिशत तथा नए वाहनों के पंजीकरण पर 01 प्रतिशत सेस शामिल होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस निधि का उपयोग राज्य में हरित आवरण बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नीति केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई है, बल्कि इसका उद्देश्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना भी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार शुरू से ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहा है। उन्होंने वर्ष 2019 का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय जुलाई तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण राज्य में भीषण सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस चुनौती को देखते हुए उस वक्त के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान की शुरुआत की थी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। राज्य में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी बढ़ी है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063